हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 29.07.2024 वर्ष 11, अंक 206 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

कभी भी किसी को अपने से कम न समझें।

## क्विक न्यूज

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में दो लोगों की मौत

**हमीरपुर :** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर रविवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। अब तक मरने वाली की संख्या दो हो गई है।जनपद जालौन के उरई निवासी अनस, नसीम, सनी, कल्लू, सैफ अली और रवि चित्रकूट कर्वी स्थित गल्ला मण्डी में मजदूरी करने जा रहे थे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर खन्ना टोल प्लाजा के कुछ आगे उनकी तेज रफ्तार ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरायी और डिवाइडर से टकराने के पलट गई।

### सरायकेला में करंट से दो नाबालिगों की मौत

**सरायकेला :** जिले के खरसावां थाना क्षेत्र के गुटूसाई टोले में करंट लगने से दो नाबालिगों की मौत हो गयी। कुनी बानरा (13) और रुकमिणी सामड़ (12) रविवार दोपहर खेल रही थीं। इसी दौरान दोनों बिजली पोल के पास तार के संपर्क में आ गयीं और झुलस कर बेसुध हो गयीं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पहले खरसावां सीएचसी ले जाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सरायकेला के सदर अस्पताल पहुंचा गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पुलिस को भी इसकी सूचना दी गयी। आमदा ओपी पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजनों से बयान ले रही है।

### हरियाणा में जल्द होंगी 50 हजार पदों पर भर्तियां : हिम्मत

**चंडीगढ़ :** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बताया कि निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ आयोग सभी सरकारी भर्ती प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग कर अभ्यर्थियों को सुविधा प्रदान करा रहा है। शीघ्र ही लगभग 50 हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा।चंडीगढ़ में रविवार को जारी एक बयान में हिम्मत सिंह ने कहा कि 27 जुलाई को 7416 टीजीटी पदों का परिणाम जारी कर दिया है। ज्यों ही सरकार से विभागों में खाली पदों के बारे आयोग को अवगत कराएगी, उसी के हिसाब पदों की भर्ती प्रक्रिया का विज्ञापन प्रकाशित करवा दिया जाएगा। आईटी के उपयोग से अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### चेन्नई : तमिलनाडु में बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या, अन्नामलई ने कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर लगाए आरोप

**चेन्नई :** तमिलनाडु में नेताओं की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य में बसपा नेता आर्मस्ट्रांग की हत्या को लेकर जांच जारी है और लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं। इस बीच शिवगंगई जिले में बीजेपी कार्यकर्ता की हत्या से बवाल मच गया है। शनिवार के बीजेपी कार्यकर्ता को सड़क पर घेरकर अज्ञात लोगों ने मौत के घाट उतार दिया। बीजेपी कार्यकर्ता की मौत के तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष के अन्नामलई ने कानून व्यवस्था को लेकर राज्य की डीएमके सरकार पर निशाना साधा। शिवगंगई के सांसद कार्ति पी चिदंबरम का कहना है कि इस हत्या का कोई राजनीतिक संबंध नहीं था।

### आदिवासी छात्रों की पिटाई पर आयोग गंभीर, मुख्य सचिव और डीजीपी से मांगा जवाब

**रांची :** पाकुड़ में दो दिन पहले आदिवासी हॉस्टल में पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से आदिवासी छात्रों की पिटाई कर दी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य सचिव, डीजीपी, डीसी और एसपी को रविवार को नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन दिनों में विस्तृत जानकारी ईमेल या डाक के जरिये मांगी गई है। इस संबंध में आयोग के उपनिदेशक आरके दुबे ने नोटिस जारी किया है।उल्लेखनीय है कि शराब के नशे में धुत एक पुलिसकर्मी घटना से पूर्व आदिवासी हॉस्टल पहुंचा और उसने एक गायब लड़की के हॉस्टल में होने की बात कही थी। इसके बाद संबंधित पुलिस कर्मी ने 150 पुलिस कर्मियों को बुलाकर आदिवासी छात्रों की बेरहमी से पिटाई की। इस घटना में 11 आदिवासी छात्रों के घायल होने की बात कही गई है।

### यूपी में नेता प्रतिपक्ष बने माता प्रसाद पांडे, सपा की बैठक के बाद लिया गया फैसला

**लखनऊ :** सपा विधायक दल की बैठक में विधान सभा सदस्य माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। अखिलेश यादव ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतर जाएं और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। इनमें किसानों, जातीय गणना और कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दे होंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा में माता प्रसाद पांडे को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना**

## 8 लाख से अधिक बेटियों को मिल रही है सहायता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समाज कल्याण विभाग की एक आदर्श योजना के रूप में देखी जा रही है। इस योजना से 9 लाख किशोरियों को जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। फिलहाल लगभग 8 लाख छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 5 बार में 40000 तक आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है।

**क्या है योजना:** हेमंत सरकार के महिला प्रोत्साहन और उनके शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। हेमंत सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक लगभग 8 लाख किशोरियों को जोड़ा जा चुका है। वर्ष 2022 - 23 में जहां इस योजना के तहत 7,28,332, वर्ष 2023-24 में 7,15,061, वहीं वर्ष 2023-24 में 2,07,296 अब तक आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। सरकार का इस वित्तीय वर्ष में 9 लाख छात्राओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य है।

**बच्चियों को स्वाबलंबी बनाना योजना का मुख्य उद्देश्य:** इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500 हजार, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 की हो जाये और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिया जाते हैं ताकि वो उस पैसे से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण ले कर स्वाबलंबी बन सके।

**कैसे लाभकारी है ये योजना :** हेमंत सरकार ने देखा आठवीं वर्ग से किशोरियों को पढ़ाई करने के लिए कई छोटी-छोटी ज़रूरतें होती हैं, उन जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से यह योजना लायी गई है। अपने खाते में आए इस सरकारी सहायता का लाभ छात्राएं खूब उठा रही हैं। पढ़ाई की छोटी-मोटी जरूरत खाते में आये पैसे से पूरी हो जाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यह सहायता सरकार द्वारा स्कूलों को दिए जा रहे सहायता के अतिरिक्त है।

**योजना का लाभ :** किशोरियां अब विद्यालय नियमित रूप से आने लगी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ की दूर दराज के गांव की किशोरियां अब विद्यालय नियमित रूप से आ रही है। इस योजना के कारण ड्रॉप आउट के मामले काफी कम हुए हैं।

# पेरिस ओलंपिक : मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

**मनु भाकर ने शूटिंग में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला**

**एजेंसी**

**पेरिस :** मनु भाकर ने रविवार 28 जुलाई को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। हरियाणा की 22 साल की इस निशानेबाज ने चेटरौक्स शूटिंग सेंटर में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद इन खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं।

टोक्यो में दिल टूटने के तीन साल बाद भारत की इस सबसे प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक ने अपने सपनों को पूरा किया और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने जबरदस्त वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो खिलाड़ियों ने जीता। ओह ये जिन 243.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

**मनु ने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया**

मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था। यह शूटिंग में भारत का पांचवां पदक है। मनु से पहले चारों एथलीट्स पुरुष थे। वह राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार के क्लब में शामिल हो गईं।



**22 साल की मनू भाकर ने रचा एतिहास**

**एशियाई खेलों की टीम में नहीं थीं मनु**

महज नौ माह पहले तक मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल की भारतीय टीम में भी शामिल नहीं थीं। बीते वर्ष वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में खेलीं, लेकिन इस इवेंट की टीम में नहीं थीं। यह वह इवेंट है जो उनके दिल के सबसे करीब है। एशियाड से पहले मनु भाकर ने पिछले सारे विवादों को भुलाकर कोच जसपाल राणा का हाथ थामा तो इसकी एक वजह 10 मीटर एयर पिस्टल में वापस प्रभुत्व स्थापित करना था। एशियाड के बाद मनु का समर्पण और जसपाल का साथ काम आया। मनु ने न सिर्फ 10 मीटर एयर पिस्टल की ओलंपिक टीम में जगह बनाई बल्कि शनिवार को क्वालिफाइंग दौर में 580 का विश्व स्तरीय स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए इस इवेंट के फाइनल में भी जगह बनाई।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मनु भाकर को बधाई देते हुए कहा, पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत की पदक तालिका खोलने के लिए मनु भाकर को हार्दिक बधाई। वह शूटिंग प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। भारत को मनु भाकर पर गर्व है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, ऐतिहासिक पदक! पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला दिलाने के लिए मनु भाकर को बधाई। यह कांस्य पदक और सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि मनु निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पेरिस ओलंपिक में अपने शानदार खेल से देश के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत को पहला पदक दिलाने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई और जोहार। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर उन्हें बधाई दी है।

### 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी है मनु

मनु 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और 70 से अधिक राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2021 में हुए ओलंपिक में वह सातवें स्थान पर रहीं। 2023 में मनु ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था। वह पेरिस ओलंपिक में 21 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम से कई व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाली एकमात्र एथलीट हैं। हरियाणा के झज्जर में जन्मीं मनु भाकर ने स्कूल के दिनों में टेनिस, स्केटिंग और मुक्केबाजी समेत कई खेलों में हिस्सा लिया।

## संतोष कुमार गंगवार बने झारखंड के राज्यपाल, सीएम ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के नए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे. सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है. संतोष कुमार गंगवार बीजेपी के वरिष्ठ नेता हैं.मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें मंत्री बनाया गया था. उन्हें पहली बार राज्यमंत्री बनाया गया था. उन्हे कपड़ा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली थी.उसके बाद उन्हें वित्त राज्य मंत्री बनाया गया. 2017 तक वो वित्त राज्य मंत्री बने रहे. इसके बाद उन्हें श्रम और रोजगार मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली. जिस पर वो 2021 तक बने रहे.



इसके अलावा संतोष गंगवार ने बीजेपी में संगठन स्तर पर भी कई जिम्मेदारी निभाई.बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, झारखंड समेत कई राज्यों के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल की नई नियुक्ति की है. राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. उनकी जगह गुलाब चंद कटारिया को नियुक्त किया गया है जो फिलहाल असम के राज्यपाल हैं.सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य अब असम के नये राज्यपाल होंगे. उन्हें मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है.इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को एक्स पर लिखा कि झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। झारखंड की महान और वीर भूमि पर आपका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है।

### दिल्ली कोचिंग सेंटर में बाढ़ से हुई मौत मामले में 2 गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली फायर सर्विस के एक अधिकारी ने बताया कि ओल्ड राजिंदर नगर में यूपीएससी कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में नाले के फटने से पानी भर जाने के कारण कथित तौर पर तीन छात्रों की मौत हो गई और कई छात्र फंस गए। 28 जुलाई को छात्रों ने कोचिंग सेंटर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ नारे लगाए, प्रारंभिक जांच के अनुसार इस कोचिंग सेंटर में एक लाइब्रेरी भी है।

## 13 मुख्यमंत्री और 15 उपमुख्यमंत्रियों के साथ पीएम मोदी ने की मैराथन बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं ने शासन के मुद्दों पर लगातार दूसरे दिन रविवार को भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ मेराथन बैठक की. इस दौरान मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में जारी विभिन्न विकास योजनाओं पर प्रस्तुतियां दीं. केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा ने बैठक में हिस्सा लिया.मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को शुरू हुई थी.उन्होंने शनिवार को 'एक्स% पर एक पोस्ट में कहा था, हमारी पार्टी सुशासन को आगे बढ़ाने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर



रही है. भाजपा द्वारा नियमित अंतराल पर आयोजित मुख्यमंत्री परिषद का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना, शासन के सर्वोत्तम तौर-तरीकों और केंद्र सरकार की कल्याणकारी पहल को लागू करना है.बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, राजस्थान के भजनलाल शर्मा और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हुए. मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने भी विचार-विमर्श में हिस्सा लिया.बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों को बीजेपी शाषित राज्य कैसे लागू करें और राद्यों की खास नीतियों का मुख्यमंत्रियों ने प्रस्तुतिकरण दिया.इस बैठक में सबसे खास रहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रस्तुतिकरण.






## संक्षिप्त खबरें

### डिज्नीलैंड मेला को सफल बनाने में जुटे जितेंद्र अग्रवाल व कल्लू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सावन में मेदिनीनगर में डिज्नीलैंड मेला का आयोजन किया जाता है। मेला को सफल बनाने में समाज सेवी जितेंद्र अग्रवाल और कल्लू का अहम भूमिका रहता है।यह दोनों मेला संचालक पवन कुमार गुप्ता के साथ मिलकर मेले को सफल बनाने में 24 घंटे जुटे हुए हैं। अभी शिवाजी मैदान में डिज्नीलैंड मेला लगना शुरू हो गया है कुछ ही दिन में मेला का उद्घाटन होने के बाद मेले की शुरुआत कर दी जाएगी। डिज्नीलैंड मेला में कई तरह के झूले लाए गए हैं। इनमें ब्रेक डांस, ड्रेगन, टावर, चांद तारा, मिक्की माउस व अनेक झूले हैं। बच्चों के मनोरंजन के अनेक साधन हैं।खरीदारी के लिए कई मीना बाजार, क्रॉकरी, चूड़ी आदि की दुकानें सजाई जा रही हैं।पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर में डिजनीलैंड मेले की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। समाज सेवी जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि डिज्नीलैंड मेले में मनोरंजन के लिए कई झूले लगाए गए हैं।

# पत्नी की हत्या कर शव को जंगल में फेंका

## शव को 5 घंटे खोजबीन के बाद रामगढ़ पुलिस को सफलता मिली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के टोला सरहुआ गांव निवासी देवनाथ कोरवा ने अपनी पत्नी को बीते शनिवार शाम 4 बजे बांसडीह खुर्द पंचायत के टोला उलमान गांव ससुराल से लेकर अपने घर सरहुआ लौट रहा था वहीं घर लौटने के क्रम में उलमान जंगल में अपनी पत्नी को पत्थर से कुचल दिया जिससे उसकी पत्नी मरियम देवी का मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर उसके साथ आ रहीं उसकी पुत्री 12 वर्षीय रागनी कुमारी को भी पत्थर से कुचल दिया जिससे उसको लगा की युवती भी मृत हो गई और अपनी पत्नी मरियम देवी का शव को आड़ा गाड़ा जंगल में फेक दिया और मौके से फरार हो गया लेकिन रागनी कुमारी का मौत नहीं हुआ था रागनी कुमारी पत्थर से चोटिल होकर घायल अवस्था में जमीन पर पड़ी हुई थी वहीं अहले सुबह जंगल से युवती भटकते हुए वापस अपने ननिहाल लौटी जहां युवती पहुंचकर अपने परिजनों को सारा आपबीती बताई तो परिजनों ने थाना को सूचना दिया तब रामगढ़ थाना पुलिस ने रागनी कुमारी को तत्काल इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और वहीं मृतिका मरियम देवी का शव का छानबीन में जुट गई रामगढ़ पुलिस के घंटो खोजबीन के बाद उलमान के आड़ा गाड़ा जंगल से शव को बरामद किया गया। शव बरामद कर रामगढ़ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि आपसी नोक झोंक में घटना को अंजाम दिया गया वहीं मामला दर्ज कर रामगढ़ पुलिस हत्या आरोपी की छानबीन में जुट गई।

## जागृत हो बहुजन समाज, आने वाला समय हमारा : राजन मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बसपा का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक शनिवार को बी मोड़ पर हुआ। जिसमे बतौर अतिथि राज्य सभा सांसद रामजी गौतम, केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, केंद्रीय राज्य प्रभारी राम बाबू चिरगाईया, केंद्रीय राज्य प्रभारी श्रीकांत, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता आदि शामिल हुए.बैठक की शुरुआत बहुजन समाज के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में लोक सभा चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई.मुख्य अतिथि बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा कि कार्यक्रता ही पार्टी का रीढ होता है। पिछली सभी बातों को भूलकर आगामी विधानसभा चुनाव में जुट जाएं। राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर ने कार्यक्रताओं को कई टिप्स दिया। बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि बहुजन समाज पूरी तरह जागृत हो जाए, आने वाला समय हमारा है। बहुजन समाज के लिए हम हर संघर्ष करने को तैयार हैं। गीता मेहता ने कहा कि राजन मेहता की अगुआई में बसपा झारखंड में काफी मजबूत हो चुकी है। बैठक में वरीय बसपा नेता गोपाल राम, गढ़वा जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, पलामू जिला अध्यक्ष अजय भारती, धर्मेंद्र ठाकुर, राजेंद्र राम, मदन राम सहित कई नेता कार्यक्रता मौजूद थे।

## विश्रामपुर प्रखंड के लिए 1311 अबुआ आवास आवंटित



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के सभी दस पंचायतों में वितीय वर्ष 2024-25 के लिए 1311 अबुआ आवास आवंटित किया गया है। जिसमें सभी पंचायतों के लिए कोटिवार लक्ष्य भी निर्धारित कर दिया गया है। लक्ष्य के अनुरूप योग्य लाभुकों के चयन हेतु सभी पंचायत में ग्राम सभा आयोजित किया जायेगा। इसकी जानकारी प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा के लिए तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। जिसके तहत 29 जुलाई को बघमनवां, भंडार, घासीदाग, गुरी व गुरहा कला में ग्राम सभा का आयोजन होगा। वहीं 30 जुलाई को केतात, लालगढ़, पंजरी कला, तोलरा व सिगसीगी पंचायत में ग्राम सभा होगा। ग्राम सभा आयोजन हेतु पंचायत के सभी मुखिया व सचिव को निर्देशित कर दिया गया है।

## विश्वकर्मा समाज के प्रखंड अध्यक्ष बने जयप्रकाश शर्मा



**नीलाम्बर, पीताम्बरपूर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित एआईडी भवन में विश्वकर्मा समाज के प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। प्रखंड कमेटी में सभी पदाधिकारी समाज के लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से चुने गए। प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष के रुप में जयप्रकाश शर्मा, सचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष दिवाकर शर्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, संगठन सचिव रामाधार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, राम जी शर्मा, राम जी शर्मा, उमेश शर्मा, सुधीर शर्मा, रमेश शर्मा, समाज के लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से चुने गए। वही संरक्षक रामविलास शर्मा, विजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जगदीश शर्मा, सत्येंद्र शर्मा सर्वसम्मति से बनाए गए। मोके पर जिला से चलकर आए हुए विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों के साथ प्रखंड की सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मोके पर कहा गया कि लोगों को एक सूत्र में बंध कर चलने के लिए समाज की जरूरत होती है। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है अपने प्रखंड को संवारने का मैं अपने प्रयासों से प्रखंड मे अपने समाज को आगे बढ़ाने का काम करूंगा।

## चोरी की तीन बाइक के साथ दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** 24 जुलाई 24 को स्पलेन्डर मोटर साईकिल चोरी होने के संबंध में हुसैनाबाद थाना कांड 170/24 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात चोर के विरुद्ध दर्ज किया गया था। कांड में चोरी गये मोटरसाईकिल को बरामदगी के लिए मुकेश कुमार महतो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। अनुसंधान के दौरान में छापामारी दल को 27 जुलाई 24 को गुप्त सूचना मिली की उक्त कांड में चोरी गया मोटरसाईकिल टैक्सी स्टेन्ड जपला हैदर नगर रोड में एक व्यक्ति लेकर खड़ा है। इस सूचना पर छापामारी दल ने छापामारी के क्रम में उक्त कांड में चोरी गई मोटरसाईकिल बिना नम्बर का पाया गया। जिस पर एक व्यक्ति बैठा हुआ था। नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम अजय कुमार बताया। जिसके स्वीकारोक्ति बयान में माह जून से अबतक हुसैनाबाद थाना से 08 (आठ) बाइक चोरी करने की बात स्वीकार किया है। इसकी निशानदेही पर छापामारी दल ने जीवा बिगहा मोड, अम्बा औरंगाबाद (बिहार) स्थित सोहन कुमार के मोटर साईकिल गैरेज से दो मोटर साईकिल बरामद किया। तथा एक मोटर साईकिल शराब बेचने में कुटुम्बा थाना एवं एक मोटर साईकिल अम्बा थाना में जप्त किया जा चुका है। आराथमिकी अभियुक्त अजय कुमार के अलावा अप्राथमिकी अभियुक्त सोहन कुमार उर्फ छोटू दोनो ग्राम सारा-चोरहा थाना- सिमरी जिला औरंगाबाद, बिहार के निवासी हैं।इनके पास से चोरी का तीन मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। छापामारी दल में मुकेश कुमार, महतो डीएसपीओ हुसैनाबाद, थाना प्रभारी के अलावा सशस्त्र बल शामिल था।

## प्रखंड से लेकर गांव तक आम आदमी पार्टी करेंगी संगठन को मजबूत : मुन्ना कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** आम आदमी पार्टी का युवा नेता मुन्ना कुमार ने बीते 26 जुलाई को केंद्रीय नेता संदीप पाठक के साथ बैठक किया। बैठक में सभी 18 नेता शामिल थे जहां घंटो देर तक बैठक हुई। बैठक के दौरान मुन्ना कुमार ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए झारखंड का प्रभारी होना अनिवार्य हैं प्रभारी के बिना झारखंड में आम आदमी पार्टी का संगठन मजबूत नहीं हैं संगठन मजबूत बनाने के लिए झारखंड में प्रभारी का होना जरूरी है जिससे कि आम आदमी पार्टी का संगठन हर क्षेत्र में अपना अपना जमीनी पकड़ बनाने में सफ़ल रहेगा,आने वाले भविष्य झारखंड में भी दिल्ली की तर्ज़ पर आम आदमी पार्टी का सरकार बन पाएगा और तभी झारखंड का कल्याण करने के लिए झारखंड के युवा आम आदमी पार्टी के संगठन के लगाव में होंगे जिससे कि आम आदमी पार्टी को एक मजबूती मिलेंगी और लोग लगन के साथ आम आदमी पार्टी के लिए काम करने में सक्रिय रहेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि तभी जाकर अरविंद केजरीवाल का सपने को सकार झारखंड के आम आदमी पार्टी का संगठन कर सकेगा और तभी झारखंड का आम आदमी पार्टी नवनिर्माण करने में संगठन सफ़ल हो सकेगा। बैठक में सुशील क्रांतिकारी, सालिगराम मिश्रा, महेश यादव, दिनेश यादव, कौशल किशोर बच्चन, सुधीर कुमार, ज्वाला कोड़ा, रणधीर चौरसिया, शंकर ठाकुर, बबलू मिर्जा, रवि कुमार पाल, वीरेंद्र यादव सहित कई लोग बैठक में शामिल थें।

## भाकपा ने पार्टी के संस्थापक शहीद कॉमरेड चारु मजूमदार की 52 वीं जयंती मनाई



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा (माले) के अनुमंडल कमिटी के तत्वाधान में रविवार को पार्टी के संस्थापक शहीद कॉमरेड चारु मजूमदार की 52 वीं जयंती तथा पार्टी के पुनर्गठन की 50वीं वर्षगांठ गोसाईबाग के मैदान में मनाया गया.पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रेलवे ग्राउंड से जुलूस के रूप में मुख्य पथ से होते हुये गोसाईबाग मैदान पहुंचे। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता शहीद कामरेड चारु मजूमदार को लाल सलाम-लाल सलाम, सांप्रदायिक फासीवाद मुर्दाबाद, भाकपा माले जिंदाबाद आदि नारा लगा रहे थे। जुलूस गोसाई बाग के मैदान में पहुंचकर शहीद सभा में तब्दील हो गई। शहीद कामरेड चारु मजूमदार के याद में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा नारे लगाये गये। शहीद कामरेड मजूमदार के चित्र पर जिला कमेटी के कामेश्वर विश्वकर्मा ,किसान महासभा जिला अध्यक्ष लालमुनी गुप्ता, दिलीप गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, कामेश्वर सिंह, राजेंद्र राम सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया. कामरेड चारु मजूमदार के संदर्भ में विस्तार से चर्चा किया गया. मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर इमरान अंसारी, भोला भुइया, अमानत अंसारी, केदार राम, उपेंद्र भुइया ,सुरेश सिंह आदि लोग भाकपा माले में शामिल हुये.श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि जिस तरह से इस देश में उत्पाद और उन्माद की राजनीतिक करने वाला भाजपा विधायकभानु प्रताप शाही जनता के सवालों पर चुप रहते हैं,आने वाले दिनों में विधानसभा की जनता सबक सिखायेगी। भाकपा माले पार्टी जनता के विभिन्न सवालों पर जल, जंगल, जमीन मान -सम्मान की हिफाजत, मजदूरी, पलायन, शिक्षा, चिकित्सा, भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार संघर्ष करते आ रही है। मौके पर जन सांस्कृतिक मंच के कलाकार जनवादी गीत प्रस्तुत किये। मौके पर कामरेड ललिता देवी, गिरधारी सिंह, राजेंद्र राम, त्रिभुवन सिंह, देवराम, अर्जुन बैठा सहित बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध शराब भट्टी के खिलाफ पिपरा थाना सख्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** थाना क्षेत्र के पंचायत सरैया के कुंड के समीप स्थित साकाचुंआ मे अवैध शराब निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होने के बाद एसआई नकुल शर्मा के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान मे मिले 100केजी जावा महुआ 50 लीटर अवैध महुआ शराब एवं शराब बनाने के दर्जनों उपकरणों को स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया. थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया की जंगली एरिया का फायदा उठाकर कारोबारी भागने में सफल रहे। उनकी धर पकड़ के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्र में अगर कहीं भी अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री का कार्य चल रहा है तो उसकी सूचना थाना को दें आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। आसानी से नशा की सामग्री उपलब्ध हो जाने के कारण युवा पीढ़ी पर इसका बहुत दुष्प्रभाव पड़ रहा है अभिभावक भी अपने अपने बच्चों पर एक नजर रखें।

## नौड़ीहा बाजारः विश्वकर्मा समाज की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजकीय मध्य विधालय शाहपुर मे विश्वकर्मा समाज की बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नकुल शर्मा और सफल संचालन राजू शर्मा ने किया। इस बैठक मे पंचायत स्तरीय कमिटी गठन किया गया। जिसमे सर्व सहमति से अध्यक्ष बिंदु शर्मा, सचिव राजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रवेश शर्मा को बनाया गया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि स्नेही शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप दुःखन शर्मा मौजूद थे। नव नियुक्त अध्यक्ष श्री बिंदु शर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को एकित्र करना और एक सूत्र में बांधना मेरा पहली प्राथमिकता होगी और विश्वकर्मा समाज के विकास के लिए हमेश तत्पर रहूंगा। मौक़े पर गुरुदत शर्मा, पंकज शर्मा, बिंदु शर्मा, रामशीष शर्मा, गजेंद्र शर्मा, विजय शर्मा, राजू शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा समेत सैकड़ो लोगों मौजूद थे।

## शराब नहीं दिया तो कर दी फायरिंग, 3 गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के कंचन ढाबा में बीती रात जबरदस्ती शराब मांगने को लेकर हुई झड़प और गोलीकांड मामले में तीन आरोपियों को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी ने बताया कि दिनांक 27.07.2024 को वादी सुधीर प्रसाद उम्र 46 वर्ष महेन्द्र प्रसाद ग्राम व थाना सतबरया, जिला - पलामू के द्वारा एक लिखित आवेदन दिये कि इनके इनके होटल कंचन ढ़ाबा पर स्कॉर्पियो एवं स्कूटी से 03 (तीन) व्यक्ति आए और इन पर जान मारने के नियत से इनके दुकान में फायरिंग किये इस संबंध में सतबरवा थाना कांड संख्या 90/2024, दिनांक 27.07.2024, धारा 109 बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज की गई है। तीनों आरोपियों को न्यायिक हीरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में जितेन्द्र कुमार पाण्डेय उम्र 44 वर्ष पिता राज कुमार पाण्डेय पता - गढ़वा 2. राहुल कुमार उम्र 38 वर्ष पिता सुनिल कुमार सिंह पत्ता - गढ़वा 3. सुरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष पिता कृष्णा विश्वकर्मा पता गोन्दा, थाना मेराल जिला - गढ़वा का नाम शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने जप्त सामानों की विवरणी 01 (एक) स्कॉर्पियो एवं 01 (एक) स्कूटी 02 (दो) रायफल एवं 09 (नौ) राउण्ड जिन्दा गोली एवं 01 (एक) खोखा तथा 04 (चार) मोबाईल बरामद किया है।

## भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र भ्रष्टाचार का मॉडल बन गया है : रघुराज पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता के नुमाइंदों द्वारा मुद्दों पर बात नहीं की जा रही है। जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। पदाधिकारी पैसे लेकर गलत तरीके से जमीन का म्यूटेशन कर रहे हैं, जिसके कारण जमीन संबंधी विवाद काफी बढ़ गया है.बालू की कालाबाजारी चरम पर है। प्रदेश सरकार पूरी तरह से इनपर लगाम लगाने में विफल है। नगर पंचायत चुनाव नहीं होने से विकास कार्य बाधित है।राजकीय महोत्सव घोषित होने के बाद भी अभी तक बंशीधर महोत्सव नहीं हो पाया है।उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत में भी काफी अनियमितता है। चुनाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए पार्टी को आवेदन देंगे, पार्टी उन्हें जो निर्देश देगी उसपर ईमानदारी से कार्य किया जायेगा। पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि पार्टी तो तैयारी करती ही है, इसे लेकर क्षेत्र के सभी प्रखंडों में जनसंपर्क किया जा रहा है।प्रेसवार्ता में नगर मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, धुरकी मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल, मथुरा पासवान उपस्थित थे।

## सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया।सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक नाम-जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीताजली कार्यक्रम में ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल, दीपमाला अम्बष्ट, अखिलेश प्रसाद, लालती देवी, पूजा देवी तथा सभी सत्संगी वृन्द ने सामूहिक रूप से भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी सत्य हैं, क्योकि उनका ही अस्तित्व है।वे ही इस जगत में पूर्णरूपेण विद्यमान हैं।



उनकी ही सत्ता है। वे गुरुरूप में होकर हमसबों में अंधकार रूपी अज्ञानता को दूर कर ज्ञान रूपी प्रकाश को फैलाते हैं। हम सबों को अपने गुरु के सभी आदेशों का पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन का विकास ईश्वर के भक्ति से होता है। सत्य में निरंतर लगे रहने से ही भक्ति आती है। याजक राजकुमार दा ने कहा कि ईश्वर के साथ जुड़े रहने से ही सभी जीवों के प्रति प्रेम जागृत होता है।इसलिये ईश्वर अर्थात श्री श्री ठाकुर जी प्रेमावतार हैं।सत्संगी अनिता देवी ने नारी के महत्वपूर्ण कर्तव्यों का वर्णन करते हुये कहा कि जगत जननी श्री श्री बडमा जी के जीवनी से लाभ लेकर प्रत्येक नारी को उनके दिये गये निर्देशो पर चलना चाहिये। उन्होंने कहा कि आगामी 30 जुलाई मंगलवार को जगत जननी श्री श्री बडमा जी का 131 वां जन्म दिवस सत्संग उपासना केंद्र में मनाया जायेगा। उक्त अवसर पर संध्या चार बजे से आयोजित सत्संग सह भंडारा में सभी सादर आमंत्रित है। सत्संग का संचालन कर रहे ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि प्रत्येक नारी का प्रत्येक परिवार व समाज मे विशेष महत्व होता है। प्रत्येक मां को अपने बच्चों व उनके भविष्य-विधान की चिंता रहती है।वे बच्चों को भविष्य की विपदाओं से बचाती है।अपने बच्चों को सवारती है।वे अच्छी गृहिणी भी कहलाती है।जिससे प्रत्येक घर परिवार में सुख शांति आती है और वह घर स्वर्ग बन जाता है। सत्संग में ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, धृतिदीप्त, गोविन्द दा, ऋतुराज, संजय दा, अजय दा,भोला प्रसाद, अमित, श्रीकांत, सुजय, विजय, पप्पू जायसवाल, श्रवण दा, शिवम, प्रियम, प्रभा देवी, रामा देवी, आकांक्षा, मधु, प्रमिला देवी, वृंदा देवी, निर्मला जायसवाल, रीना जायसवाल, संगीता देवी, चंचला गुप्ता, विंदीया, रिशु कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### दो किलो आठ सौ ग्राम अफीम के साथ एक गिरफ्तार

रांची। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ रांची में प्रवेश किया है। इसकी जानकारी सिटी एसपी राजकुमार मेहता को दी गई, और सिटी डीएसपी केवी रमन के नेतृत्व में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने अपनी पुलिस टीम के साथ खादगढ़ा बस स्टैंड में महारानी नामक एक में छापेमारी की। एक व्यक्ति थैले के साथ नजर आया उससे पूछताछ की गई और जांच पड़ताल में उसके पास से नशीली पदार्थ जो अफीम की तरह पाया गया। तब उसे गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम बार्गिन मुंडा खूंटी जिला तेलमा का रहने वाला बताया । उसके पास से पुलिस ने 2 किलो आठ सौ ग्राम अफीम बरामद किया है। गिरफ्तार तस्कर बार्गिन मुंडा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि झारखंड से सड़क मार्ग के जरिये बिहार लेकर जा रहा था।

### राज्य के युवाओं को नए राज्यपाल से काफी उम्मीदें हैं : अभिषेक

रांची। रविवार को युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड के नए राज्यपाल नियुक्त होने पर महामहिम संतोष गंगवार जी को बधाई और शुभकामनाएं दी। युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा के राज्य में नए राज्यपाल के आने से राज्य के युवा वर्ग मे नई आशा जगी है। युवा वर्ग नए राज्यपाल के आने से काफी उत्साहित है उन्हें आशा है की राज्य के जितने भी विश्वविद्यालय एवम सिक्षण संस्थान है उनमें तमाम रिक्त पदों पर जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होगी। वही राज्य के जितने भी विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर ,प्रो वाइस चांसलर, रजिस्टर, प्रॉक्टर, फाइनेंस ऑफिसर एवं परीक्षा नियंत्रक के जितने भी पद खाली है उन सभी रिक्त पदों को भरने का काम किया जाएगा। राज्य सरकारों के द्वारा सृजित पदों पर बहाली के लंबित मामलों का निष्पादन कर युवा वर्ग को नौकरियों से जोड़ कर राज्य का विकास सुनिश्ति होगा।

# मुसलमानों को राजनीति के केंद्र में रखकर मोहरा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण : इबरार अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश व झारखण्ड में सुनियोजित तरीके से चल रहे मुसलमानों के खिलाफ हिंसा और घृणा अभियान के खिलाफ राज्यस्तरीय बैठक में राज्य के कई जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक मेन रोड स्थित होटल सरताफ के सभागार में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी व माही के संरक्षक जुनैद अनवर ने की जबकि मंच संचालन मुस्तकीम आलम ने किया। बैठक में विशेषकर इस बात पर चिंता जाहिर की गयी कि देश के सभी चुनाव में मुसलमानों को राजनीति के केंद्र में रखकर मोहरा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है, जबकि देश व राज्य की राजनीति में मुसलमान हाशिये पर है, उपेक्षित है। देश की राजनीति में मुसलमान कहीं भी प्रभावी नही है और तथाकथित वोट बैंक का शिराफा भी बिखर चुका है। मुसलमान अपनी समस्याओं में ही घिरा हुआ है और वह उस रास्ते की तलाश में जहाँ शिक्षा विकासमार्ग को प्रशस्त करता है। फिर भी, देश की विभाजनकारी पार्टियों के नेता मुसलमानों की चरित्र लिंचिंग में सभी मर्यादाओं को तोड़कर लीन है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी जुनैद अनवर ने कहा कि इस बैठक की मकसद ये है कि पूरे झारखंड की तंजीमें व सामाजिक लोग संगठित होकर अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ हो रहे अन्याय के प्रतिरोध में आवाज उठाया जाए क्योंकि हमारी समस्याओं को कही भी दर्ज नही किया जाता है यहाँ तक कि प्रखण्ड, ब्लॉक स्तर तक भी अधिकारी नही सुनते, बल्कि हमे दोयम दर्जे के नागरिक बनाने की देश्वयापी साजिश को अंजाम दिया जा रहा है। माही व साझा मंच के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि इस्लाम व राष्ट्रीयता में कोई अंतर्विरोध नही है। अगर सियासत हमे प्रभावित कर रही है तो हम भी सियासत को प्रभावित करेंगे। बुनियादी चीज ये है कि जो आम मेहनतकश मुहब्बत करने



वाले मुसलमान हैं वो हमेशा ठगे गये हैं, उन्हें न केवल नेताओं ने बल्कि अपने लोगों ने भी ठगा है। ऐसे लोगों की आवाज बनकर ईमानदारी से, मिल्ली दर्द लिए संगठित होकर समस्याओं के समाधान के लिए जम्हूरी तरीके से संघर्ष किया जाना चाहिए। अंजुमन इस्लामिया राँची के महासचिव डॉक्टर तारिक हुसैन ने कहा कि आज के इस नफरती माहौल में मुसलमानों को एक चुनावी मोहरा बनाकर रख दिया गया है। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन माही के महासचिव मतीउर रहमान ने किया। इस बैठक में जमशेदपुर से रियाज शरीफ, मुश्ताक अहमद, मोहम्मद शाहिद, सिमडेगा अंजुमन के उपाध्यक्ष जावेद खान, यूथ प्रेसिडेंट सिमडेगा अंजुमन के जफर खान, अजीमुल्लाह अंसारी, हजारीबाग से इरफान अहमद,मोहम्मद फिरोज, महताब आलम, मोहम्मद शाहिद, चक्रधरपुर के शहजाद मंजर,बैरम खान, शकील खान, ताबिश अली, लातेहार से कमरूल आरफीन, फैसल अहमद, गिरिडीह से मोहसिन खलील, शकील अख्तर इसके इलावा राँची अंजुमन इस्लामिया के उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, सदस्य मोहम्मद शाहिद टुकलु, मोहम्मद नजीब, सामाजिक कार्यकर्ता फजल इमाम, इरफान खान,अर्शे आजम, वकील अहमद रिजवी,आदिल सुफियान, हाजी बिलाल कुरैशी, शाहबाज,जमैतुल इराकीन के अध्यक्ष हसीब अख्तर, महासचिव सैफुल हक,उजैर अहमद,अधिवक्ता कलाम रशीदी, माही के मोहम्मद सलाहउद्दीन, मोहम्मद शकील, खालिद सैफुल्लाह, अरशद शमीम,नदीम अख्तर, हाजी नवाब, नूर आलम,मोहम्मद इकबाल, सरवर इमाम,सैय्यद मेराज हसन, मिल्लत पंचायत के सदर जावेद अहमद, हलालखोर पंचायत के मोहम्मद शमीम, सर्व इंडिया से फारूक आजम, अनीसुर रहमान, ओरमांझी पंचायत के सदर मुंतजिर रजा, एजाज अहमद,शादाब खान, मोहम्मद जैद, फहीम अहमद वगैरह समेत कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## रांची में आजसू के मिलन समारोह में निर्मल उरांव समेत कई युवाओं ने थामा पार्टी का दामन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के बोड़ेया स्थित गोल्डन मोमेंट बैंक्वेट हॉल में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में युवा समाजसेवी निर्मल उरांव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की वर्तमान परिस्थिति ने सभी लोगों को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है। राजनीति चिंतन का माध्यम है। यदि आपका चिंतन राज्य के हित के लिए है तो आपके साथ लोग जुड़ेंगे और आपका साथ भी देंगे। नवीन सोच और नवीन ऊर्जा के साथ हमें मिलकर आगे बड़ना है। पार्टी में शामिल हुए निर्मल उरांव का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को जनता की सेवा करने का सशक्त मंच देगी आजसू पार्टी। गरीबों शोषितों और वंचित की आवाज बनकर काम करने की आवश्यकता। अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत को संजोने और आगे बढ़ने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। सार्वजनिक जीवन में कदम रखने पर आपको और आपकी टीम को बधाई।

## बाहरियों की नियुक्तियों पर बंधु की बोलती बंद : रमाकांत महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि स्थानीयता, जल, जंगल, जमीन और आदिवासियत के नाम राजनीति चमकाने वाले और आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में कोर्ट से सजा पा चुके पूर्व विधायक बंधु तिर्की भाजपा पर आरोप लगाने से पहले राज्य में बाहरियों की हो रही नियुक्तियों में बारे में हेमंत सरकार से पूछने की हिम्मत करते। जेपीएससी और जेएसएससी में जिस तरीके से नियमों को ताक पर रखकर पेपर लीक एवं परीक्षा सेंटर सेटिंग्स कराकर खुलेआम नौकरियां बेची जा रही हैं। इसमें 70 प्रतिशत से अधिक राज्य के बाहर के अभ्यर्थी शामिल हैं। महतो ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाने को राज्य एक लोकप्रिय कल्याणकारी सरकार को गिराने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ये पूछने का हिम्मत क्यों नहीं जुटा पाते कि सरकार के बनने के छह माह के अंदर 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनाने का दंभ भर रहे थे। स्थानीय युवाओं को संवेदक बनाकर 75 प्रतिशत विकास योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने, बेरोजगारों को भत्ता देने, निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नियोजित करने जैसे कई बुनियादी मुद्दे आज गौण क्यों हो गए। प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि बंधु तिर्की इस सरकार में नीति नियामक बॉडी यानी राज्य समन्वय समिति के सदस्य हैं।

## नक्सलियों के शहीद सप्ताह के मद्देनजर पुलिस अलर्ट : आईजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाकपा माओवादियों के शहीद सप्ताह को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने आज बताया कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन की ओर से चारु मजूमदार और कन्हाई चटर्जी के शहादत दिवस पर रविवार से तीन अगस्त तक एक सप्ताह का शहीद सप्ताह मनाये जाने की खबर प्राप्त हुई है। नक्सलियों के जरिये पोस्टर एवं पम्पलेट के माध्यम से दहशत फैलाने का प्रयास किया गया है।

आईजी ने बताया कि इस अवधि में नक्सलियों के जरिये सरकारी सम्पति, सड़क और रेल की सम्पतियों को नुकसान पहुंचाने का का प्रयास किया जा सकता है। नक्सली अब सिमट कर कुछेक



इलाकों में रह गये हैं, जिसमें चाईबासा के सारंडा, कोल्हान, सरायकेला, लातेहार, चतरा- गया बोर्डर और पारसनाथ में संयुक्त सुरक्षा बलों के जरिये लगातार अभियान चलाये जा रहे हैं। नक्सलियों के जरिये विशेष कर रेल मार्ग एवं सड़कों पर जहां छोटी-मोटी घटनाएं कारित कर अपना अस्तित्व बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जनमानस की सुरक्षा, सरकारी सम्पति की सुरक्षा पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं ग्रामीणों के बीच सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिए पुलिस मुख्यालय के जरिये पर्याप्त संख्या में संयुक्त सुरक्षाबलो की तैनाती की गयी है। मकर ने बताया कि पुलिस नक्सलियों के एक सप्ताह के शहीद सप्ताह को विफल करने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में चाईबासा के कोल्हान सारंडा क्षेत्र में सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी, नक्सली पोस्टर बरामद किये गये हैं। इस दौरान भी चाईबासा के टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाटा क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के नापाक मंसूबे को विफल करते हुए पांच किलो आईईडी बरामद किया गया। नक्सलियों के जरिये खुद को बचाने के उद्देश्य से लगाये जाने वाले विस्फोटकों से काफी संख्या में ग्रामीणों को क्षति पहुंचती है।

## अपना कीमती समय निकालकर नृत्य में बेहतर प्रदर्शन कर पूनम देवी विजेता बनीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड नृत्य प्रतियोगिता में सेक्टर टू के पुनम देवी ने फिल्म तोहफा का सबसे सुप्रसिद्ध गाना नैनो में सपना में सजना सजना पे.... इस गाना को अभिनेता जितेंद्र और श्रीदेवी पर फिल्माया गया था। इसी गाने पर गृहणी पूनम देवी ने नृत्य करके सबको चौंका दिया। इसके बेहतरीन नृत्य के बदौलत इस प्रतियोगिता की प्रथम विजेता रही। पूनम देवी के कोरियोग्राफर पिंटू हंटर का कहना है कि पिछले दो वर्षों से पाजेब डांस एकेडमी सेक्टर टू धुर्वा में सीख रही है, अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत ही आज प्रथम स्थान पर अपनी जगह बना पाई हैं। इनके नृत्य से प्रभावित होकर और भी महिलाएं नृत्य के प्रति अपनी



कीमती समय दे पा रहीं हैं। क्योंकि एक महिला को अपने घर, परिवार, पति , बच्चे और उसके देख रेखा सहित बहुत सारे काम होते हैं, इसके बावजूद अगर वे कुछ समय अपने लिए निकालकर कला के प्रति समर्पित हो रही हैं तो यह अपने आप में काबिले तारीफ है।

## द लैडर फाउंडेशन में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** द लैडर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन गुलशन हाल, करबला चॉक राँची में किया गया ।जिसमे जैक बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले करीब 400 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । आयोजक मीर शाहबाज हुसैन ने लैडर फाउंडेशन के बारे में बताते हुए कहा कि जल्द ही संस्था के द्वारा कोचिंग एवं स्किल डिवेलपमेंट क्लासेज शुरू की जायेगी और बच्चो




के उज्वल भविष्य के लिए हर संभव मदद की जाएगी। मुख्य अतिथि केरल से लोकसभा सांसद ई.टी मोहम्मद बशीर ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, छात्र आगे जाकर जैसे होंगे, भारत भी वैसा ही होगा । आने वाली सदी क्या हो, यह इस पर निर्भर करता है कि उस समय की पीढ़ियां कैसी होंगी । आसिफ मुज्तबा ने कहा कि छात्र-छात्राएं पढ़कर अपने देश व समाज के लिए ए.पी.जे अब्दुल कलाम, मौलाना अबुल कलाम जैसे बने । द लैडर फाउंडेशन सहित नाजिया तब्बाससुम , समाजसेवी स्टेला माइकेल , समाजसेवी खालिद खलील , समाजसेवी इबरार अहमद , सीयूजे के असिस्टेंट रजिस्ट्रार नजिस खान अन्य अतिथि मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इरफान खान , तबरेज अहमद , सहजादी खातून , रफत जहाँ , इरशाद रहमान , इरफान ओजर , मो0 शहाबुद्दीन , अंजुमन इस्लामिया वर्तमान महासचिव तारिक हुसैन, तनवीर अहमद , मो इकबाल , एजाज गद्दी, अमन अहमद, हुसैन अंसारी अन्य थे अंत मे धन्यवाद ज्ञापन आशिफ अंसारी ने दिया।

## प्रकृति ,संस्कृति के साथ विकास और विरासत का संदेश है मन की बात कार्यक्रम : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित मन की बात कार्यक्रम का 112वाँ एपिसोड संपन्न हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यह प्रसिद्ध कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुना गया। अपने अपने क्षेत्र में पार्टी के सांसद,विधायकगण,प्रदेश पदाधिकारी,जिला ,मंडल ,बूथ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना।प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ प्रदेश कार्यालय में महामंत्री



एवम सांसद आदित्य साहू,मनोज सिंह ,प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,विकास प्रीतम, विधायक विरांची नारायण,नारायण दास ने कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम को सुना। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात सुनकर भारत दर्शन का अनुभव होता है। प्रधानमंत्री का यह संबोधन भारत की प्रकृति,संस्कृति ,विकास और विरासत से देश की जनता को परिचित कराता है।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सभी वर्गों केलिए लाभकारी है।विशेषकर युवाओं को बच्चों को भारत की महान विरासत और प्रगति के नए आयामों से भी परिचित कराता है।नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी* ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन जन की बात बन गया है। कहा कि इसमें राष्ट्र भक्ति है,राष्ट्र शक्ति है,परंपरा है,प्रगति है।

## टेनिस चैम्पियनशिप 2024 के अंतिम दिन शिवाजी राय पुरुष व महिला में अर्चिता डे बनी चैंपियन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2024 के अंतिम दिन गुरुनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल, रांची के ऑडिटोरियम में चल रहे प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 जुलाई को हुआ था । पुरूष एकल में बोकारो के शिवाजी राय ने अपने प्रतिद्वंदी रांची के सत्रुंजय चक्रवर्ती को 4-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं महिला एकल में पूर्वी सिंहभूम के अर्चिता डे ने अपने ही जिला के सानिया बनर्जी को हराकर विजेता बनी, अंडर 19 बालिका वर्ग में अर्चिता डे ने धनबाद की सृजनी चक्रवर्ती को हराकर खिताब जीता।अंडर 19 बालक वर्ग में गढ़वा जिला के नीतीश मेहता ने हजारीबाग के प्रतीक अग्रवाल को हराया । समापन समारोह के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के जोनल अधिकारी असीम कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य टी टी संघ के मुख्य संरक्षक जय कुमार सिन्हा , स्कूल प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष कुलतार सिंह , हरमीत सिंह, परमजीत सिंह,डॉ. पवन चौधरी, राज्य संघ के महासचिव समरजीत सिंह, , राज्य टी टी संघ के उपाध्यक्ष सैबाल गुप्ता , सहसचिव राकेश कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सुदीप्तो मुखर्जी, पार्थ सारथी, कमलेश दुबे ने भी पुरस्कार बांटे, मंच का संचालन मुख्य रेफरी संदीप साहा ने किया।

## 19 से 23 सितम्बर तक आयोजित होगा पांच दिवसीय वार्षिक उर्स

**रांची :** कुतुबुद्दीन शाह रिसालदार बाबा दरगाह का 5 दिवसीय उर्स की तैयारी दरगाह कमेटी ने शुरू कर दी है। बाबा का 217 वां उर्स 19 से 23 सितंबर 2024 तक लगेगा। 19 सितंबर को परचम कुशाही के साथ उर्स का आगाज होगा। इस बार उर्स में कव्वाली का मुकाबला मुजताबां नाज़ा और आतिश मुराद के बीच होने की चर्चा है। 16 सितंबर को होने वाले ईद मिलादुन्नबी को लेकर भी तैयारी की गई। मौके पर सचिव जावेद अनवर, सह सचिव जुल्फेकार अली, पप्पू गद्दी, खलिकुल गद्दी, आसिफ नईम, आदि उपस्थित रहे।

## आदिवासी लड़कियों से शादी कर जमीन हड़प रहे हैं बांग्लादेशी मुसलमान : लकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संथाल परगना प्रमंडल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। बांग्लादेशी मुसलमान वहां कि आदिवासी युवतियों से शादी कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि बांग्लादेशी मुसलमानों के करण वहां के आदिवासी समुदाय के लोग उनके खिलाफ न तो कुछ बोल पा रहे हैं और न ही उनके खिलाफ थाना में एसटी केस दर्ज करा पा रहे हैं।

उक्त बातें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मैं आपके समक्ष कुछ



उदाहरण प्रस्तुत कर राजी हूं, जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि बांग्लादेशी मुसलमान कैसे संथाल परगना की भोली-भाली आदिवासी युवतियों से शादी कर डेमोग्राफी को चेंज कर रहे हैं। साहेबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित कदमा पंचायत , गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित भीखमपुर में भी कई बांग्लादेशी मुसलमानों ने आदिवासी समाज की युवतियों से शादी कर उनके नाम से जमीन खरीदा है। यह चिंता का विषय है, गोड्डा में पिछले सात माह से एसटी का एक भी केस दर्ज नहीं हुआ है। मैने वहां के डीसी व एसपी को आयोग की ओर से निर्देश दिया है कि हर थाना में एसटी केस दर्ज करने की व्यवस्था और संबंधित एसटी केस को जिले में हस्तांतरित करने की व्यवस्था करें। संथाल परगना प्रमंडल के साहेबगंज, राजमहल, उधवा, मुंडरो, बोरयो, तालझरी, पतना, बरहेट और बरहरवा एसटी बहुल क्षेत्र हैं, वहां की स्थित बहुत खराब है ।बरहेट प्रखंड के संथाली उत्तर व दक्षिण पंचायत सेंसेटिव क्षेत्र हैं। वहां की डेमोग्राफी चेंज है।

## गाय-भैंस के प्रजनन प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : त्यागी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली के सहायक महानिदेशक (पशु पोषण एवं दैहिकी) डॉ अमरीश कुमार त्यागी ने कहा कि मवेशी पालन से समुचित लाभ के लिए गाय-भैंस के प्रजनन प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मवेशियों में हीट की एक भी अवधि मिस करने पर लाखों का नुकसान हो सकता है। सही प्रजनन प्रबंधन से इन पशुओं से वर्ष में 300 दिन तक दुग्ध प्राप्त किया जा सकता है जबकि ध्यान नहीं देने से इसकी आधी अवधि में ही दुग्ध मिल पायेगा। डॉ त्यागी रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के खरीफ अनुसंधान परिषद की दो दिवसीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पशुपालन में 70-80 प्रतिशत लागत उनके चारा-दाना पर आती है इसलिए स्थानीय रूप से उपलब्ध पोषकता से भरपूर चारा एवं औषधीय पौधों का इस्तेमाल उनके आहार में करना चाहिए। वैज्ञानिकों को इन पहलुओं पर शोध अनुशंसा पशुपालकों को उपलब्ध कराना चाहिए। कृषि उपज,




मांस एवं दुग्ध के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रसंस्कृत उत्पाद की पोषकता एवं विशिष्टता की बढ़िया से ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जानी चाहिए ताकि बेहतर मूल्य मिल सके। वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने वैसे अनुसंधान को प्राथमिकता देने की वकालत की जिससे समाज में परिवर्तन आ सके तथा किसान उसे आसानी से अपना सकें। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने देशी पशु नस्लों के आनुवंशिक सुधार, पशु रोगों के सिस्टेमेटिक सर्वेक्षण, जांच एवं टीकाकरण, पशुओं को दिए जा रहे खाद्य पदार्थों के सुरक्षा पहलुओं एवं पोषण संवर्धन पर अनुसंधान कार्यक्रम सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पशु प्रक्षेत्रों की स्थिति बेहतर बनाने की काफी संभावना है। उनके वैज्ञानिक प्रबंधन, सूचनाओं के इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले तथा प्रक्षेत्रों के काम पर शोधपत्र के प्रकाशन की जरुरत है।

## सीसीएल ने खान सुरक्षा में जीते दो पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीसीएल ने रविवार को कोलकाता में आयोजित खान सुरक्षा पुरस्कार-2024 समारोह में दो पुरस्कार जीते। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सयाल डी ओपनकास्ट खदान को लघु ओपनकास्ट खदान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार और अशोक ओपनकास्ट खदान को मध्यम ओपनकास्ट खदान में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के इतिहास में पहली बार कोयला, धातु और तेल खनन कंपनियों के प्रतिभागियों ने एक साथ भाग लिया। खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने समारोह की




अध्यक्षता की। डीजीएमएस, कोल इंडिया लिमिटेड और अन्य कंपनियों के सामूहिक प्रयासों ने खदानों में उच्च सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के महत्व को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया।

# पिपरवार के बिशुझापा कॉलोनी से बोलेरो वाहन की हुई चोरी, जांच मे जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बोलेरो वाहन की चोरी कर ली।वहीं दूसरे बोलेरो वाहन की भी चोरी का असफल प्रयास किया गया, लेकिन वाहन स्टार्ट नहीं होने के बाद चोरों ने कई कीमती सामानों की चोरी कर ली।हालांकि चोरी की यह वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बचरा बिशुझापा कॉलोनी निवासी कोयला कारोबारी बिनोद प्रजापति ने अपने बोलेरो वाहन जेएच 02ऐवाई-4825 को रोज की तरह बीती रात भी अपने घर के बाहर खड़ा किया था।रविवार की सुबह उक्त बोलेरो वाहन वहां पर नहीं थी,जिसके बाद आस पास के इलाकों में काफी खोजबीन की गई,लेकिन कुछ पता नहीं चला।इसी बीच कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया,जिसमें अज्ञात चोरों के द्वारा



बोलेरो की चोरी करते हुए देखा गया।बताया गया कि सभी चोर एक बिना नंबर प्लेट के सफेद रंग की टाटा पंच वाहन से वहां पहुंचे और बोलेरो की चोरी कर ली।इसी बीच चोर जाते-जाते कुछ दुरी पर खड़ी बचरा बिशुझापा कॉलोनी निवासी जिशान अली की बोलेरो जिसका नम्बर जेएच 02बीएम-1680 को भी चोरी का प्रयास किया,लेकिन उक्त बोलेरो के स्टार्ट नहीं होने पर चोरों ने बोलेरो में लगे बैटरी, स्टेपनी, एशियम, वायरिंग, सेंसर सहित अन्य सामानो की चोरी कर चले गये। भुक्तभोगी जीशान अली के मुताबिक उनके वाहन से करीब एक लाख रूपये मूल्य के सामान की चोरी हुई है।घटना के बाद इसकी जानकारी पिपरवार पुलिस को दी गई,जिसके बाद सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।इधर चोरी हुए बोलेरो वाहन के मालिक बिनोद प्रजापति ने बताया कि उनका वाहन सीसीएल के आम्रपाली परियोजना में चलता है।वही बचरा बिशुझापा कॉलोनी के लोगों ने बताया कि प्रत्येक दिन रात्रि में इस कॉलोनी में भाड़े पर चलने वाली करीब 15 से 20 वाहन खड़ी रहती है।कॉलोनी के लोगों ने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2018 में कॉलोनी में बोलेरो वाहन की चोरी हुई थी। हालांकि उस समय पिपरवार पुलिस की तत्परता से उक्त वाहन को पश्चिम बंगाल से बरामद कर लिया गया था। इधर कॉलोनी में हुई बोलेरो वाहन चोरी के बाद रविवार की सुबह कॉलोनी में काफी संख्या में लोगो की भीड़ जमा हो गई।सभी लोगो ने पुलिस से इस पर कड़ी कार्रवाई कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।इधर इस पूरे मामले पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि चोरी की इस घटना की पुलिस जांच कर रही है।कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कर्रा में विश्व आदिवासी दिवस मनाने की तैयारी को लेकर विशेष बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के मिशन मोड़ बगीचा में रविवार को नौ अगस्त को धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाने कि तैयारी को लेकर होरो पड़हा देवान सुनील होरो कि अध्यक्षता पर विशेष बैठक किया गया. बैठक में बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पारित प्रस्ताव में वर्णित जनाधिकार के प्रति विश्व आदिवासी दिवस से जागरुकता विकसित किया जा सके. नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सभी गांव लोग अपने-अपने खोड़हा मंडली के साथ हाई स्कूल मैदान एकात्रित होगें. जहां विश्व आदिवासी दिवस के लिए चयनित प्रखंड संचालन समिति द्वारा सभी ग्राम प्रधान, पड़हा राजा, मानकी, पहान, सामाजिक अगुवा व बुद्धि जिवी वर्ग के लोगों को सम्मानित किया जाएगा. जिसके बाद सभी लोग अपने-अपने खोड़हा मंडली के गाजा-बाजा के



साथ परम्परागत लोक नृत्य करते सामुहिक रूप से जुलूस के रूप में कर्रा मस्जिद चौक से थाना चौक होते हुए ब्लॉक कैम्पस पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा. जिसके फिर से जुलूस कर्रा चौक डाकघर मिशन बगीचा होते पोस्ट ऑफिस रोड़ से हाई स्कूल मैदान पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तन हो जाएगा. जहां जल-जंगल- जमीन, अपनी अस्तित्व व अस्मिता को बचाने, पारंपरिक वेश-भूषा व कला सांस्कृतिक को बढ़ाने के प्रति वक्ताओं द्वारा विशेष जानकारी दिया जाएगा. विश्व आदिवासी दिवस को सफल बनाने हेतू प्रखंड समिति गठन किया है जिसमें अध्यक्ष सुनील होरो, उपाध्यक्ष जयमंगल सिंह मुंडा, सचिव बिरसा मुंडा, उप सचिव निरल होरो, कोषाध्यक्ष अल्बर्ट तिड़ू के अलावे दर्जनों लोगों सलाहकार समिति के लिए सर्वसहमति से चुना गया है. बैठक को सफल बनाने में अल्बर्ट होरो उर्फ शिबू, जोसेफ होरो, मुखिया अनूप कुजूर, चंदा पहान, दुखिया संगा, एतवा हेरेंज, सुशील होरो, अनूप संगा, जुड़वां हेरेंज, प्रेमप्रकाश होरो, भिमसेन कैथा, बिरसा संगा, लोरेंस होरो, बिमल मुंडा, विजय मुंडा के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

# मेगा विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर व जिला स्तरीय गरिमा सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी के द्वारा न्यायमूर्ति, डॉ शिवानन्द पाठक, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची-सह-जोनल न्यायाधीश, खूँटी न्यायमंडल के गरिमामयी उपस्थिति में मेगा विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर एवं जिला स्तरीय गरिमा सम्मेलन का आयोजन बिरसा महाविद्यालय खूँटी के सभागार में किया गया। दीप प्रज्वलित कर न्यायाधीश द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी रसिकेस कुमार, उपायुक्त लोकेश मिश्रा , पुलिस अधीक्षक अमन कुमार एवं उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम मंच पर उपस्थित रहे। मेगा विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर में डालसा की ओर से कानूनी जागरूकता हेतु स्टॉल लगाए गए, वहीं जिला प्रशासन की ओर से भी विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इनमें मुख्य रूप से श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लाभकारी योजनाओं की जानकारी एवं सहायता लाभुकों को प्रदान की गई। सभी स्टॉल का न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची द्वारा निरीक्षण किया गया। मंच से संबोधित करते हुए न्यायाधीश,





झारखंड उच्च न्यायालय, रांची-सह-जोनल न्यायाधीश, खूँटी न्यायमंडल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को उनके हक उनके अधिकार दिलाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। कानूनी जागरूकता नहीं रहने के कारण संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को लोग नहीं समझ पाते हैं इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को कानूनी जागरूकता के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से भी जागरूक किया जा रहा है। जिससे लोग जागरुक होकर अपने हक अपने अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि पूर्व के दिनों में डोमेस्टिक वायलेंस, मानव तस्करी, डायन बिसाही जैसे मामले अधिक देखने को मिलते थे परंतु धीरे-धीरे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है और लोग जागरुक होकर अपने हक अपने अधिकारों एवं समाज के कुप्रथा को दूर कर रहे हैं। नारी शक्ति को लेकर उन्होंने कहा कि हमें अबला नारी जैसे सोच समाज से हटाने की आवश्यकता है। समाज में नारी को उचित हक दिलाना हमारा कर्तव्य है। समाज के कुरीतियों के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रोजेक्ट गरिमा की शुरुआत की गई है। इसके तहत महिलाओं को समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने विक्टिम कंपनसेशन के तहत अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने को लेकर भी बात कही। सरकार की योजनाओं की जानकारी सभी को अवश्य रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व में खूँटी जिला में काफी मात्रा में अवैध अफीम की खेती एवं हड़िया दारू जगह जगह पर देखने को मिलती थी परंतु वर्तमान समय में लोग जागरूक हुए हैं और वह वैकल्पिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। महिलाएं मुख्यमंत्री फूलों झानो आशीर्वाद योजना जैसे योजनाओं से जुड़कर सम्मानजनक व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बन रही है। उन्होंने कहा कि आपको दिए जा रहे सरकारी लाभ का आप सदुपयोग करें। जिससे खूँटी जिला आने वाले दिनों में अपने अच्छे-अच्छे कार्यों से और भी प्रसिद्ध हो। सामाजिक उत्थान एवं सामाजिक विकास इस शिविर का मूल मंत्र है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए शिविर में उपस्थित न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के बिना हम स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं, हम प्राथमिकता के आधार पर लोगों के हितों को ध्यान में रखकर हर संभव कानूनी सहायता को तत्पर है। उन्हें न्याय एवं उन्हें हक दिलाना हमारा कर्तव्य है। हम पारा लेवल वॉलिंटियर्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचने को लेकर भी निरंतर कार्य कर रहे हैं। नशा मुक्ति एवं मानव तस्करी के विरुद्ध कार्यपालिका एवं पुलिस के सहयोग से निरंतर जिले में कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपायुक्त ने संबोधित करते हुए अतिथियों का स्वागत किया, उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह अच्छा अवसर एवं गर्व की बात है कि लीगल एंपावरमेंट को लेकर खूँटी जिले में आयोजित इस कैम्प में स्वयं झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शामिल हुए हैं और अपना बहुमूल्य समय हमारे बीच दे रहे हैं, हमें इसका सदुपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को कानूनी जानकारी के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी देना काफी आवश्यक है। खूँटी जिले में 73 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति रहते हैं, इस जिले में महिलाओं की भागीदारी सामाजिक गतिविधियों में काफी अधिक है। हमे इन्हें योजनाओं से जोड़ना काफी महत्वपूर्ण है, जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। हलह एवं सिविल सोसाइटी के माध्यम से भी वैसे व्यक्ति को सरकारी लाभ देने की दिशा में हम प्रयासरत है।

## डीएवी बचरा में मनाया गया कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट दिवस





**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे सीबीएसई बोर्ड पटना के निर्देश पर शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के प्राचार्या डॉ. रिशु चौधरी ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी वह गतिविधि है जो बच्चों को अन्य स्थानीय समुदाय के सदस्यों के साथ जोड़ती है।इसमें स्थानीय स्कूलों या चैरिटी में स्वयं सेवा करना,सामुदायिक कार्यक्रमों में मदद करना एंव क्लबों व गतिविधियों में भाग लेना शामिल हो सकता है।जो लोगों को एक साथ लाते हैं। इन गतिविधियों में भाग लेने से बच्चे जिम्मेदारी की भावना विकसित कर सकते हैं,नए दोस्त बना सकते हैं और नेतृत्व कौशल हासिल कर सकते हैं।यहां तक कि भविष्य के करियर के बारे में सोचना भी शुरू कर सकते हैं।इसके साथ ही कक्षा प्रथम की छात्रा सिद्धि का जन्मदिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एंव सभी विद्यार्थी मौजुद थे।कार्यक्रम का समापन शिक्षक एपी दिवेदी ने किया,जबकि पुरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सीएस सिंह के द्वारा किया गया।

## मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडाल्को-मुरी के व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्रद्व द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी-रांची के सहयोग से हिंडाल्को एलुमिना क्लब में रविवार को एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 117 लोगों ने रक्तदान किया।रक्तदान शिविर का उद्घाटन यूनिट हेड- रोहित चौरसिया एवं मीता चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही दोनों ने रक्तदान भी किया। और कहा की हमने अपने कई वरिष्ठ नेतृत्व सदस्यों को इस नेक काम के लिए स्वेच्छा से काम करते देखा है- इस रक्तदान शिविर में यूनिट एचआर- अरुण राय और परिवार, यूनिट टेक्निकल हेड- श्री प्रशांत बोस और परिवार, मैकेनिकल हेड- राजेश बिंदल, इंस्ट्रूमेंट हेड- सुहृद मुखर्जी शामिल थे। इस रक्तदान शिविर का नेतृत्व हमारी ओएचसी टीम - सीएमओ डॉ. सौरव घोष, अस्पताल प्रशासक - श्री सुनील सिंह, लैब तकनीशियन - कौशल और परिमल, स्टाफ नर्स - उमेश महतो, सीएसआर टीम से श्री भरत सिंह ने भी किया।

## स्मार्ट मीटर की शिकायत को लेकर विधायक से मिले ग्रामीण



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिल नहीं दिया जा रहा है, जब कोई व्यक्ति खुद से बिल पता कर रहें हैं तो रेसिडेंशियल चार कमरे में रहने वाले परिवार का 6 महीने का 50-60 हज़ार से ऊपर का बिल दिया जा रहा है। अनाप-शनाप बिल के विषय में पुछे जाने पर यह कह दिया जा रहा है कि पहले आपका बिल इस्तेमाल से कम का आता था उसी सब को मिला कर यह बिल दिया गया है। ग्रामीणों ने विधायक से माँग रखी है कि स्मार्ट मीटर की जाँच कराई जाए, सही स्मार्ट मीटर लगाया जाए जो उपभोक्ता के फ़ोन से जुड़ा हो तथा प्रीपेड सेवा शुरू की जाए । जितने त्रुटिपूर्ण बिल दिया गया है उसे माफ़ किया जाना चाहिए । माननीय विधायक जी ने विभाग के त्वरूसे बात कर अस्वाशन दिया कि हर क्षेत्र में कैम्प लगाकर त्रुटियों को सुधारा जाएगा। ग्रामीणों का नेतृत्व जे एम एम युवा नेता एवम समाजसेवी मुकेश कुमार महतो ने किया।

## उप विकास आयुक्त ने किया पौधारोपण



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्रा उप विकास आयुक्त खूंटी एवं बीडीओ स्मिता नगेशिया एवं कर्रा मुखिया रश्मि लकड़ा ने रविवार को मनरेगा पार्क में पौधा रोपण का कार्य किया. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने किसान पाठशाला में चल रहे गाय पालन, मछली पालन एवं विभिन्न तरह के कृषि कार्य का अवलोकन किया. उन्होंने गाय की स्थिति को देखते हुए पौष्टिक आहार देने की बात कही. मनरेगा पार्क में पका हुआ ड्रैगन फरुट्स देख काफी प्रभावित हुए. बीडीओ स्मिता नगेशिया ने किसान पाठशाला के प्रशिक्षण स्थल पर पेय जल हेतु एवं हैंडवास युनिट लगाने की बात कही. उप विकास आयुक्त ने मनरेगा पार्क में पौधा रोपण के बाद अबुआ आवास योजना के तहत निर्माणाधीन भवन देखने के लिए चले गये. इस मौके पर कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार , बीईओ , बीपीओ मनमोहन साहू, सीआरपी संदीप कुमार सिंह, सूर्यकांत कुमार एवं किसान पाठशाला के कर्मी उपस्थित थे।

## अनूप कुमार महतो ने थाईलैंड एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** थाईलैंड में 16 जुलाई को आयोजित एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप अंडर 15 आयु वर्ग, 38 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने वाले लुपूंग जारा, अनगड़ा, रांची के दिहाड़ी मजदूरी करने वाले छोटा किसान किशोर महतो के पुत्र अनुप कुमार महतो अपने मामा धर्मनाथ महतो, गागी में रहकर कमलनाथ मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गागी, रांची जो 2016 से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सुकूरहुटू से फिर जेएसएसपीएस द्वारा प्रशिक्षण ले रहे दसवीं के छात्र ने रजत पदक जीतकर अपने माता-पिता, मामा धर्मनाथ महतो एवं स्कूल प्रबंधन सहित रांची, झारखंड एवं देश का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन ने सम्मान समारोह आयोजित करके चैंपियन खिलाड़ी अनूप कुमार महतो को शौल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं प्रधानाचार्य किशोर महतो ने कहा कि अनूप महतो ने हमारे स्कूल एवं रांची सहित झारखंड एवं भारत देश को गौरवान्वित किया है, इससे अन्य बच्चों को प्रेरणा लेने का दरकार है।

## पिपरवार के अशोका मे हुई एनके-पिपरवार ट्रक युनियन की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोका मे एनके एरिया खलारी ट्रक यूनियन और अशोका ट्रक यूनियन की बैठक हुई।बैठक में विशेष रूप से आपसी भाईचारा और दोनों यूनियन के बीच ट्रक मालिकों का हक अधिकार के लिए संयुक्त साझा कार्यक्रम बनाकर ट्रक मालिकों द्वारा काम करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे लिफ्टरो द्वारा लोडिंग के नाम पर गाड़ी मालिको से लिये जा रहे खर्च को कम करने की मांग की गई।साथ ही बाहरी भीतरी या भेदभाव करने पर युनियन द्वारा कारवाई करने की बात कही गई।बैठक में तय भाड़ा पर भी जोर दिया गया।इसके अलावा ट्रक मालिकों की स्थिति को देखते हुए सभी कांटा घरो मे कोयला का आवांटन बढ़ाने की मांग सीसीएल प्रबधंन से की गई।मांगे पुरी नही होने पर ट्रक यूनियन द्वार सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने का आहवान किया गया।बैठक में सभी गाड़ी मालिकों को एकजुट रहने की अपील की गई।बैठक मे एनके एरिया ट्रक यूनियन के अध्यक्ष तनवीर आलम,अशोका ट्रक ऑनर सचिव रचित गंझु,समाजसेवी सह ऑनर रोहन गांधी,रंथू गंझू,सुरेंद्र राम,दिलीप गंझू, रामबालक गंझु,प्रेम ठाकुर, विवेकानंद,गणेश,विकास कुमार दुबे,विक्की सिंह, अरुण यादव,फिरोज आलम सहित कई ट्रक ऑनर मौजुद थे ।

## द्वादश ज्योतिर्लिंगम दर्शन मेला का शुभारंभ

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री 108 हनुमान मंदिर नवनिर्माण समिति नामकुम बाजार में तीन दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंगम दर्शन मेला सह स्वर्णिम भारत नवनिर्माण अध्यात्मिक प्रदर्शनी मोटिवेशन शिविर का उद्घाटन ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन,सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह,स्वामी दिव्यदेव जी महाराज,लाल कालीनाथ शहादेव,मुन्ना झा,सबरजीत सिंह, प्रकाश साहू,दिनेश कुमार द्वारा सयुक्त रूप से किया गया।निर्मला बहन ने कहा कि शिव सबके अंदर है,बस उन्हें अपने अंतःकरण में ढूढने की जरूरत है।

## फर्जी वंशावली से प्रमाण पत्र बना कर ज़मीन खरीद बिक्री करने का मामला सामने आया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल में फर्जी वंशवाली के माध्यम से जाति , आवासीय प्रमाण पत्र बनाकर सीएनटी भूमि का क्रय विक्रय करने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में तरगड़ी गांव के सूरज केरकेट्टा ने इटकी अंचल व थाना को आवेदन देकर उसके खतियान का दुरुपयोग कर फर्जी वंशवाली बनाकर सीएनटी एक्ट के उलंघन करते हुए निशा बेक पति राहुल कुजर निवासी कोकर रांची के द्वारा 40 डिसनील भूमि परमिशन कराकर क्रय विक्रय करा लिया है। बताया गया है कि निशा बेक के पिता समीर कुमार भूषण बेक इटकी में रहते हैं। जो बेड़ो थाना क्षेत्र के टेंगरिया के मूल निवासी व खतियान धारी है। जिन्होंने इटकी थाना न0 105 के मौजा तरगड़ी के खाता न0 30 खेवट न0 03, खतियान का दुरुपयोग कर उत्तराधिकारी बनकर वंशावली बना सीएनटी भूमि का गलत ढंग से परमिशन कर करा का रजिस्ट्री करा ली है जो सीएनटी एक्ट को उलंघन है। सदर अनुमंडल कार्यालय से जाति प्रमाण पत्र R JHCC/2017/603037 से बनाया गया है जबकि आवासीय प्रमाण पत्र सं0 R न0 JHRC/2017/ 6571683 के माध्यम से बनाया गया है। आवेदक द्वारा अंचलकर्मियों को भी दिग्भर्मित कर खतियानी रैयत सूरज केरकेट्टा के द्वारा इटकी अंचल व थाना को एक शपथ पत्र देकर वीर सिंह पाहन का वंशज बताया है। सूरज केरकेट्टा के द्वारा अंचलाधिकारी को आवेदन देकर परमिशन रद्द करने की अनुशंसा करने की मांग की है। वहीं इटकी थाना में आवेदन देकर खतियान का दुरुपयोग कर फर्जी ढंग से जाति आवासीय बनाने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। इटकी सीओ विजय कुमार से इस मामले पर पूछे जाने पर बताया कि दाखिल खारिज वाद संख्या 197/ 2024-25 का मोटेशन कर दी गयी है। ज्ञात हो कि निशा बेक के द्वारा वाद संख्या 529 R 811/ 2024 के तहत उप समाहर्ता को परमिशन के लिए आवेदन दिया गया। जिसे जांच के लिये इटकी अंचल को भेज गया। हल्का कर्मचारी, सीआई, के द्वारा बिना जांच किये परमिशन की स्वीकृति दे दी। उपरोक्त वाद के आलोक में समीर कुमार भूषण बेक की पत्नी तारामणि मिंज, पुत्री नीता बेक, और नीलम बेक के द्वारा परमिशन व दाखिल खारिज के विरुद्ध 12 जुलाई 2024 को आपत्ति दर्ज कराया गया था। किंतु अंचल द्वारा बिना जांच पड़ताल व आपत्तिकर्ता के सुनवाई किये बिना ही मोटेशन कर दिए जाने से अंचल पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है।





प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# जमशेदपुर एफसी ने असम राइफल्स को 3-0 से हराया

▶ **सनन और इमरान के गोल ने जमशेदपुर की सीज़न ओपनिंग में जीत सुनिश्चित की**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने रविवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में असम राइफल्स फुटबॉल टीम के खिलाफ 3-0 की जीत के साथ इंडियन ऑयल डूरंड कप में अपने 2024-25 सीज़न की शुरुआत की। यह मैच जमशेदपुर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था क्योंकि शहर ने पहली बार प्रतिष्ठित डूरंड कप की मेजबानी की थी।

शुरुआत में घरेलू टीम ने पहले मिनट में लेन ने गोल करने का प्रयास किया, उसके ठीक 5 मिनट बाद एक और प्रयास किया।

18वें मिनट में सनन ने लेन को एक सटीक क्रॉस दिया और एमिल ने इसे लगभग गोल में बदल दिया। दो मिनट बाद इमरान के क्रॉस ने सनन को निशाना बनाया लेकिन उनका शॉट बार से दूर चला गया।

इमरान ने 35वें मिनट में फ्री किक ली, और आशुतोष का प्रयास पोस्ट से चूक गया। जमशेदपुर के लगातार हमलों ने मेहमानों को चौकन्ना रखा। जमशेदपुर के गोलकीपर एल्बिनो ने बॉक्स के किनारे से एक महत्वपूर्ण क्लीयरेंस किया, जिससे असम राइफल्स को गोल करने का कोई मौका नहीं मिला। अतिरिक्त समय में, सनन ने आखिरकार 45+2 मिनट में इमरान के कॉर्नर से गोल करके गतिरोध को तोड़ा, जिससे घरेलू दर्शकों में उत्साह भर गया।

हाफटाइम में निखिल बारला की जगह अनिकेत जाधव ने ली, जिससे हमले में नए खिलाड़ी जुड़ गए। प्रतीक ने असम राइफल्स की बढ़त को विफल करने के लिए आवश्यक बचाव किए।

जमशेदपुर की दृढ़ता ने 68वें मिनट में फिर से रंग दिखाया जब इमरान द्वारा सनन को दिया गया क्रॉस दूसरे गोल की ओर ले गया। घरेलू टीम ने दबाव बनाना जारी रखा, और 86वें मिनट में आशुतोष के क्रॉस से डिफ्लेक्शन के बाद इमरान ने गोल करके जीत सुनिश्चित कर दी।

जमशेदपुर एफसी ने अपने घरेलू मैदान पर इंडियन ऑयल डूरंड कप में अपना पहला मैच असम राइफल्स एफसी पर 3-0 की शानदार जीत के साथ समाप्त किया। सनन और इमरान का योगदान महत्वपूर्ण रहा, इमरान को उनकी सहायता और एक गोल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

जमशेदपुर का अगला मुकाबला 4 अगस्त को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन ऑयल डूरंड कप में आईएसएल प्रतिद्वंद्वी चेन्नईयिन एफसी से होगा।



## राज परिवार सदस्य कल्याण चंद्र सिंह के पुत्र शुभम के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुए लोग



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुखसागर रेस्टोरेंट में बिस्टुपुर राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह के बेटे शुभम कुमार सिंह का धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आमंत्रित गणमान्य लोग और परिवार के सदस्य उपस्थित थे। मौके पर शुभम ने केक काटा और उपस्थित लोगों ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र की आशीर्वाद दिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से कल्याण चंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, डॉक्टर के सिंह, राज, बहन रुसी सिंह, पत्नी डॉली सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## शोक संतप्त परिजनों से मिले झामुमो नेता अजय रजक



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी नेता अजय रजक ने रविवार को पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सुशील बेसरा की माताजी के श्राद्धकर्म में शामिल उनके घर पहुंचे। पटमदा प्रखंड अंतर्गत दिघी पंचायत के लेकड़ो गांव स्थित घर पर उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। दिवंगत पानमनी बेसरा के चित्र पर पुष्प अर्पित हुए उन्हें नमन किया। मौके पर जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, झामुमो नेता प्रीतम हेम्ब्रम, सुदर्शन स्वांसी, सामद अंसारी, रवि मुंडा व मनोज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## कांड्रा के डोकाकुली निवासी रवि प्रसाद तीन दिनों से लापता



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोकाकुली बस्ती स्थित ओवरब्रिज के समीप के टोला से बीते शुक्रवार की शाम महेश प्रसाद का 15 वर्षीय पुत्र रवि प्रसाद उर्फ प्रतुल लापता है। परिजनों के अनुसार बीते शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह घर से बाहर खेलने के लिए निकला था। उसके बाद अभी तक अपने घर वापस नहीं लौटा है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका कोई पता नही चल पाने के बाद उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कांड्रा थाना में दर्ज कराई गई है। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका पर पुलिस से अतिशीघ्र रवि को ढूंढ निकालने की गुहार लगाई है। परिजनों द्वारा रवि का कहीं पता चलने पर मोबाइल संख्या 81023 91123 पर सूचित करने की अपील भी की गई है।

## झारखंड स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप कम सेलेक्शन अंडर 17 में मानगो के सुरज प्रताप सिंह विजेता बने



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप कम सेलेक्शन अंडर 17 गिरिडीह डिस्ट्रिक्ट में आयोजित हुई। इस प्रत्योगिता में अंडर 15 का सिंगल, डबल एवं अंडर 17 का सिंगल व मिक्स डबल का कॉम्पिटिशन हुआ। अंडर 17 में पूर्वी सिंहभूम के सूरज प्रताप सिंह अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर विजेता बने। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी धनबाद के सुजल रक्षित को 21-12 और 21-9 से हराया। सूरज प्रताप सिंह जमशेदपुर मानगो स्थित एमजीएम रिपीट कॉलोनी के निवासी व भाजमो नेता प्रवीण सिंह के सुपुत्र है।

## बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में हुआ सहस्त्रघट पूजा, गूंजा भोले बाबा का जयकारा

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान द्वारा सावन मास के शुभ अवसर पर रविवार को बिष्टुपुर स्थित सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सहस्त्रघट पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। पंडित पुरूषोत्तम जोशी के सानिध्य में 11 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान से भोले बाबा की सहस्त्रघट पूजा कराई गई। सुबह 8 बजे से शुरू हुई पूजा में 21 जोड़े यजमान शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर महादेव का दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद भगवान महादेव का श्रृंगार कर महाआरती उतारी गयी। साथ ही भगवान शिव का भव्य दरबार सजाया गया था। पंडितों ने पूजा के दौरान सावन महीने में शिव पूजा का विशेष महत्व बताया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बाढ़ जैसी संभावित आपदा से निपटने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में आहूत हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में स्वर्णरिखा एवं खरकई नदी के जलभराव वाले संभावित इलाकों में बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने के सन्दर्भ में समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने चिन्हित पंचायत क्षेत्रों एवं नगर परिषद क्षेत्रों में इंसिडेंट कमांड सेंटर स्थापित करने, हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक करने सहित नियमित अंतराल पर साफ सफाई, जरूरी दवाईयों का वितरण, राशन, पेयजल हेतु टैंकर, बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराने वाले विभागों को 24×7 अपने कर्मियों को अर्लट मोड मैं तैनाती करने एवं उनको आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं एवं सुविधाओं से संसाधनयुक्त करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सिविल सोसाइटी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एनडीआरएफ के साथ-साथ पुलिस-प्रशासनिक टीम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। डूब प्रभावित क्षेत्रों मे नियमित साफ-सफाई ब्लीचिंग, डीडीटी पाऊडर का छिडकाव करते हुए संक्रामक बीमारियों के संभावित खतरों से बचाव के सारे प्रयास शुरू करने का निर्देश दिया। आपदा की स्थिति में प्रभावित इलाकों में लोगों को त्वरित सूचना प्रेषण एवं अलर्ट जारी करने के लिए पारंपरिक माईकिंग अनाउंसमेंट सहित सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी प्रेषण की व्यवस्था करते के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया।

## पुलिया निर्माण की मांग पर मंत्री बन्ना गुप्ता से मिला प्रतिनिधिमंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** रविवार को पुरुलिया रोड 12 ए वेस्ट ज़ाकिर नगर से मोहम्मद मंजर अमीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता के कदमा आवासीय कार्यालय में जाकर मंत्री से मुलाकात किया। मंजर अमीन ने मंत्री को बताया कि पुरुलिया रोड नंबर 12 ए वेस्ट मस्जिद अवीस कुरानी के बगल में एक बड़ा नाला है जो कपाली को जोड़ता है। नाले के ऊपर पुल बनाने के लिए पहले आवेदन दिया गया था और आपके द्वारा पास कर दिया गया था। इसके बावजूद अभी तक काम नहीं किया जा रहा है। बन्ना गुप्ता ने फौरन ऑफिस के पदाधिकारी को फोन करके जानकारी मांगी और जल्द से जल्द काम करने के लिए कहा। मंत्री ने मंजर अमीन को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द काम को शुरू कराया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान, मस्जिद इमाम हाफिज अजमल, मुख्तार आलम खान मौजूद थे।

## विकास विद्यालय का वर्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शनिवार को विकास विद्यालय, मानगो का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2023-24 के शैक्षणिक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर कक्षा 1 से 10 तक के छात्र और छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती की वंदना एवं दुर्गा स्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण नृत्य, नाटक एवं गाना के मध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरन महतो ने छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्देशक तथा संस्थापक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विभिन्न महापुरुषों के कार्यो का उल्लेख कर उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित किया। प्राचार्य विकास कुमार के द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गई। पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया एवं एक लक्ष्य तय कर उसके लिए पूरा प्रयास करने की सलाह दी।जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने भी बच्चों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। 10वीं की छात्रा शिक्षा कुमारी को सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इंदु देवी मेमोरियल अवार्ड से नवाजा गया।

## एसएनटीआई ऑडिटोरियम में गुलाब रोग और पोषक तत्व प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आगामी 41वें अखिल भारतीय गुलाब सम्मेलन सह गुलाब प्रदर्शनी और 34वें वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी की पूर्व संध्या पर बागवानी समाज जमशेदपुर ने रविवार को एसएनटीआई ऑडिटोरियम में गुलाब रोग और पोषक तत्व प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आत्रयी सान्याल (उपाध्यक्ष, एचआरएम, टाटा स्टील) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया गया। बागवानी समाज जमशेदपुर की अध्यक्ष सुमिता नूपुर ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि ने कार्यशाला के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने टीवी और मोबाइल स्क्रीन के प्रभुत्व वाले आज के व्यस्त जीवन में बागवानी के चिकित्सीय लाभों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बागवानी तनाव मुक्त जीवन और मन की शांति प्रदान करती है। बारन मैती ने प्रतिष्ठित संकाय सदस्य, संजय मुखर्जी, प्रसिद्ध गुलाब ब्रीडर और उपाध्यक्ष, पूर्वी क्षेत्र, भारतीय गुलाब महासंघ, कोलकाता का परिचय कराया। मुखर्जी को भारतीय गुलाब महासंघ द्वारा प्रतिष्ठित बिजय पोखरना गुलाब स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के समापन पर सुमिता नूपुर और बीके मैती, जमशेदपुर बागवानी सोसायटी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। धन्यवाद ज्ञापन बागवानी समाज जमशेदपुर के संयुक्त सचिव अश्विनी श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। लगभग 150 व्यक्तियों ने विभिन्न संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों, जिनमें कोल्हान विश्वविद्यालय और अन्य कॉलेज से कार्यशाला में भाग लिया।

## विवेक विद्यालय में यू-केजी के बच्चों द्वारा कॉन्सर्ट का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को यू-केजी के बच्चों द्वारा कॉन्सर्ट 2 के 24 का अयोजन हुआ जिसमें यू-केजी के सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कॉन्सर्ट का थीम सेरेनेड टू पेरेंट्स था।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रियंका (शाखा प्रबंधक, कैनरा बैंक गोविंदपुर) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में यूकेजी के सभी अभिभावक उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति के प्रदर्शन द्वारा वहां उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य अवधेश सिंह ने कहा कि बच्चों के समावेशी एवं बौद्धिक विकास की वृद्धि के लिए उनको शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ गैर शैक्षणिक क्षेत्रों में भी रुचि बढ़ाने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम का अयोजन महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों को लगभग हर क्षेत्र में निपुण बनाया जा सकता है एवं उनकी प्रतिभा उभर कर सामने आती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि तथा विद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को कार्यक्रम में उपस्थित होने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# मुझे एक ईमानदार व्यक्ति के रूप में याद किया जाए जिसने अपना कर्तव्य निभाया : जेआरडी टाटा

**प्रभात मंत्र डेस्क**

भारतीय उद्योग के इतिहास में, कुछ ही नाम जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा, जिन्हें प्यार से जेआरडी टाटा कहा जाता है, की तरह प्रभावशाली और आदरणीय हैं। वह न केवल एक असाधारण कॉरपोरेट लीडर थे, बल्कि एक संवेदनशील इंसान भी थे। सबसे यादगार शामों में से एक नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स के मैदान की थी, जब टाटा कर्मचारियों ने 1992 में उन्हें मिले भारत रत्न के सम्मान के उपलक्ष्य में उनका अभिनंदन किया था। अपने संबोधन के अंत में, जेआरडी ने अपने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, मेरे दोस्तों, मुझे कहना चाहिए मेरे बच्चों...। हर आंख नम थी क्योंकि वे जानते थे कि उन्होंने यह दिल से कहा है।

29 जुलाई, 1904 को पेरिस में जन्मे, जेआरडी का पालन-पोषण रतनजी दादाभाई टाटा और उनकी फ्रांसीसी पत्नी सूनी के दूसरे बच्चे के रूप में हुआ, जिन्होंने उनमें वैश्विक दृष्टिकोण को जन्म दिया। जेआरडी ने अपनी पढ़ाई पेरिस (फ्रांस), बंबई (भारत) और योकोहामा (जापान) में की। उन्होंने जो भी काम किया, उसमें उन्होंने उत्कृष्टता प्राप्त की। उनकी मातृभाषा फ्रेंच थी और उन्हें यह भाषा बहुत पसंद थी। जब वे अपने बीसवें साल में भारत में बस गए, तो उन्होंने अंग्रेजी भाषा में महारत हासिल की।

यह जानकर आश्चर्य होता है कि जेआरडी के निजी पुस्तकालय में लगभग 7,000 पुस्तकों का संग्रह था, जिसमें विमानन और विज्ञान से लेकर इतिहास और साहित्य तक के विषय शामिल थे। जेआरडी के खेलों के प्रति प्रेम और जुनून ने जमशेदपुर में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण को प्रेरित किया, जो एक अत्याधुनिक खेल सुविधा है।

जेआरडी टाटा का भारत के प्रति गहरा प्रेम 1925 में पहली बार देश आने से पहले ही स्पष्ट था। 1921 में अपने पिता आर.डी. टाटा को लिखे एक पत्र में, जेआरडी ने लिखा, आपने अपने पत्र में कहा है कि मुझे 1922 में भारत जाना होगा। आप कल्पना नहीं कर सकते कि मुझे कितनी खुशी हो रही हैज मैं तुरंत बंबई में काम करना शुरू करना चाहता हूं ताकि कुछ वर्षों में आपके काम का कुछ हिस्सा अपने ऊपर ले सकूं। वह 21 वर्ष की आयु में भारत में बस गए। फ्रांस के नागरिक के रूप में, जेआरडी ने एक साल के लिए सेना में सेवा दी। वह कैम्ब्रिज में पढ़ाई करना चाहते थे (जहाँ उनके लिए एक सीट आरक्षित थी), लेकिन आर.डी. टाटा ने उन्हें भारत वापस बुला लिया और 1925 में उन्हें टाटा समूह में प्रशिक्षण के लिए शामिल कर लिया। 1938 में, 34 वर्ष की आयु में, वे भारत के सबसे बड़े औद्योगिक समूह के चेयरमैन बने। एक साक्षात्कार में जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने अपनी सीमित औपचारिक शिक्षा के बावजूद अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह कैसे किया? उनके उत्तर में प्रबंधन का सबसे बड़ा सिद्धांत छिपा था। उन्होंने कहा, %तकनीकी ज्ञान की कमी के कारण, प्रबंधन में मेरा मुख्य योगदान दूसरों को प्रोत्साहित करना थाज... कभी-कभी, इसमें स्वयं की इच्छाओं को दबाना शामिल था। यह कष्टदायक लेकिन आवश्यक हैज...लोगों का नेतृत्व करने के लिए, आपको स्नेह से उनका नेतृत्व करना होगा।

1942 में, जेआरडी टाटा स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आकर्षित हुए, लेकिन उन्होंने खुद को पीछे रखा। उनका उद्देश्य भारत की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत करना था। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह 14 कंपनियों से बढ़कर 95 कंपनियों तक फैल गया, जिसमें इस्पात, विमानन, बिजली उत्पादन, आईटी और कंज्यूमर प्रोडक्ट जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल थे। जेआरडी की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक भारतीय विमानन में उनकी अग्रणी भूमिका थी। 1932 में, उन्होंने भारत की पहली वाणिज्यिक एयरलाइन, टाटा एयरलाइंस की स्थापना की, जो बाद में एयर इंडिया बनी।





जेआरडी के नेतृत्व की विशेषता उनकी उत्कृष्टता की निरंतर खोज और भारतीय उद्योग की क्षमता में उनका अटूट विश्वास था। उन्होंने टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टाटा केमिकल्स, वोल्टास, टाटा टी और टाटा इंडस्ट्रीज की स्थापना की। जेआरडी की अध्यक्षता में, टाटा स्टील ने महत्वपूर्ण आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण को साकार होते हुए देखा, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा मजबूत हुई। उन्होंने सहानुभूति और पूर्णतावाद दोनों के महत्व पर जोर दिया। एक युवा प्रबंधक को लिखे पत्र में, जेआरडी ने लिखा, हमें हर काम में पूर्णता के लिए प्रयास करना चाहिए, न केवल इसलिए कि यह आवश्यक है, बल्कि इसलिए कि यह हमारे देश और अपने प्रति हमारा कर्तव्य है।

जेआरडी टाटा की विरासत कारोबार से कहीं अधिक विस्तारित है। सामाजिक क्षेत्र में, वह राष्ट्रीय स्तर पर परिवार नियोजन की हिमायत करने वाले पहले व्यक्ति थे। हालांकि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू उनसे असहमत थे, फिर भी जेआरडी ने चालीस वर्षों तक मुख्य रूप से उनके द्वारा स्थापित की गई एजेंसी - फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के माध्यम से परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया। उनके इस कार्य के लिए उन्हें यूएन पॉपुलेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। जवाहरलाल नेहरू और जेआरडी टाटा के बीच आपसी सम्मान और राष्ट्र निर्माण के एक सामान्य लक्ष्य का साझा संबंध था।

जेआरडी टाटा, बॉम्बे प्लान के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे, जिनके साथ जीडी बिड़ला, लाला श्री राम, जॉन माथाई, अर्देशिर दलाल, एडी श्रॉफ और अन्य शामिल थे। उन्होंने इसे भारत के आर्थिक विकास के लिए एक खाका के रूप में देखा, जो तेजी से औद्योगीकरण, बुनियादी अवसरंचना में पर्याप्त सार्वजनिक निवेश और आत्मनिर्भरता तथा आधुनिकीकरण हासिल करने के लिए सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की संतुलित भूमिका पर जोर देता था।

जेआरडी की उपलब्धियां कारोबार और अर्थशास्त्र से परे उन संस्थानों और लोगों तक विस्तारित थी जिन्हें उन्होंने बनाने में मदद की। दो राष्ट्रीय संस्थान - टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) और नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) - उनके समर्थन और दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप शुरू किए गए थे। तीसरा, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (एनआईएएस), 1988 में उनके द्वारा उद्घाटित किया गया था।

परमाणु ऊर्जा की शक्ति की परिकल्पना करते हुए, जेआरडी ने एक बार लिखा था, हालांकि न्यूक्लियर फिजिक्स आज भी शुद्ध विज्ञान के क्षेत्र में है, यह विज्ञान की शाखा मानव को एक नई, विशाल और असीमित शक्ति स्रोत उपलब्ध कराएगी। हमारे पास होमी भाभा, चंद्रशेखर और अन्य विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक हैं, और उचित सुविधाएं दिए जाने पर, हम अपनी क्षमता को साबित करने में पूरी तरह सक्षम हैं। जेआरडी ग्रामीण उत्थान की दिशा में कारोबार की जिम्मेदारियों को पहचानने वाले पहले प्रमुख उद्योगपति भी थे।

उन्होंने सुझाव दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित उद्योग अपने आस-पास के गांवों को गोद लें। जब एक अमेरिकी अर्थशास्त्री ने कहा कि अगली सदी में भारत आर्थिक महाशक्ति होगा, तो जेआरडी ने एक सभा में कहा, मैं नहीं चाहता कि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बने; मैं चाहता हूं कि भारत एक खुशहाल देश बने।

उन्होंने जेआरडी टाटा ट्रस्ट, थेल्मा जे. टाटा ट्रस्ट और टाटा मेमोरियल अस्पताल की स्थापना की।

उनके शाश्वत सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं, जो टाटा समूह और अन्य भारतीय उद्यमों का मार्गदर्शन करते हैं। टाटा स्टील में उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एथिक्स माह के दौरान नैतिक कारोबार अभ्यासों में उनके विश्वास के प्रति सम्मान प्रकट किया जाता है।

4 मार्च, 1991 को जमशेदपुर के जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट (XLRI) में जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स के उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा था, वास्तव में पुराने सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है, जिन्हें दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में अक्सर नजरअंदाज या उपेक्षित किया गया है, इस विश्वास में कि इससे जल्दी लाभ और अधिक संपत्ति का संचय होगा। टाटा में अपने अनुभव से हमने पाया है कि यह एक गलत विश्वास है।

आज भी, जेआरडी टाटा की सत्यनिष्ठा, सामाजिक जिम्मेदारी और दूरदर्शी सोच के सिद्धांत आधुनिक लीडर्स के लिए मूल्यवान सबक प्रदान करते हैं। जब दुनिया कॉर्पोरेट एडमिनिस्ट्रेशन और सस्टेनेबिलिटी की चुनौतियों का सामना कर रही है, तो जेआरडी की विरासत नैतिक नेतृत्व का एक प्रकाशस्तंभ है।

टाटा स्टील द्वारा स्थापित शहर जमशेदपुर जेआरडी टाटा की एक सुव्यवस्थित और स्थायी शहरी वातावरण के विज़न को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में, शहर का विकास कर्मचारियों की भलाई, बुनियादी संरचना और पर्यावरणीय प्रबंधन पर मजबूत ध्यान के साथ किया गया था।

दुनिया जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा को महान भारतीय उद्योगपति कहती है। जेआरडी ने कहा था, मैं यह चाहता हूं कि मुझे एक ईमानदार व्यक्ति के रूप में याद किया जाए जिसने अपना कर्तव्य निभाया। हम सभी को ऐसा बनने का प्रयास करना चाहिए - एक ईमानदार व्यक्ति जो अपना कर्तव्य निभाता है।




**वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज द्वारा लिखित आलेख (संदर्भ : जे.आर.डी. टाटा : पत्र और मुख्य वक्तव्य)**

# वन विभाग द्वारा 75 वां वन महोत्सव मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज प्रांगण में वन महोत्सव मनाया गया। यह वन महोत्सव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग चतरा के दक्षिणी प्रमंडल द्वारा 75वां वन महोत्सव मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग एवं श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता शामिल थे। कार्यक्रम में श्री भोगता ने कहा कि शुद्ध ऑक्सीजन के लिए हर घर के आंगन हो या चारदीवारी सभी में पौधे जरूर लगाना चाहिए। चुकी कोरोना काल में सबसे अधिक मौत हुई है तो केवल ऑक्सीजन के कारण ।इस लिए शुद्ध ऑक्सीजन के लिए जंगल हो या कैंपस सभी में पौधे लगावें और पर्यावरण तथा जलवायु को बचाएं। आज पेड़ों के कट जाने से वर्षा में अधिक गिरावट आ गई है। चुकी जहां अधिक पेड़ पौधे होते हैं वहां वर्षा भी अधिक होती है ऐसे में आज जरूरत है पौधे लगाने की। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय के बच्चियों ने नृत्य कर मंत्री को स्वागत किया। पत्रकारों के सवाल पर श्री भोगता ने कहा की ट्रेनिग कॉलेज को पुनः बहाल किया जाएगा। सरकार से मांग करते हुए फिर से यहां शिक्षक प्रशिक्षण चालू किया जाएगा। सीसीएल के द्वारा मुख्य सड़को से कोयले की ढुलाई के दौरान आज सैकड़ो लोग उक्त कोयला वाहनों के चपेट में आने से मौत हो गई या हो रही है इसके लिए क्या किया जाएगा। श्री भोगता ने सवालों के जवाब में कहा की सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए मुआवजा नीति पुनः बैठक कर बनाई जाएगी। आगे मंत्री सत्यानंद भोगता ने पत्रकारों के कई अन्य जटिल सवालों का ज़बाब नहीं देकर बचते रहे। मौके पर डीडीसी पवन कुमार मंडल, डीएफओ दक्षिणी मुकेश कुमार, डीएफओ उतरी राहुल मीणा, रेंजर सिमरिया सूर्य भूषण कुमार, रेंजर पिरी अजीत राम, एसडीपीओ अजय केशरी, प्रमुख रोहन साव, पश्चिमी जीप सदस्य देवनन्दन साहू, थाना प्रभारी मानव मयंक, गुड्डू आलम, बिनोद महतो, अनिता देवी, रामप्रवेश केवट, वनपाल अजीत तुरी, विकास कुमार, वन रक्षी संजय कुमार, कैलाश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## टीएसपीसी के द्वारा चालकों को धमकी मिलने के बाद डीवीसी का परिचालन ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के द्वारा डीवीसी कंपनी का परिचालन कर रहे चालकों को धमकी मिलने के बाद से भयभीत चालकों ने विरोध जताते हुए रविवार को डीवीसी कंपनी से अपनी सुरक्षा की मांग की है। चालकों ने कहा कि कंपनी ने लोगों को सुरक्षा प्रदान नहीं करती है तब तक गाड़ी का परिचालन बंद रहेगा। वहीं चालकों के विरोध के कारण डीवीसी कंपनी को लाखों का नुकसान हो रहा है। बता दें कि हेरहंज प्रखंड थाना क्षेत्र के जानी गांव के समीप शुक्रवार की रात्रि करीब एक बजे टीएसपीसी के उग्रवादियों ने जमकर उत्पाद मचाया है। डीवीसी कंपनी में कोयला परिवहन करने वाली दो हाईवा को आग लगा दिया। जिससे हाईवा वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गई। इस दौरान टीएसपीसी के उग्रवादियों ने पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेवारी ली। घटना को अंजाम देने के बाद उग्रवादियों ने एक पर्चा फेंका। इस पर्चे में लिखा है की डीवीसी कंपनी संगठन को बिना मैनेज के कर काम करती है, तो अंजाम भुगतना होगा। पर्चा में उग्रवादियों ने चालकों को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है। जिसको लेकर शनिवार की शाम 4:00 बजे से डीवीसी कंपनी का परिचालन ठप हो गया है।

## हथियापथल के दर्जनों भारती को नहीं मिल रहा अबुआ आवास का लाभ, आवास मुहैया कराने की मांग की



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार सभी ने बड़े गर्व से यह दावा कर रही है की राज्य में गरीबों के लिए आवास योजना के तहत सभी गरीबों के लिए पक्का मकान मुहैया कराया जा रहा है। लेकिन वास्तविकता कुछ और ही बयाँ कर रही है प्रखण्ड क्षेत्र के कुन्दा पंचायत अंतर्गत हथियापथल में गरीबो के टूटे कच्चे मकान को देख कर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार की दावे में कितनी सच्चाई है। मेदवाडीह गाँव के भुइयाँ टोली (हथिया पत्थल) निवासी जमदेव भारती, बिजुली भारती, शांति देवी, बबिता देवी, संगीत देवी समेत अन्य भारती परिवारों ने बताया की पक्का आवास देखने को आंखें तरस गई है।हम मजदूर गरीब परिवारों को कई बार सुनने को मिलता है की पक्का आवास मुहैया कराई जाएगी लेकिन सिर्फ कानों तक ही सीमित रह जाती है।अबुवा आवास योजना में जब आवेदन किया तो एक बार फिर उम्मीद जगी लेकिन पदाधिकारीयो के अनियमितता के कारण इनका नाम सूची में नीचे कर दिया गया जिसके कारण आज भी टूटे कच्चे मकान में रहने को विवश है।

## जमीन के अभाव में कई सरकारी दफ्तर बनने का सपना हुआ अधूरा



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के महज आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित मौजा बकचौमा के खाता 2 के प्लॉट 76 और 77 में लगभग 52 एकड़ भूमि जंगलझाड़ी और प्रतिकदिम पड़ा हुआ है। जहां उक्त खाता प्लॉट की जमीन को कुछ लोगों ने फर्जी कागजात बना रैयती बताते हुए घर मकान बना रहे हैं। आपको बता दें कि उक्त भूमि के खाता नंबर 2 के प्लॉट नंबर 76 जंगलझाड़ी है। वहीं प्लॉट 77 की भूमि प्रतिकदिम है। दोनों प्लॉटों की भूमि लगभग 52 एकड़ है।जो सरकारी भूमि है। परंतु उक्त भूमि को अधिग्रहण कर फर्जी कागजात बना निजी उपयोग में ला रहे हैं। एक तरफ भूमि नहीं रहने के कारण कई जरूरी दफ्तर से लेकर उपकारा जेल एवं बस स्टैंड नहीं बन पा रहा है। इसके लिए जमीन की चिन्हित करने में आला अधिकारी लगे हुए है। बड़े मजे की बात है कि दो वर्ष पूर्व उक्त जमीन का मामला अखबारों में प्रकाशित होने के बाद अंचल हरकत में आई और आनन फानन में सभी को नोटिस दी गई थी। जहां जांचोपरांत अंचलाधिकारी छूटेश्वर दास द्वारा खरीद बिक्री से लेकर घर मकान बनाने पर प्रतिबंधित लगाते हुए बजाप्ता बोर्ड लगा दिया गया था। जहां उक्त भूमि पर बोर्ड आज भी लगा हुआ है। किंतु हैरत की बात है कि बोर्ड लगाने के बावजूद भी घर मकान बनाना आम बात हो गया है। वहीं अंचल मूकदर्शक बनी हुई है। वैसे में क्या उक्त भूमि को माफियाओं के चंगुल से आजाद किया जाएगा या उन्हीं माफियाओं के हवाले कर दिया जाएगा। एक तरफ प्रशासन अतिक्रमण को लेकर सख्त है। सभी को लोगों को नोटिस के जरिए अतिक्रमण हटाने की बात कही गई है। वहीं सरकारी भूमि को लोग कब्जा जमाए बैठे हैं। जिससे उपकारा जेल से लेकर बस स्टैंड एव अन्य जरूरी दफ्तर का कार्य रुका पड़ा है। **जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण क्या कहते है। :** जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि उक्त खाता प्लॉट की भूमि पर यदि उपकारा जेल या बस स्टैंड बनती है तो लगभग दो सौ बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा वहीं ऑटो चालकों का रोजगार में इजाफा होगा। वैसे में उक्त खाता प्लॉट की भूमि पर सरकारी कार्य होना चाहिए।जिससे लोगों का रोजगार मिलेगा एवं सिमरिया विकसित होगा।

# 15 अगस्त को फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन को लेकर तैयारियां शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** स्वतंत्रता सेनानी की याद में पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। देश के महान स्वतंत्रता सेनानी जय मंगल पाण्डेय-नादिर अली की याद में चौथी बार जय मंगल पाण्डेय नादिर अली मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पत्थलगड़ा में होगा। आयोजन को लेकर आयोजन समिति तैयारी जोरों से शुरू कर दी गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान ने बताया कि स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए और राज्य के कई स्थानों के क्लबों के खिलाड़ियों को एक मंच व प्लेट फार्म देने के उद्देश्य से टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। बाहर के टीमों को टूर्नामेंट में आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एंव उनका हौसला बढ़ाने के लिए टूर्नामेंट आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के संरक्षक प्रमोद कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, सचिव तिलेश्वर राणा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि चतरा की धरती बलिदानियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की है। ऐसे में महान स्वतंत्रता सेनानी की याद में चौथी बार खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस दौरान क्षेत्र के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, संसद कालीचरण सिंह, एसडीओ अजय कुमार केसरी, जीतन राम को आने के आमंत्रण किया गया है साथ ही आगे भी कई दिग्गज हस्तियों को आमंत्रण किया जाएगा। इस मौके पर अरविंद कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार उर्फ हनी हंक, बालेश्वर दांगी के अलावे कई सदस्यों उपस्थित थे।

# झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन कमेटी का किया गया विस्तार, अध्यक्ष बने मृत्युंजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के संतोषी प्रांगण में रविवार को पत्रकार संघ पत्थलगड़ा की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रभात मंत्र के चतरा ब्यूरो पत्रकार मोकिम अंसारी व संचालन प्रखंड सचिव मोहम्मद सिराजुल ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब चतरा जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप, जेजेए जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य सह जेजेए के जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत राणा उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसमिति से झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, उपाध्यक्ष सुनील दांगी उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, सचिव मोहम्मद सिराजुल, उपसचिव कैलाश दांगी, मनीष सिंह, कोषाध्यक्ष सुजेक सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी संजय राणा, सुनील राम को का नाम शामिल है। बैठक के तत्पश्चात पत्रकारों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया। मौके पर प्रेस क्लब चतरा के जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप ने कहा कि पत्रकारों द्वारा खबर को प्रकाशित किए जाने पर इन दिनों चतरा जिला के विभिन्न पत्रकारों के ऊपर जानलेवा हमला किया जा रहा है और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है यहां तक सरकार द्वारा पत्रकार हित के लिए कई कानून बनाई जा चुकी है। आगे श्री कश्यप ने बताया कि प्रेस क्लब चतरा द्वारा पूर्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जो पूरे जिला में सराहनीय रहा है। मौके पर पत्रकार अशोक साहू, घनश्याम दास, समाजसेवी सेवा निर्मित शिक्षक चमारी राम उपस्थित थे।

## फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच मुखिया ने किया किट वितरण, खिलाड़ियों में हर्ष



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के मुखिया बेबी देवी ने पहरा पंचायत के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच किट का वितरण रविवार को किया है। जिसमें जूता मौज व जर्सी सम्मिलित है। खिलाड़ियों ने कहा की इस प्रकार से मुखिया की पहल रही तो हम खिलाड़ी का मनोबल बरकरार रहेगा। और आगे बढ़ते रहेंगे। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## तेतरियाखांड के विस्थापितो की मांग पूरा नही करने पर सीसीएल का कार्य करेंगे बाधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड की एक बैठक रविवार को समिति के अध्यक्ष सुरेश उराँव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर बोलते हुए सुरेश उरांव ने कहा कि श्रमिक सहयोग समिति के बैनर तले पिछले वर्ष 22/03/2023 को सीसीएल को विस्थापितो द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था कि विस्थापितो को नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास समेत रोजगार से जोड़ने की सुविधा प्रदान की जाए। लेकिन सीसीएल द्वारा इस पर कोई पहल नहीं किया गया है। जिससे विस्थापितो में असंतोष व्याप्त है। अगर हम लोगों की मांगों को सीसीएल द्वारा जल्द पूरा नहीं किया जाता है। तो हम लोग सीसीएल का सारा कार्य बाधित कर देंगे। जिसकी सारी जवाब देही सीसीएल की होगी। मौके पर सुरेश उराँव, बिहारी यादव, टेकलाल तुरी देवनारायण यादव, जितेंद्र तुरी, भुनेश्वर यादव, प्रदीप यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आयुष्मान मंगलम ट्रस्ट द्वारा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल बसारडीह लोहरदगा में कल्याण अस्पताल एवं एवं आयुष्मान मंगलम ट्रस्ट द्वारा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर एस शंकर राम एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन के द्वारा घटना एवं कुल्हा से संबंधित रोगों का इलाज किया गया। इस शिविर में घटना एवं नस संबंधी सभी रोगों का निशुल्क औषधि जांच एक्स-रे एवं चिकित्सीय परामर्श जनजातीय बहुल ग्रामीणों को प्रदान किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जनरल फिजिशियन डॉक्टर पी पी सिंह जनरल फिजिशियन डॉ एसके सिन्हा जनरल फिजिशियन दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आस्था सिंह के द्वारा मरीज का जांच एवं चिकित्सा परामर्श दिया गया। इस शिविर में शुगर ब्लड प्रेशर शारीरिक माप तोल ऑक्सीजन मैप पल्स रेट आदि की जांच कर निशुल्क दवा दिया गया। इस शिविर में मरीज का निशुल्क आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड बनाया गया।

## गणित ओलंपियाड में भारत का उच्च प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए मनोबल बढ़ाया : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने यशश्वी प्रधानमंत्री जी का मन की बात अध्यक्ष अमरेश भारती के नेतृत्व में सुना। 284 और 285 बूथ मे श्री कमलेश कुशवाहा के आवासीय परिसर में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव ने कहा कि मन की बात में श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश में विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार रखा। साथ ही गणित ओलंपियाड में भारत का उच्च प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों से बात कर शुभकामना देते हुए मनोबल बढ़ाया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने राजनीति से दूर भारत के छिपा हुआ गौरव को सबके सामने रखते हैं ।परंतु विपक्षियों को इस पर भी पेट में मरोड़ होता है।लेकिन अब हम सभी कार्यकर्ताओं को इस पर ध्यान न देते हुए विधान सभा के चुनाव में लग जाना है और भाजपा को जीत दिलाना है। अंत में कमलेश कुशवाहा ने धन्यवाद देते हुए सभी को पवित्र सावन माह का शुभकामना भी दिया। कार्यक्रम में श्री मनीर उरांव,अमरेश भारती, संजय महतो, कमलेश कुशवाहा, मनोज साहू राजेश महतो, विप्लव कुमार, महेश महतो, सुनील कुमार, आदि लोग उपस्थित हुए।

## रविडे ने नल जल योजना में हुए भ्रष्टाचार में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में फैले भ्रष्टाचार व विकास के कार्यो में अनियमितता को लेकर झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने 27 जुलाई 2024 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, आयुक्त पलामू, तथा उपायुक्त लातेहार को पत्र भेजकर कार्रवाई कि मांग किया है। इस संबंध में रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड प्रदेश के लातेहार जिले में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा स्थापित किए गए इस योजना में भारी लुट खसोट और भ्रष्टाचार हुआ है। प्राक्कलन राशि का 30 से 40 प्रतिशत में किसी प्रकार ढांचा खड़ा करके बाकि राशि का बंदरबांट किया गया है। योजना बोर्ड पर प्राक्कलन राशि का अंकित नहीं होना भ्रष्टाचार की बू आ रही है।विभाग के कार्यपालक अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, कनीय अभियन्ता और संवेदक के मिलीभगत से इस महत्वाकांक्षी योजना को लातेहार जिले में पुरी तरह फेल करवाकर रखा गया है। जिले में इस योजना में करोड़ों रुपया खर्च होने के बाद भी आम जनता को भीषण गर्मी में पेयजल नसीब नहीं हुआ है। इस विभाग के अधिकारी केवल बात बनाकर टाइम पास कर रहे हैं। इस योजना का गहन और निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग किया है।

# झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पंचायत के गढगोमा ग्राम में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का प्रखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता अजीत प्रजापति ने किया। इस बैठक मे पांकी विधानसभा के विधायक शशि भूषण मेहता के द्वारा पलामू प्रमंडल अंतर्गत प्रजापति समाज के एक व्यक्ति को बेरहमी से मारपीट किया गया उसका बहिष्कार प्रजापति समाज द्वारा किया गया।, इस दौरान प्रजापति समाज के लोगो ने कहा किसी को भी कानून के खिलाफ कार्य करने का अधिकार नही है जो घटना हुवा इससे प्रजापति समाज काफी रोष में है साथ ही पीड़ित परिवार को उचित न्याय नही मिलने पर उग्र आंदोलन हेतु विचार बनाया गया ताकि इस तरह का निंदनीय घटना प्रजापति समाज के साथ न हो, साथ ही हाल ही के कुछ दिनों में विधानसभा का चुनाव होना है इसकी भी चर्चा किया गया की एवं इस संबन्ध मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जो प्रजापति समाज के हित की बात करेगा समाज उसका साथ रहेगा। मौके पर झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के सचिव सोनू प्रजापति, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, कार्यालय मंत्री डॉ रणधीर प्रजापति, फुलसू पंचायत अध्यक्ष बिनेश्वर प्रजापति, एवम् सचिव संदीप प्रजापति, दिनेश प्रजापति, आदित्य प्रजापति, मनीष प्रजापति, देवनारायण प्रजापति, शंभू प्रजापति, रूपेश प्रजापति, बिनोद प्रजापति, सारो देवी, राधिका देवी, तथा सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मोजूद रहे।

# आजसू पार्टी के युवा एवं नगर कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे सुरेश महतो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय लोहरदगा में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत उपस्थित हुई। इसके अलावा जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक कंवलजीत सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा आजसू के संयोजक लाल मनीष नाथ शाहदेव, युवा मोर्चा के जिला सह प्रभारी राहुल राजबाला, विजय कुमार, रजत तमेडा, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता,पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, युवा नेता पवन प्रजापति, दिग्गज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में यह तय किया गया अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में लोहरदगा नगर कमेटी एवं युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न होगा। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे एवं चूल्हा प्रमुख बनाने पर भी विशेष चर्चा हुई। नगर कमेटी को यह दिशा निर्देश दिया गया की 5 दिनों के अंदर नगर के 23 वार्डों के चूल्हा प्रमुखो की सूची जिला कार्यालय में सौंप देंगे। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती नीरू शांति भगत ने कहा कि इस बार विधानसभा का चुनाव हमें जीतना है, सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि तन-मन से लगकर पार्टी का कार्य करेंगे। वहीं जिला मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा की चूल्हा प्रमुख बनाने का काम बहुत तेजी से चल रहा है,किंतु कुछ पदाधिकारी और नेता पूरी ऊर्जा के साथ अभी तक कार्यों में नहीं लगे हैं,उन सभी से निवेदन है कि अपनी पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी का कार्य करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेतमा के समीप डाल्टनगंज मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला क्रिस्टीना कुजूर पति स्वर्गीय मारकुश किंडो छिपादोहर में अपने पुत्र के पास रहती थी। जहां से वह अपने अन्य तीन पुत्र जो की गांव चेतमा में रहते हैं उनके पास आई थी। इसी दौरान अपने पोते नेम्हा किंडो के साथ महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत टीमकीताड़ अपने ननद के घर मिलने गई थी। जहां से अपने पोते के साथ टेंपो में सवार होकर रात्रि करीब 8ः00 बजे लौट रही थी। इसी दौरान टेंपो उनका पोता नेम्हा किंडो चला रहा था, जो की काफी नशे की हालत में था। टेंपो अनियंत्रित होने पर बुजुर्ग महिला टेंपो से गिर पड़ी। जिसके बाद नेम्हा किंडो नशे की हालत में ज्यादा घबरा गया और वहां से फरार हो गया। और घर आकर किसी को भी घटना की जानकारी नहीं दी। घर वालों को बताया की दादी (वृद्ध महिला) को बांसकरचा में छोड़ कर आया है। वही सुबह बुजुर्ग महिला की शव सड़क पर मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद अक्सी पंचायत की मुखिया रोजलिया कुजूर घटनास्थल पर पहुंची। और आरोपी नेम्हा किंडो से पूछताछ करने लगी। जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस सुबह घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# भाजपा जिला अध्यक्ष सड़क दुर्घटना में हुए घायल
## सूचना पाकर सांसद मनीष जायसवाल ने जाना कुशलक्षेम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह की गाड़ी अनियंत्रित होने से कटकमसांडी के कंचनपुर पंचायत स्थित ग्राम हेदलाग के मोहडर के समीप रविवार को सड़क दुर्घटना हो गया। वे कटकमसांडी प्रखंड में आयोजित भाजपा के बूथ अध्यक्षों के सम्मान समरोह में भाग लेकर लौट रहें थे। गाड़ी खुद भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह चला रहे थे और उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाशपति ओझा, सुमन कुमार पप्पू, मनोज गिरी और विवेक जोशी गाड़ी में बैठे थे। दुर्घटना में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह के सिर पर चोट लगी और मनोज गिरी का हाथ डिस्लोकेट हो गया बाकी लोगों को चोट नहीं आई है। घायल अवस्था में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह सहित अन्य घायल को तत्काल शहर के हरनगंज रोड़ स्थित वीणा जेनरल हॉस्पिटल में इलाज के लिए हुए भर्ती कराया गया जहां भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह का स्टिच लगाकर छुट्टी कर दिया गया। रेस्ट के लिए उन्हें तत्काल उनके घर ले जाया गया । रविवार को ही हजारीबाग से लोकसभा सत्र के लिए दिल्ली के लिए रवाना हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को जैसे ही सुचना प्राप्त हुई तत्काल उन्होंने अपने प्रतिनिधि के रूप में रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। रंजन चौधरी तत्काल अस्पताल पंहुचे और घायल जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह, मनोज गिरी सहित अन्य का कुशलक्षेम जाना और इसकी सूचना सांसद मनीष जायसवाल को दी। सांसद मनीष जायसवाल ने भी भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह और अन्य घायलों से मोबाइल के जरिए बात करके उनका कुशलक्षेम जाना एवं ईश्वर का शुक्रिया जताया की सड़क दुर्घटना होने के बावजूद भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा नेता सुरक्षित हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह सहित अन्य घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की ।

## अंबा प्रसाद के प्रयासों के बदौलत बड़कागांव बुढ़वा महादेव मंदिर में विद्युतीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**▶ पर्यटन क्षेत्र घोषित कराने के बाद कई विकास योजनाओं की रूपरेखा की जा रही तैयार : अंबा प्रसाद**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** सावन के महीने में विधायक अंबा प्रसाद द्वारा बड़कागांव बुढ़वा महादेव मंदिर तक विद्युतीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। लगातार प्रयासों के बाद विधायक अंबा प्रसाद के निर्देशानुसार कार्य धरातल पर उतर गया है। बिजली के खंभे लगने शुरू हो गए हैं, ऊपर मंदिर में ट्रांसफार्मर भी उपलब्ध कराया जायेगा। विधायक कार्यालय के कर्मचारी स्वयं स्थल पर मौजूद होकर अपने देख रेख में कार्य करवा रहे है। वहीं इस अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए विधायक ने कहा कि बुढ़वा महादेव मंदिर को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का कार्य किया गया है। जिसके बाद मंदिर में बहुत सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से जारी है। वही मंदिर के विकास के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। विगत दिनों जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने बुढ़वा महादेव मंदिर में विकास कार्यो को लेकर निरीक्षण एवं प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया है । वहीं बुढ़वा महादेव मंदिर तक बिजली पहुंचाने के नेक कार्य के लिए स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद का शिव भक्तो ने आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मनोज ठाकुर, पंचम कुमार, विक्की कुमार, परमेश्वर मेहता, अनुराग बसु, भीमदेव, गणेश महतो, कुलदीप राणा, रोहित ठाकुर, संजीत राम, अनिल राणा, बनवारी राम, महेश राम सहित कई लोग शामिल थे।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैय्यद तनवीर अहमद की अध्यक्षता में पेलावल उत्तरी पंचायत भवन में एक निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कार्य समिति सदस्य कय्यूम अहमद ने किया। इस मौके पर उन्होंने डॉ. कलाम को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस समारोह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री विनीत जैन, जिला कोषाध्यक्ष अबू ताल्हा हाश्मी, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष जैनूल अंसारी, कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी, मनीष ठाकुर, और अन्य भाजपा पदाधिकारी जैसे एकराम अंसारी, कुर्बान अंसारी, जैनुल अंसारी आदि उपस्थित रहे। इस शिविर का आयोजन एस4 आई हॉस्पिटल, हजारीबाग के सहयोग से किया गया। शिविर में तीन डॉक्टरों और पांच स्टाफ सदस्यों ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान लगभग सौ लोगों ने अपनी आँखों की जांच करवाई और सरकार द्वारा प्रदत्त मुफ्त योजना का लाभ उठाया। इस अवसर पर सैय्यद तनवीर अहमद ने कहा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने देश के विकास में जो योगदान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हमें प्रेरित करता है और इस शिविर का आयोजन उनके प्रति सम्मान प्रकट करने का एक तरीका है।शिविर में उपस्थित लोगों ने इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

## खपरैल कच्चे मकान के गरीबों को झारखंड सरकार दे रही है अबुआ आवास : डॉ आरसी प्रसाद मेहता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मिट्टी और खपरैल से बने कच्चे मकान के वाशिंदों को झारखंड सरकार द्वारा अबुआ आवास दिया जा रहा है जिससे अब लोग बेघर नहीं रहेंगे। हर हड़िया हर मुड़िया 5 किलो निश्शुल्क चावल सोनिया गांधी द्वारा 20 वर्षो पूर्व से दिया जा रहा है यह मोदी चावल नहीं है. आम नागरिकों के टैक्स राशि द्वारा गरीबों को चावल दिया जा रहा है उक्त बातें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने कटकमसांडी प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगल में बसा गांव डोनडवा में कहा। डोनडवा गांव आदिवासी एवं पिछड़ों गरीबों का गांव है इस गांव में आधी आबादी मिट्टी के कच्चे मकान में रहता है। उन्होंने आगे कहा की वे प्रखंड के बीडीओ ,जिले के उपायुक्त एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुजारिश करते हैं कि ऐसे सभी आदिवासी सहित मूलवासी एवम् जरूरतमंदों का निरीक्षण कर बिना भेदभाव के अबुआ आवास मुहैया कराया जाए। अबुआ आवास के नाम पर गांव में दोहन किया जा रहा है ऐसे दोहन कार्यों पर निगरानी रखा जाए। उन्होंने कहा की आज वे इसी गाँव के मसोमात कोईली मुंडा से मिल इनके पति मोचीराम मुंडा का लगभग एक माह पूर्व विषैला सांप के काटने से मृत्यु हो चुका है । पत्नी और परिवार के सदस्य बेसहारा हो चुके हैं सांप के काटने के बाद रोगी को कटकमसांडी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया था जहां मृत्यु घोषित कर दिया गया था । पोस्टमार्टम नही कराया गया। आपदा के तहत 4-5 लाख रुपए आपदा प्रोत्साहन राशि मिलता जो नहीं मिला । कटकमसांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी का कर्तव्य बनता है कि मृतक परिवार को प्रोत्साहन राशि एवं अबुआ आवास देने का प्रक्रिया शुरू करें। इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस कोऑपरेटिव जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता बिहारी मांझी पूर्व मुखिया रहमत अंसारी जलाल महतो गणेश महतो विजय महतो अजीत दांगी मंगरा मुंडा महादेव दांगी रोशनी देवी सहित दर्जनों लोगो ने भाग लिए।

## दनुवा घाटी में ट्रेलर खाई में गिरने से एक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चौपारण :** हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दनुवा घाटी मे एक बार फिर दर्दनाक दुर्घटना घटी है। दनुवा घाटी में एक ट्रेलर 10 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नही हो पाया था। प्रशासन ने सड़क सुरक्षा उपायों पर पुनर्विचार करने का आश्वासन दिया है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके। इस घटना ने क्षेत्र में सदमे की भावना उत्पन्न कर दी है।

## प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा शांति शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा शांति शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में झारखंड पुलिस अकादमी के प्रशिक्षुओ के साथ साथ अकादमी के सभी गणमान्य सदस्यों ने हिस्सा लिया । जीवन में शांति की आवश्यकता एवं महत्व को समझा और अपने जीवन अपनाने की प्रेरणा ली। राज विद्या केंद्र खिरगांव की ओर से अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत के शांति के संदेश को वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रशिक्षुओ एवं उपस्थित सभी को सुनाया गया । साथ ही प्रेम रावत की गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज पुस्तक स्वयं की आवाज को भेट स्वरूप अकादमी के पुलिस उपाधिक्षक विजय रंजन कुमार को दी गई एवं प्रशिक्षुओ के लिए इस पुस्तक को अकादमी के पुस्तकालय में उपलब्ध कर दिया गया। डीएसपी विजय रंजन कुमार ने राज विद्या केंद्र से आए पूरी टीम के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए प्रशिक्षुओ से कहा की जीवन के हर मोड़ में शांति के साथ अपनी मंजिल तक पहुंचना सरल है। कार्यक्रम के दौरान एक प्रशिक्षु ने आपस में प्रेम करो प्रेरणादायक गीत भी गया ।

## हजारीबाग में बनेगा भव्य राम मंदिर : नीरज कुमार गुप्ता



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या की तर्ज पर हजारीबाग में भी भव्य राम मंदिर बनेगा। मंदिर का निर्माण सिंघानी फोर लेन के नजदीक होगा। इसकी जानकारी भाजपा नेता सह मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता ने दी। नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके लिए राम मंदिर निर्माण हेतु कमेटी का भी विस्तार किया गया है जिसमें नीरज कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, बसंत कुमार मेहता, कुणाल यादव, रामप्रकाश चौधरी, नितेश सिंह, राजू मेहता, छोटी मेहता को सचिव जबकि सतीश पासवान, आशीष कुमार साव, दिलीप पासवान, रतिलाल मरांडी, सचिन यादव और रवि गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मिंटू नायक, सुनील मेहता, रंजीत राम, अमित गुप्ता, मुकेश कसेरा, सुमित कुमार को सदस्य बनाया गया है। संरक्षण समिति में पूर्व जीप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, सांसद मनीष जायसवाल और हरि किशोर यादव को बनाया गया है। भूमि पूजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

## झारखंड प्रदेश को अकाल क्षेत्र घोषित करे झारखंड सरकार : गौतम वर्मा



**बड़कागांव :** आजसू पार्टी के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड प्रदेश को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा के वर्तमान समय में झारखंड में किसानो और मजदूरों का बुरा हाल है। जुलाई माह लगभग समाप्त हो चुका है और पूरे झारखंड प्रदेश में 5 प्रतिशत भी धान की रोपाई का कार्य नहीं हुआ है। किसान प्राकृतिक पर निर्भर होकर मानसून का बट देख रहा है।पानी की कमी के कारण खेत में लगा धान का बिचड़ा सूख रहा है। सामान्य वर्षा होने पर जुलाई माह के अंत तक 50 प्रतिशत से ज्यादा धान रोपाई का कार्य हो जाता था परंतु अभी तक 5त्न भी रोपाई का कार्य नहीं हो पाया है। किसान परेशान और बदहाल हैं, क्योंकि पूंजी जितना लगा था वह पूंजी किसानों का लग चुका है और बिचड़ा मर रहा है? वर्षा बिल्कुल नहीं के बराबर हुआ है। मजदूरों को एकमात्र मजदूरी प्रदान करने वाला योजना जो मनरेगा है वह भी मनरेगा कर्मियों के हड़ताल के कारण बाधित है। झारखंड से मजदूर अन्य प्रदेश में पलायन कर रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र होने के बाद भी यहां के लोकल मजदूरों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में मनरेगा कर्मी की मांग को सरकार को मान लेना चाहिए ताकि झारखंड में हो रहे मजदूरों का पलायन को रोका जा सके।

## बरही में रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की हुई बैठक, 31 जुलाई को विधानसभा का करेंगे घेराव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड परिसर में झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ बरही इकाई की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रसोइया संयोजिका संघ के प्रखंड अध्यक्ष पूनम राणा व संचालन किरण देवी ने की। बैठक में बड़ी संख्या में रसोईया और संयोजिका की भागीदारी हुई। मौके पर रसोइया संयोजिका संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र राम पासवान, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष रेखा देवी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बैठक में बरही विधायक उमाशंकर अकेला पहुंचे और रसोईया संयोजिका संघ की समस्याओं से अवगत हुए।इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र राम पासवान ने रसोइया संयोजिका का 15 सूत्री मांगो को विस्तार से विधायक को अवगत कराया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष पूनम देवी ने विधायक के समक्ष रसोईया संयोजिका का स्थायीकरण, 10 माह के स्थान पर 12 माह का कार्य, न्यूनतम मानदेह 6000 हजार रुपए सुनिश्चित करने आदि मुख्य मांग से अवगत कराया। कहा कि 2011 में विद्यालय प्रबंधन समिति की चुनाव में विद्यालय अध्यक्ष और सयोजिका रखा गया, जिसके बाद 2016 में शिक्षा सचिव के द्वारा हटाकर फिर पुनः वापस लिया गया परंतु विभाग के द्वारा इसे अनुपालन नहीं किया जा रहा है। सरकार हमारे साथ आंख मचौली का खेल कर रही है, यदि सरकार हमारी मांग को समय रहते पूरा नहीं करती है तो आगामी विस चुनाव में इसका जवाब भी मिलेगा। वहीं संघ की ओर से 31 जुलाई को रांची विधानसभा घेराव के लिए समय सुनिश्चित किया है। विधायक ने उनकी सारी मांगों को सुने और आवश्वासन दिया कि आपकी मांगों को सरकार और विधानसभा की बैठक में प्राथमिकता से रखेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष महेंद्र राम पासवान, चौपारण अध्यक्ष रेखा देवी, प्रखंड अध्यक्ष पूनम राणा,सचिव किरण देवी, देवंती देवी, राजकुमारी देवी,डॉ कृष्ण मोहन यादव,दिनेश साव,रेखा देवी, हजमा खातून,रिंकी देवी, ललिता देवी अन्य रसोइया संयोजिका उपस्थित थीं।

## शहीद स्मारक में पसरी गंदगी को हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा किया गया साफ सफाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** 26 जुलाई को पूरा देश कारगिल दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न किया हजारीबाग में भी कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए हर कोई शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर कारगिल दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हुए अपनी तस्वीर को सोशल मीडिया पर उजागर किया परंतु शहीद स्मारक स्थल पर गंदगी का अंबार लग गया,शनिवार को सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होने के उपरांत संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देशानुसार रविवार को हजारीबाग यूथ विंग संस्था के द्वारा शहीद स्मारक की साफ-सफाई कर एक सराहनीय कदम समाज के प्रति पेश किया गया है। यह कार्य न केवल शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करता है, बल्कि समाज में उनके योगदान को याद रखने और उनकी वीरता को सलाम करने का भी एक तरीका है। साफ-सफाई के माध्यम से स्मारक की सुंदरता और संरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। टीम ने शहीद स्मारक स्थल की समुचित साफ सफाई किया। हजारीबाग यूथ विंग की पूरी टीम रविवार को सुबह 7:00 से 9:00 तक श्रमदान किया। शहीद स्मारक उन वीरों की याद दिलाते हैं जिन्होंने देश की रक्षा और सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी स्थल पर सफाई अभियान आयोजित कर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करना का एक महत्वपूर्ण पल रहा हजारीबाग यूथ विंग का। समाज के प्रति सेवा भाव से पिछले तीन वर्षों से निरंतर कार्य करते आ रही है। साफ सफाई अभियान में हजारीबाग यूथ विंग के उपाध्यक्ष विकास केसरी,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी,अभिषेक पांडे, गुंजन मद्धेशिया,विकास तिवारी,विजय कुमार साहू,प्रणीत जैन,मो. ताजुद्दीन,प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद रहे। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि कारगिल दिवस के शुभ अवसर पर शहीद स्मारक स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई शनिवार को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई स्मारक स्थल की गंदगी को दिखलाया गया रविवार की सुबह पूरी टीम शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर साफ सफाई कर समाज के प्रति एक बेहतर संदेश दिया साथ ही कहा इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता बढ़ती है। लोगों को शहीदों के बलिदान के बारे में जानकारी मिलती है, केवल तस्वीर खींचना ही मकसद न रखी। उनके योगदान को समझे। साथ ही कहा कि जल्द ही हजारीबाग यूथ विंग सप्ताह में एक दिन शहर में श्रमदान करेगी। मौके पर वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने कहा कि बदलते वक्त के साथ तस्वीर खींचना काफी जरूरी है आप तस्वीरों में केवल कारगिल दिवस को कैद मत कीजिए शहीद स्मारक को स्वच्छ रखना इतनी बड़ी श्रद्धांजलि है जितनी बड़ी हम लोग कारगिल दिवस के दिन उन्हें पुष्प अर्पित कर करते हैं।

## देश की उन्नति में अल्पसंख्यकों की भूमिका महत्वपूर्ण : हिदायतुल्लाह खान

**समीक्षा बैठक में अधूरी रिर्पोट प्रस्तुत करने वाले विभाग को जल्द पूर्ण रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हजारीबाग परिसदन सभागार में जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम एवं सदस्य कारी बरकत अली भी शामिल थे।

अपने भ्रमण कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के तहत सामाजिक-आर्थिक अवसंरचना का निर्माण करके और बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों की विकास संबंधी कमियों को दूर करने की ओर एक विकासात्मक पहल है। उक्त बातें आज आयोग के अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक के दौरान कही।

समीक्षा में श्री खान ने विभागवार अधिकारियों से संबंधित विभागों में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति तथा उन योजनाओं में अल्पसंख्यक लाभुकों की संख्या की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि आयोग के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य झारखंड के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतरे। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री की भी यही प्राथमिकता है कि राज्य के सभी व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने समीक्षा के क्रम में विभागों से प्राप्त रिपोर्ट पर संतुष्टि दिखाई हालांकि कई विभागों द्वारा अधूरी रिर्पोट प्रस्तुत किए जाने पर आयोग ने पूरी रिर्पोट तैयार कर भेजने का निर्देश भी दिया। उन्होंने बताया कि जिलावार भ्रमण कर आंकड़े इक्कठा किए जा रहे है ताकि राज्यस्तर पर पुनः बैठक कर चिन्हित खामियों को दूर कर अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा करने हेतु प्रभावी कदम उठाए जा सके। उन्होंने बताया कि आयोग लगातार सभी जिलों में भ्रमण के दौरान जनसुनवाई भी कर रही है ताकि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनो को सम्बंधित विभाग भेज कर अग्रतर करवाई की जा सके।

इस दौरान उन्होंने कहा जिले में उर्दू शिक्षकों की कमी है। आयोग झारखंड सरकार से इसकी अनुसंशा करेगा। हजारीबाग में अल्पसंख्यक समुदाय में मुसलमानों की संख्या अधिक है बावजूद एक ही उर्दू स्कूल है। उर्दू शिक्षकों एवं स्कूल की कमी है। अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक उत्थान के लिए गंभीर हैं इसलिए सभी समस्याओं का जल्द ही समाधान होगा। उर्दू के साथ साथ सभी क्षेत्रीय भाषाओं के विकास के लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है।

**उर्दू सिर्फ भाषा नहीं बल्कि हिन्दुस्तानी तहजीब है**

विभागवार समीक्षा के उपरांत आयोग के अध्यक्ष पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने मीडिया से आयोग के भ्रमण और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि आज आयोग ने जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, मत्स्य, कृषि, स्वास्थ्य, कल्याण, खाद्य आपूर्ति सहित अन्य विभागो द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने कहा उर्दू के शिक्षकों की कमी को जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। उर्दू केवल भाषा ही नहीं बल्कि हिंदुस्तानी तहजीब भी है।

मौके पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम एवं सदस्य बरकत अली, डी डी सी, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में कुर्मी जाती को मिला है सम्मान : महेंद्र महतो



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के भाजपा से बरेली संसदीय क्षेत्र से आठ बार सांसद रह चुके संतोष गंगवार को झारखंड का राज्यपाल बनाए जाने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई देता। महतो ने कहा कि देश आजादी के बाद अगर कुर्मी जाति को किसी पार्टी ने सबसे ज्यादा राजनीति में प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है तो वह पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने दिया है भारतीय जनता पार्टी कुर्मी जातियों को राज्य से लेकर केंद्र तक विधायक से लेकर सांसद तक बनाने का काम किया है आज केंद्र में केंद्रीय मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा कुर्मी जाति के लोग प्रतिनिधित्व कर रहे हैं राज्य में भाजपा शासित राज्यों में कुर्मी जाति के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के पद पर कई राज्यों में अपना कार्य कर रहे हैं।

## माइंस सेफ्टी अवार्ड 2024 में सीसीएल बरकासयाल रहा विजेता




**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल इंडिया कि अनुषंगी कंपनी सीसीएल को रविवार के दिन कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कंवेंशन हॉल में आयोजित माइंस सेफ्टी अवार्ड 2024 में सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र को प्रथम श्रेणी में पहला पुरस्कार दिया गया है। वहीं यह पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि डीजीएमएस के महानिदेशक प्रभात कुमार व कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने बरका सयाल के महाप्रबंधक अजय सिंह को खान सुरक्षा में ट्राफी देकर प्रथम विजेता घोषित किया। बता दें कि खान सुरक्षा पुरस्कार 2024 देश का पहला राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है जिसे देश भर में खनन कार्यों में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी शुरुआत ऑल इंडिया माइंस सेफ्टी एसोसिएशन ने कोल इंडिया लिमिटेड के साथ खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में की गई थी। इस कार्यक्रम में डीजीएमएस के सभी उप महानिदेशक के साथ भारत की विभिन्न खनन, धातु और तेल कंपनियों के सीईओ/सीएमडी शामिल हुए थे। पुरस्कार समारोह में सीसीएल के अधिकारी और सीसीएल मुख्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी स्टॉल पर लॉन्गवॉल और कंटीन्यूअस माइनर का वर्किंग मॉडल भी प्रदर्शित किया गया। पुरस्कार समारोह में बरकासयाल क्षेत्र से सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार,बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, सेफ्टी बोर्ड मेंबर विकास कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## श्रावणी मेला का भव्य उद्घाटन किया गया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना मैदान में श्रावणी मेला समिति के द्वारा आयोजित श्रावणी मेला का भव्य उद्घाटन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय निशि पांडेय केंद्रीय महासचिव भारतीय जनतंत्र मोर्चा सह केंद्रीय उपाध्यक्ष जनता मजदूर संघ एवं श्री संजीव बेदिया केंद्रीय सचिव झामुमो सह झारखंड परिवहन प्राधिकार के सदस्य एवं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर निशि पांडेय एवं संजीव बेदिया व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि श्रावण माह के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावणी मेला लगने के बाद लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद लेने व विधि-व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत श्रावणी मेला समिति द्वारा बुके देकर किया गया। मेला में लगे मीना बाजार लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेला में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने झूला सहित एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। उपस्थित~ अनामिका श्रीवास्तव विश्व हिन्दू परिषद सह दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका, अंजू ठाकुर।मौके पर~ कमेटी के संरक्षक अजय पासवान, मंसूर खान, बब्लू ठाकुर,पवन ठाकुर,राजेश सोनी, मुकेश राऊत, सागर कुमार, रोशन पासवान इत्यादि थे ।

## कटिया सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटिया में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (झारखंड राज्य मध्यान भोजन प्राधिकरण) के द्वारा पूरे झारखंड में दिनांक 22 से 28 जुलाई तक सभी विद्यालय में शिक्षा शपथ दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसी निमित्त उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटिया पतरातु में सामुदायिक सहभागिता दिवस यानी तिथि भोजन का आयोजन किया गया इस आयोजन में विद्यालय प्रबंधन समिति,सरस्वती वाहिनी संचालन समिति,प्रबुद्ध वर्ग शिक्षक,पंचायती राज संस्था के सदस्य,समाजसेवी,पब्लिक सेक्टर यूनिट एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए जिसमें सभी छात्र छात्रों के साथ सामूहिक संतुलित आहार एवं पौष्टिक भोजन मिलकर एक साथ किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी सहयोग रहा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन किरण देवी,नूनी देवी,तेरुष देवी,रीता देवी,गणेश कुमार ठाकुर,गोविंद महतो,गोपाल महतो,प्रधानाध्यपीका वीणा कुमारी,पार्वती कुमारी,कांति कुमारी,रूपानी देवी,अर्जुन महली, जयधन महतो,सुमा कुमारी,दीपावली कुमारी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे

# चौकीदार बहाली के तहत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत रविवार को रामगढ़ शहर के अलग-अलग आठ केन्द्रों पर चल रही लिखित परीक्षा को लेकर रविवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ उच्च विद्यालय कोयरीटोला, छावनी मध्य विद्यालय नई सराय रामगढ़, छावनी मध्य विद्यालय सुभाष चौक एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, रामगढ़ का निरीक्षण कर चल रही लिखित परीक्षा का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे सभी संबंधित दण्डाधिकारियों, अधिकारियों आदि को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा पूर्ण कराने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार, नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## जयनगर आजसू के चूल्हा प्रमुख की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पंचायत जयनगर पंचायत भवन में आजसू पार्टी का एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जयनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह पार्टी के प्रखंड सह सचिव बिजेंदर मुंडा तथा संचालन प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़का का विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के पुत्र रितिक चौधरी एवं केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से जयनगर पंचायत का चूल्हा प्रमुख कमेटी का गठन किया गया। चूल्हा प्रमुख कमेटी मुख्य रूप से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का कार्य करेगी। सभी चूल्हा प्रमुख सदस्यों ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव में जयनगर पंचायत के साथ साथ बड़कागांव विधानसभा में आजसू पार्टी बड़ी अंतर के साथ जीत दर्ज करेगी। बैठक में विनोद प्रजापति, धीरज पाठक, राजेश पटेल,अनिल पाठक, अरग देव रवि, किशन कुमार, कृष्ण मुंडा,महेंद्र भुईयां, धीरज कुमार, बादल कुमार,महेंद्र महतो, राम प्रसाद प्रजापति, राजेश राम, सीता देवी, किरण देवी, देवंती देवी,सूरज कुमार, अनिल रवि, योगेंद्र कुमार, गौरी शंकर, विनोद मुंडा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित है।

## रामगढ़ जिला में राष्ट्रीय मानवधिकार सुरक्षा परिषद द्वारा बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला में राष्ट्रीय मानवधिकार सुरक्षा परिषद द्वारा एक भव्य बैठक किया गया। जिसमे निर्णय लिया गया की समाज में हो रहे अत्याचार एम अन्याय के विरुद्ध एक जुट होकर संस्था के द्वारा सहयोग प्रदान करने हेतु निर्णय लिया गया,,तथा सभी सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर रामगढ़ जिले को मजबूत करने की प्रतिक्रिया बनाई गई जिससे समाज एम स्वयं सदस्यों को भी इसका लाभ मिल सके तथा यह बैठक को संबोधित कर्ता रामगढ़ जिला के सचिव संजय कुमार गोराई प्रदेश महा सचिव संजय पासवान एम रांची जिला से महा सचिव -राजेश पासवान द्वारा नेतृत्व किया गया तथा रामगढ़ जिले से समस्त सदास्य गण भी शामिल हुए जैसे गुरुदयाल ठाकुर, अभिषेक कुमार, जीतेंद्र कुमार, सुधांशु मिस्त्री, भागीरथ महतो ,रवीन्द्र कुमार पासवान, संजीव कुमार रावत आदि मौजूद थे।

## भारत विकास परिषद के द्वारा छाते का वितरण किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रविवार को सुबह 8.30 बजे सुभाष चौक, बस स्टेंड, सब्जी मंडी में ज़रूरत मंदो के बीच, भारत विकास परिषद् रामगढ़ शाखा द्वारा जरूरतमंदो को छाता वितरण किया गया. सुदूर गाँव से आए सब्ज़ी विक्रता के बीच छतरी वितरण करते सदस्य.मौक़े पर अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा निर्धन महिलाओं के बीच छाता वितरण करना सुखद अनुभव हैं, .भारत विकास परिषद् अपने सामाजिक उतरदायित्व का निर्वहन करता रहा हैं. कार्यक्रम मे सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आज लगभग 50 लोगों के बीच वितरण किया गया, आगामी दिनों में रेक्सा चालकों के बीच रेन कोर्ट एवं छाते का वितरण किया जायेगा , मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता, मनोज मोदी, प्रकाश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, अजय कुमार अग्रवाल, वरुण बगड़िया, रामप्रवेश गुप्ता, तथा उमेश राजगढ़िया इत्यादि अनेकों मेंबर मौजूद थे. सचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा रेन कोर्ट एवं छाते वितरण के प्रोग्राम आगे भी जारी रहेगा ।

## मजूमदार के शहादत की 52वीं बरसी और पार्टी पुनर्गठन की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** कामरेड चारु मजूमदार के शहादत की 52वीं बरसी और पार्टी पुनर्गठन की 50वीं वर्षगांठ पर रामगढ़ मेन रोड स्थित भाकपा-माले पार्टी कार्यालय में मनाया गया। पार्टी को विकास और विस्तार के नए दौर के लिए तैयार करो कामरेड चारु मजूमदार के स्मृति में उपस्थित साथियों ने 1मिनट का श्रद्धांजलि अर्पित करनारे नगाये गए,कामरेड चारु मजूमदार को लाल सलाम, भाकपा-माले जिन्दाबाद, नक्सलबाड़ी नहीं मरा है,नहीं मरेगा, सांप्रदायिक फासीवाद मुर्दाबाद आदि नारों के साथ भाकपा- माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया,सरयू बेदिया जगनरनाथ उरांव, बबलू सिंह, रुदल राय, एवं कपिल यादव शामिल थे।

# झामुमो पार्टी कार्यालय भुरकुंडा में युवा मोर्चा की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** झामुमो पार्टी कार्यालय भुरकुंडा में युवा मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव और संचालन मुमताज अंसारी ने किया।बैठक में युवा मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। नव-नियुक्त पदाधिकारीगण को प्रखंड कमेटी के विस्तार एवं पंचायत का विस्तारीकरण एक माह के अंदर सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही झारखंड सरकार के महत्वकांची योजनाओं को धरातल में उतारने का प्रयास करेंगे। बैठक मे मुख्य रूप से झामूमो जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी,मनशा बेदिया, किशोर प्रजापति,वारीश अहमद, महादेव करमाली,सुरेन्द्र उरांव, प्रमोद ठाकुर,



शत्रुंजय कुमार, मुश्ताक आलम, सुबोध ठाकुर, रूस्तम अंसारी,भोला प्रसाद,कुणाल यादव, रहमत अंसारी,हरि पाण्डे,देवानंद माहतो, सोमर मुंडा, अजय मुंडा, चन्दन मांझी, मनवर अंसारी,सहबाज अंसारी,लालु प्रसाद यादव, जितेंद्र यादव, विकाश यादव, ईश्वर प्रसाद, पंकज मुंडा इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## रामगढ़ आजसू पार्टी छावनी परिषद नगर कमेटी की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ स्थित आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में एक अत्यंत आवश्यक बैठक आहुत की गई है। बैठक में मुख्य रूप से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, पूर्व नगर परिषद् अध्यक्ष युगेश बेदिया, केन्द्रीय सदस्य लालबिहारी महतो, जिला प्रधान सचिव अनुज तिवारी, अनुसुचित महासभा जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान, ओबीसी मोर्चा जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक साहू उपस्थित हुए। इस बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल एवं संचालन नगर सचिव नीरज मंडल ने किया द्य उक्त बैठक में छावनी परिषद अंतर्गत रहने वाले केन्द्रीय कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमिटी के पदाधिकारीगण, जिला कमिटी के तमाम अनुषंगी इकाइयों के तमाम सम्मानित पदाधिकारीगण, सभी प्रकोष्ठ के सम्मानित अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारी अध्यक्ष एवं सभी वार्ड प्रभारी व सभी वार्ड कमेटी के पदाधिकारी गण और पूर्व सभी पदाधिकारी गण



उपस्थिति हुए। उक्त बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं केंद्रीय कमिटी से मिले विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। सभी को वार्ड में जाकर लोगो की समस्या से रूबरू होकर उनकी समस्या को दूर करे । इस बैठक में शामिल , जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, बिभन सिंह, पवन करमाली, जिला सहसचिव सिंधु मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, मीरा देवी, युवा मोर्चा जिला सहप्रभारी रोहित सोनी मौजूद हुए।

## झारखण्ड किसान महासभा का आंदोलन रंग लाया, रामगढ़ के किसानों की हुई जीत : संतोष महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** डेली मार्केट से अवैध कब्जाधारियों को हटाये जाने से रामगढ़ के आम किसान बहुत खुश हैं।इस संदर्भ में झारखंड किसान महासभा ने ज़िले के उपायुक्त चंदन कुमार जी और छावनी परिषद रामगढ़ के सीईओ अनंत आकाश जी को किसानों का हक दिलाने और डेली मार्केट में पुनः वापसी कराने को लेकर धन्यवाद दिया है।ज्ञात हो कि पिछले कई महीनों से लगातार डेली मार्केट के सामने से ग्रामीण आम किसानों को हटाकर कहीं और शिफ्ट का आदेश जारी किया गया था।जिसके कारण छावनी परिषद के सफ़ाईकर्मी इन किसानों और सब्ज़ी बेचने वाली माताओं बहनों को लगातार परेशान कर रहे थे और उनके साथ बदसलूकी कर रहे थे।शिकायत मिलने पर जेबीकेएसएस नेता और झारखंड किसान महासभा के उपाध्यक्ष संतोष महतो ने अपने टीम के



लोगों के साथ पूरे मामले की सघन पड़ताल की तो पता चला कि डेली मार्केट मुख्य परिसर में बिचौलियों का अवैध क़ब्ज़ा है और वास्तव में आम किसान अपने दैनिक कृषि स्व उत्पाद परिसर के बाहर बेचते हैं ।और ये सिलसिला विगत कई वर्षो से चला आ रहा है।इस अन्याय के ख़िलाफ़ पूरे ज़िले में किसानों को एकजुट करने की मुहिम शुरू की गई पंचायत स्तर पर बैठक शुरू ।

## आदिवासी छात्रों की बेरहमी से पिटाई निंदनीय, पुलिस को संरक्षण दे रहे मुख्यमंत्री : लोबिन हेंब्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम रविवार को केकेएम कॉलेज के आदिवासी बॉयज हॉस्टल पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार की रात की घटना को लेकर हॉस्टल के छात्रों से बातचीत की। इस दौरान मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए लोबिन हेंब्रम ने घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आदिवासी हॉस्टल के छात्रों के साथ जिस तरह बेरहमी से मारपीट की गई, काफी निंदनीय है। मैंने डीजीपी से दोषी पुलिस कर्मियों को दंडित करने का अनुरोध किया है।उन्होंने कहा कि पुलिस ने सिस्टम से काम नहीं किया। अगर सिस्टम से काम किया होता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में सुपरिटेंडेंट होते हैं। इसके अलावा छात्र नायक भी होते हैं।अगर आपको यहां किसी केस का इन्वेस्टिगेशन करना था,तो सुपरिटेंडेंट या छात्र नायक से बात कर सकते थे। लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। इसलिए मैं कहता हूं कि पुलिस ने ही ऐसी स्थिति को उत्पन्न किया है। उन्होंने कहा कि वातावरण को खराब करने वाले सबसे पहले पुलिस ही है। उन्होंने कहा कि केस जो किया गया है, वो भी बिल्कुल उल्टा है। पुलिस ही छात्रों को बेरहमी से मारती है और केस भी पुलिस करती है। एफआईआर में जिस तरह से घटना को दिखाया गया है कि छात्रों के साथ पुलिस की झड़प हुई है, यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि झड़प का मतलब आमने-सामने मारपीट,धक्का मुक्की लड़ाई करना होता है। लेकिन यहां तो ऐसा कुछ भी नहीं था। पुलिस रात 12~30 बजे आती है और सोए हुए छात्रों को अंधाधुंध पीटने लगती हैं। उन्होंने कहा कि 10-12 लड़के बुरी तरह घायल हुए हैं। इनमें से दो लड़के को दुमका रेफर किया गया है।

## अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मांडू सचिव बने समीर अनवर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** रामगढ़ कुजू के श्री राम चौक स्थित एक बैठक के दौरान पिछले कई दिनों से पुरे झारखण्ड मे तूफ़ानी दौरा करते हुए राज्य के अल्पसंख्याक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान (दर्जा प्राप्त मंत्री ) हजारीबाग से रांची जाने के क्रम मे कुजू श्री राम चौक मे समीर अनवर प्रखंड सचिव अल्पसंख्याक प्रकोष्ठ मांडू सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं के द्वारा रोक कर स्वगात किया गया द्य जिसके बाद उन्होंने कहा की सामाजिक-आर्थिक अवसंरचना का निर्माण कर के बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जाए गा अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों की विकास संबंधी



कमियों को दूर करने की ओर एक विकासात्मक पहल है। अभी तक हमने 18 जिलों का तूफ़ानी दौरा किये है, द्यराज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति तथा उन योजनाओं में अल्पसंख्यक लाभुकों की संख्या की जानकारी ली जा रही है द्यउन्होंने कहा कि आयोग के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य झारखंड के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतरे। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री की भी यही प्राथमिकता है कि राज्य के सभी व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने समीक्षा के क्रम में विभागों से प्राप्त रिपोर्ट पर संतुष्टि दिखाई उन्होंने बताया कि आयोग लगातार सभी जिलों में भ्रमण के दौरान जनसुनवाई भी कर रही है ताकि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनो को सम्बंधित विभाग भेज कर अग्रतर करवाई की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से साबिर खलीफा, मोहम्मद सफी, सुहेल खलीफा,सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रतिभा कला के प्रति समाज को जागरूक करना : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रांची मोराबादी आक्सीजन पार्क में आज दिवस आर्ट संस्था के द्वारा आयोजित भव्य पेंटिंग प्रतियोगिता में कला प्रेमियों और स्थानीय कलाकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश राकेश कुमार शर्मा दीपक कुमार सुषमा शर्मा उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा



बढ़ाई।प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें जुनियर बैच प्रथम अनिकेत कुमार द्वितीय स्थान आरुषी कुमारी तृतीय स्थान अभिजित केसरी। व सीनीयर बैच में प्रथम स्थान अश्लेषा कुमारी द्वितीय स्थान नितेश कुमार तृतीय स्थान लकी कुमारी सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा, ÷इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि कला के प्रति समाज में जागरूकता और सराहना भी बढ़ाती हैं। कला एक सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा हम अपनी भावनाओं, विचारों और संस्कृति को प्रकट कर सकते हैं।÷आगे कहा,मैं दिवस आर्ट संस्था को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई देता हूँ और सभी प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए सराहना करता हूँ। इस प्रकार के आयोजनों से कला के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ती है और उन्हें अपने कौशल को और भी निखारने का प्रोत्साहन मिलता है। संस्था के डायरेक्टर दिवस आर्ट ने कहा कि पेंटिंग प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कि मैं अपनी कला को झारखंड के हर गांव तक ले जाना चाहता हूं ताकि लोग पेंटिंग के कल के क्षेत्र में भी रोजगार अवसर प्राप्त हो सके मौके पर संस्था के डायरेक्टर दिवस आर्ट किरण कुमारी दीपिका कुमारी राजेश कालिन्दी विकास नायक जतन महतो व कई लोग मौजूद थे।

## बैंक मोड़ थाना प्रभारी को मुख्तार खान ने दी बधाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक मोड़ थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण करने पर इंस्पेक्टर लव कुमार को ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री खान ने बताया की बैंक मोड़ थाना प्रभारी से उनकी मुलाकात काफी अच्छी रही। वो काफी साकारत्मक सोच एवं सुलझे किस्म के व्यक्ति हैं। हमें उनसे काफी आशाएं हैं। युवाओं मे बढ़ रही अपराधिक गतिविधि एवं नशाखोरी की रोक थाम सहित कई बिंदुओं पर उनसे चर्चा हुई।

## ट्रक में अचानक लगी आग, धू-धू कर हुआ स्वाहा



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी गिरिडीह मुख्य मार्ग के गांधी टुंडी के पास आज़ रविवार अहले सुबह स्पंज आयरन लदे ट्रक में अचानक आग लग गई जिससे धू धू कर जलने लगा स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया तब तक ट्रक का पूरा हिस्सा जलकर स्वाहा हो चुका था। बताया जाता है कि उड़ीसा नंबर का ट्रक स्पंज आयरन लोडकर गिरिडीह के किसी फैक्ट्री में जा रहा था तभी यह घटना टुंडी के पास घट गया फिलहाल दमकल की गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंच गया है एवं टुंडी पुलिस भी हरसंभव मदद कर आग पर काबू पाने में कामयाब रही है।

## विरान बगीया को पुर्नजीवित करने का प्रयास, युवाओं ने लगाए पौधे



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वर्षो पुराना बगीचा अब वीरान लगने लग हैं ।इसे लेकर युवाओं ने एक विचार किया और फिर पुराने बगीचे को नए सिरे से आम बगीचे लगाने का निर्णय लिया और पेड़ लगाए धरती में हरियाली लाए के तहत बगोदर प्रखंड के गोपालडीह बगीचे में आम गुल मोहर कटहल अमरूद कदम सहित अन्य फल दार पौधे को लगाया गया है बताया जाता है कि गोपालड़ीह के आम बगीचे वर्षों पुराने हैं कई आम के पेड़ सुख कर गिर गया कई सुखने के कगार पर है और धीरे धीरे ये बगीया विरान लगने लगा है बता दे कि बेको तीर्थ देव भूमि के नाम से प्रसिद्ध है सोना पहाड़ी मन्दिर में प्रति दिन हजारों श्रद्धालुओं का आगमन होता है जिसमें झारखण्ड बिहार बंगाल सहित अन्य राज्य के भी लोग भक्ति भाव से आते है और पुजा अर्चना करते है लोगों की माने तो यहाँ आने के बाद लोगों की मनते पुर्ण होती है । इस क्षेत्र में कई मनमोहक दृश्य लोगों को खुब लुभाता है आकर्षक नये पंच शिव मंदिर का निर्माण किया गया है। छपरवा के पास नदी में हमेशा गर्म कुण्ड भी जहां हमेशा पानी उबलता रहता है लोग कहते है कि इस पानी से स्नान करने के बाद खुजली जैसे समस्या से निजात मिलती है लोग कहते है आम के दिनों में लोग भोरवें में उठ कर आ जाते थे और पेड़ से गिरे पक्का मिठास आम का स्वाद लेते थे वो दिन खुब याद करते है लोग कहते हैं की आम बगीचा में राह गीर भी धुप के समय रुक कर घंटो आराम करते थे । इसी बगीया को फिर से युवाओं पेड़ों को लगाकर हरियाली लाने का प्रयास कर है । इन युवाओं ने लगाय पौधे नन्दलाल महतो राजेन्द्र महतो राजु महतो डेगलाल महतो कन्हैय चौधरी मंटू महतो ढालचंद महतो बासदेव महतो संदीप महतो शामिल है।

## अचानक तार में विद्युत प्रवाह होने से बिजली की तार जोड़ रहे युवक पोल से नीचे गिरा, हुआ घायल

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल महुदा कोल वाशरी के बगल में स्थित बीसीसीएल के बिजली पोल में ग्रामीण युवक गांव का बिजली जोड़ने के लिए चढ़ा अचानक तार में विद्युत प्रवाह करेंट आ जानने से ग्रामीण युवक करेंट लगने से बिजली पोल से नीचे गिरकर हुआ घायल, ग्रामीण महिलाएं और पुरुष ने वाशरी गेट में किया विरोध प्रदर्शन। बताया जाता है की पदूगोड़ा गांव में बिजली नही रहने से पोल में तार को जोड़ने के लिए एक युवक चढ़ाया गया । ग्रामीणों ने बताया कि जब बिजली की तार जोड़ा जा रहा था तब बीसीसीएल के कर्मचारी, सीढ़ी और कई लोग थे मैन लाइन ( बिजली) को भी काटा गया। और उसके बाद कर्मचारियों ने युवक को ऊपर पोल में चढ़ने बोला। जैसे ही पोल में युवक चढ़ा और तार जोड़ने लगा तो अचानक तार में विद्युत प्रवाह होने पर करेंट लगने से युवक पोल से नीचे गीर कर घायल हो गया। घायल अवस्था में ग्रामीणों ने इलाज के लिए धनबाद भेजा। सभी ग्रामीण वाशरी गेट पर आकर जमा हो गए और युवक की समुचित इलाज की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक कोई भी बीसीसीएल अधिकारी मौके पर नही पहुंचे।

## हाई स्कूल बगोदर 1986 बैच के द्वारा लगाया गया पौधे

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हाई स्कूल बगोदर के 1986 बैच के विधार्थीयों द्वारा रविवार को विभिन्न विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। उच्च विद्यालय दोंदलो,उत्क्रमित मध्य विद्यालय अम्बाडीह , बीएड कॉलेज बगोदर, प्लस टू उच्च विद्यालय बगोदर प्रांगण एवं रा मध्य विद्यालय अडवारा स्कूल परिसर मे विभिन्न पौधों का रोपण किया गया कुल मिलाकर लगभग 225 वृक्ष को विभिन्न विद्यालयों में रोपण किया गया । इस बैच द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते रहते हैं । कभी स्वास्थ्य सेवा शिविर भीषण गर्मी में बस पड़ाव में प्याऊ जल की सुविधा आदि कार्यक्रम करते रहते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से बद्री शंभू नाथ, शंकर दयाल, शंकर लाल, राकेश सुरेश, खालिद, अरुण, भुनेश्वरी एवं संजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कैलूडीह एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा हैवी ब्लास्टिंग से भू-धसान, दर्जनों लोग व जानवर बाल-बाल बचे

## हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में लोगों ने किया विरोध, गोफ भराई काम रोका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कतरास थाना क्षेत्र के गोविंदपुर एरिया 3 के कैलूडीह स्थित एसटीजी जेभी डेको आउटसोर्सिंग नया कांटा घर के निकट कैलूडीह मे बीती रात जोरदार आवाज के साथ भू-धंसान की घटना हुई है। घटना के बाद वहां रह रहे लोगों में दहशत का माहौल है। आवाज इतना जोरदार था कि बिजली का पोल जमींनदोज हो गया। बिजली का पोल जमीनदोज होने से आसपास के क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है। अगल बगल लगभग 500 सौ की आबादी के साथ दर्जनों जानवर बाल बाल बचे। आसपास के लोगों ने बताया कि एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग द्वारा लगातार डीजीएमएस का उल्लंघन कर हैवी ब्लास्टिंग किए जाने से आसपास के इलाकों में दरार पड़ गया है। हैवी ब्लास्टिंग के कारण भू-धसान की घटनाएं घट रही है। कैलूडीह में लगातार भू-धसान की घटना से यहां के लोगों की जान शासत में है। अब तक में यहां दर्जनों बार भू-धसान की घटना घट चुकी है, लेकिन प्रबंधन हमेशा की तरह भू-धसान की घटना को नजर अंदाज करता आ रहा है। लगता है प्रबंधन को कोई बड़ा हादसा का इंतजार है।

दूसरी ओर आउटसोर्सिंग कंपनी हैवी ब्लास्टिंग करने से बाज नहीं आ रही है। घटना की सूचना मिलते ही बीसीसीएल के अधिकारी एवं कतरास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बीसीसीएल के अधिकारियों ने गोफ हुई जगह को भरने के लिए पेलोडर मंगवाया लेकिन स्थानीय ग्रामीणो ने गोफ भराई का यह कह कर विरोध किया कि बीसीसीएल पहले यहां से उन लोगों को पुनर्वास करने का काम करे। लोगों को रहने के लिए सुरक्षित जगह दे, उसके बाद ही भू धंसान हुई जगह को भरने दिया जाएगा। स्थानीय लोगो ने आउटसोर्सिंग और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

## ऑल इंडिया माइंस सेफ्टी अवार्ड में कतरास एरिया ने लहराया परचम



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोलकाता में विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में माइंस सेफ्टी अवार्ड 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें कतरास क्षेत्र के गजलीटांड कतरास चैतूडीह कोलियरी को 2023 ऑल इंडिया माइंस सेफ्टी अवार्ड में तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया माइंस सेफ्टी अवार्ड में देश भर से कंपनियों ने भाग लिया। एवार्ड में भाग लेने वालों में ओएनजीसी, कोल इंडिया, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू, इंडियन ऑयल, एनटीपीसी, मोआएल आदि शामिल थे। समारोह में डीजीएमएस के महानिदेशक प्रभात कुमार एवं कोल इंडिया के चैयरमैन एमपी प्रसाद के हाथों बीसीसीएल के सीएमडी सिमरन दत्ता, निदेशक संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक जेएस महापात्रा, परियोजना पदाधिकारी मोहन मुरारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## सार्वजनिक नाला को स्थानीय लोगों ने किया बंद, लोगों को हो रही है आवाजाही में परेशानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 बाभनटोली स्थित काली बाबू हत्ता कॉलोनी में सार्वजनिक नाला को कुछ लोगों द्वारा बंद कर दिए जाने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।वही सड़क पर बहते गंदे पानी के कारण लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। वहीं पूजा पाठ करने के लिए मंदिर जाने वाली महिलाओं और स्कूली बच्चों को भी बहुत परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।समस्या के समाधान कोलेकर स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त को आवेदन दे कर उचित कारवाई की मांग की है। इस संबंध में स्थानीय महिला एवं पुरुषों ने बताया कि काली बाबू हत्ता कॉलोनी से होकर सार्वजनिक नाला बगल के तलब एवं खेत में जाता है। वर्षो से इस नाला में राजेंद्र नगर, बाभनटोली समेत अन्य मुहल्ले का पानी बहता रहा है।मगर कुछ माह पूर्व स्थानीय निवासी गोलू सिंह, मनोहर सिंह एवं संतोष सिंह ने दबंगई पूर्वक सार्वजनिक नाला को ईट पत्थर डाल कर बंद कर दिया। उक्त लोगों ने नाला को अपनी जमीन पर बना हुआ बता कर उसे बंद कर दिया है। जिस कारण नाला का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है। लोगों ने कहा कि जब मुहल्लावासी इस संबंध में उपरोक्त लोगों से पूछताछ करना चाहते हैं तो वे लोग गाली गलौज पर उतारू हो जाते हैं।लोगों का कहना है सदियों से इस नाले से पानी बह कर बगल स्थित तालाब में जाता था।

मगर नाला बंद कर देने से काफी परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि पूर्व में भी इस आशय का आवेदन नगर निगम, गिरिडीह सदर विधायक, गिरिडीह डीसी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के पास दिया गया है।

## प्रधानमंत्री के 112वें संस्करण मन की बात को सुना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में रविवार कक भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देशानुसार नगर निगम गिरिडीह के वार्ड संख्या 4 ,5, 6 से संबंधित बूथ संख्या 16, 17 18 सहित उससे संबंधित अन्य बूथ समिति, भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकों के साथ दुर्गा मंडप फॉरेस्ट विभाग में सेवानिवृत्ति इंजीनियर विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को एक साथ काफी संख्या मे लोगों के द्वारा सुना। वही इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया की आज मन की बात के 112 वे संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड में चार स्वर्ण और एक रजत जीतकर भारत का परचम लहराने वाले विद्यार्थियों से बात की और उनके अनुभव को साझा किया।वही हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त हम सभी देश



वासियों को अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रधानमंत्री के द्वारा आग्रह किया गया। मन की बात सुनने के बाद वहीं पर संबंधित समिति के साथ बूथ सशक्तिकरण, मेरा बूथ सबसे मजबूत की दृष्टिकोण से बैठक कर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि जिसमें निर्णय लिया गया की कोई कार्यकर्ता यदि किसी कारण वश समय नहीं दे पाते हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए दूसरे सक्रिय कार्यकर्ता को चयन कर पन्ना प्रमुख एवं बुध कमेटी के माध्यम से प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हो रहे विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत गरीबों को प्राप्त हो रहे लाभ तथा हेमंत सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर उपस्थित रूप से भाजपा पूर्व जिला मंत्री सुनित सिंह ,जिला कार्य समिति सदस्य पिंकी सिंह, बुथ अध्यक्ष कुंदन सिंह राजपूत, अंशु सिंह, मुरारी मिश्रा विक्की कुमार दास सहित शंकर गोप, प्रतीक कुमार राजेश कुमार पांडे सुमन सिंह , कुमार गौरव , यश कुमार , मृगेंद्र कुमार ,राहुल कुमार ,सुनील कुमार वर्मा ,दिनेश कुमार ,कविराज ,अभिषेक कुमार करण कुमार सहित काफी संख्या में लोग थे।

## रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रोटी बैंक यूथ क्लब को मिला सम्मान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महादेव सेवा फाउंडेशन आसनसोल में रोटी बैंक यूथ क्लब को रक्तदान के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। जहां भारतवर्ष के विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों से रक्तदाता लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल हेमा सिंह शेखावत के द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की रोटी बैंक यूथ क्लब पिछले 6 सालों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इस सम्मान समारोह में धनबाद से मधुमिता एडू मेड फाऊंडेशन के अध्यक्ष गोपाल भट्टाचार्य भी मौजूद थे। उन्हें भी संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि रक्तदान महादान है और हमने इसकी शुरुआत 15 अगस्त 2018 को की थी। प्रत्येक साल चार बार संस्था के द्वारा शिविर लगाया जाता है। उसके अलावा भी अलग-अलग संस्थाओं को जागरूक करके भी रक्तदान करवाया जाता है। यह सम्मान सभी सदस्यों को समर्पित है। उन्होने महादेव सेवा फाउंडेशन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। मौके पर भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह, जय प्रकाश, सपना मोइत्रा,निधि कुमारी, आलोक आदि मौजूद थे।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

### गया स्टेशन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज 28.07.2024 को पटना-गया एवं गया-डीडीयू रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक महोदय ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया । महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा गया जंक्शन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यो की अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। महाप्रबंधक महोदय ने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने का निर्देश दिया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन



आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा । इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा गया जंक्शन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन की साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी सहित अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट का 5वां पदस्थापना समारोह मनाया गया

## विगत वर्ष लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट मानव सेवा के क्षेत्र में अच्छा काम किया : सीमा बाजपेयी

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** जिले में लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह एलिट का 5वां पदस्थापना समारोह सेलिब्रेशन गिरिडीह में संपन्न हुआ। वही समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने किया। जिलापाल लायन सीमा बाजपेई मुख्य अतिथि, पूर्व जिलापाल लायन राहुल वर्मा पदस्थापना अधिकारी, तथा प्रथम उप जिलापाल लायन संजय कुमार एवं द्वितीय उप जिलापाल लायन शुभ्रा मजूमदार गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित थी। इस समारोह के इंस्टॉलेशन चेयर पर्सन लायन राजेश गुप्ता थे। कार्यक्रम का संचालन लायन अमरनाथ मंडल तथा लायन अवनीश अंशु ने किया। लायन राजेश गुप्ता ने उपस्थित तमाम पदाधिकारीयों ,अतिथियों तथा सदस्यों का स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए लायन धर्म




प्रकाश ने कहा कि हमारा क्लब विगत 5 वर्षो से गिरिडीह शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में मानव सेवा के कार्यो में अपना अहम भूमिका निभाता रहा है। पिछले वर्ष हमारा क्लब आदिवासी गांव गंगापुर को गोद लिया तथा वहां बच्चों एवं महिलाओं के लिए काफी कार्यक्रम किया। हमारा क्लब का फोकस पर्यावरण संतुलन और निचले स्तर की जरूरतमंदों के लिए काम करना है। जिलापाल लायन सीमा वाजपेई ने कही कि लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह एलिट हमारे जिला का सबसे क्रियाशील क्लब है उनके सदस्य मानव सेवा का कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। पदस्थापना पदाधिकारी पूर्व जिलापाल लायन राहुल वर्मा ने लायनवाद और क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे जिला के सभी क्लब काफी क्रियाशील है उसमें से यह क्लब मानव सेवा के कार्य में अपनी अलग पहचान बनाई है। समारोह को प्रथम उप जिलापाल लायन संजय कुमार द्वितीय उप जिलापाल लायन शुभ्रा मजूमदार, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज आदि ने संबोधित किया। इधर क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने क्लब के सदस्यों को विगत वर्ष उनके द्वारा क्लब के कार्यो में भागीदारी तथा सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला पाल के द्वारा क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश को उत्कृष्ट अध्यक्ष तथा लायन दशरथ प्रसाद को उत्कृष्ट सचिव का ट्रॉफी देकर सम्मानित कियाआगामी वर्ष के लिए लायन दशरथ प्रसाद को अध्यक्ष, लायन सुदीप गुप्ता को सचिव तथा लायन राहुल प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

## मौका मिला तो बाघमारा से संपूर्ण गुंडाराज समाप्त करेंगे : सूरज

### जनशक्ति दल का स्थापना दिवस 30 जुलाई को, तैयारियां जोर शोर से



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनशक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 30 जुलाई को जनशक्ति दल की स्थापना दिवस की तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई 2023 को जनशक्ति दल की स्थापना की गई थी। एक वर्ष पूरा होने पर धूमधाम से मनाया जाएगा कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला, पुरुष भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। सूरज महतो ने कहा कि मामा भगना मिलकर बाघमारा को लूटा है। उन्होंने कहा की जो 10 वर्षो तक मंत्री रहे, लेकिन बाघमारा की जनता पेयजल के लिए तरस रही है। पिछले 25 वर्षो से जनता की सेवा में हूं। बाघमारा की जनता तीन बार जिनको मौका दिया, वह जनता के बीच कभी नहीं रहे। बाघमारा की जनता मेरे चाल चरित्र को देखे। मेरे ऊपर आज तक ना तो कोयला ना लोहा और ना ही रंगदारी का आरोप है। कन कन में जनता का राज होगा। कोई गुंडा या व्यक्ति का राज नहीं होगा। मौका मिला तो बाघमारा में संपूर्ण गुंडाराज समाप्त करेंगे। जनता को लूटने वाला को बाहर का रास्ता दिखाएंगे। बाघमारा में बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बलराम महतो, सुरेश सिंह, मनोज महतो, महादेव दास, देबू सिंह, सुरेश महतो, संजय अग्रवाल, कुणाल कुमार, सतीश शर्मा, सुलतान, अफरोज, प्रवीण, सुबोध कुमार, दीपक शर्मा, अताउल रहमत, सम्पू पांडे, रवींद्र, राजकुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण में कबड्डी व योग खेल का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा प्रांगण में प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में डीएवी राष्ट्रीय खेल -2024 के अंतर्गत संकुल स्तरीय जोन-आई का दो दिवसीय कबड्डी व योगा खेल प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण मुख्य अतिथि बने। झारखंड जोन-आई के ए आर ओ डॉ. जी एन खान विशेष अतिथि व संबंधित डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य अतिथि बने। प्रतियोगिता में डाल्टनगंज, गुमला, लातेहार, गढ़वा, सिमडेगा व लोहरदगा के खिलाड़ी प्रतिभागी सम्मिलित हुए। गौर तलब हो कि कबड्डी अंडर-14 लड़कों में डीएवी लोहरदगा विजेता तथा डीएवी डालटेनगंज उपविजेता रहा। कबड्डी अंडर- 14 लड़कियों में डीएवी लोहरदगा विजेता तथा डीएवी डालटेनगंज उपविजेता रहा। कबड्डी अंडर- 17 लड़कों व लड़कियों में डीएवी लोहरदगा विजेता तथा डीएवी डालटेनगंज उपविजेता रहा। कबड्डी अंडर -19 लड़कियों में डीएवी लोहरदगा विजेता तथा डीएवी डाल्टनगंज उपविजेता रहा। कबड्डी अंडर-19 लड़कों में डीएवी डाल्टनगंज विजेता व डीएवी लोहरदगा उपविजेता रहा। इनके अतिरिक्त कबड्डी में लोहरदगा के रोहित कुमार, आंचल कुमारी, नमन शीश भगत, खुशी कुमारी, रिया सिंह को व अभिजीत तिवारी (डाल्टनगंज) को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार प्राप्त हुआ। योगा अंडर-14 लड़कों में डीएवी गुमला विजेता तथा डीएवी गढ़वा उपविजेता रहा। योगा अंडर -14 लड़कियों में डीएवी लोहरदगा विजेता तथा डीएवी डालटेनगंज उपविजेता रहा। योगा अंडर -17 लड़कों में डीएवी लोहरदगा विजेता तथा डीएवी डालटेनगंज उपविजेता रहा। योगा अंडर -17 लड़कियों में डीएवी लोहरदगा विजेता तथा डीएवी गढ़वा उपविजेता रहा। योगा अंडर-19 लड़कों में डीएवी गुमला विजेता तथा डीएवी लोहरदगा उपविजेता रहा। योगा अंडर -19 लड़कियों में डीएवी गुमला विजेता तथा डीएवी लोहरदगा उपविजेता रहा। इनके अतिरिक्त लोहरदगा की आनंदी कुमारी व लाल हर्षनाथ सहदेव, डालटेनगंज की आरुषि रानी तथा गुमला के सुधांशु कुमार प्रीतमपुरा व प्रियांशी गिरी को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य माननीय श्री जी पी झा ने मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि व अन्य डीएवी विद्यालय के प्राचार्यों का हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के साथ अन्य विद्यार्थियों ने मनोरम स्वागत गान प्रस्तुत किया। छात्राओं द्वारा शिक्षिका रीना रितिका, आरती कुमारी व ज्योति पांडे के सहयोग से अभिनंदन नृत्य व लोक नृत्य करवाया गया। छात्रा आनंदी कुमारी ने मुख्य अतिथि महोदय को तथा छात्र अर्पण तिर्की ने विशिष्ट अतिथि डॉक्टर न खान को विशिष्ट चित्रकारी भेंट किया गया।

## भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर सुनी समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने जमुनाखैर का दौरा कर ग्रामीण जनता की समस्यायों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत सात सालों से विद्युत समस्याओं से जूझ रहे हैं, सौ परिवार की गांव में एक छोटा सा ट्रांसफार्मर पुर्व में लगाया गया था जो क्षमता की दृष्टिकोण से अपर्याप्त है, हमारे गांव में अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने से पर्याप्त विद्युत मिलेगी तभी समस्याओं का समाधान होगा। ग्रामीणों ने बताया कि इसके कारण निकटवर्ती गांव से बिजली के लिए हमेशा झगड़ा होते रहता है। पेयजल के संबंध में बताया कि एक जलमिनार बनाया गया है परन्तु चापाकल में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं रहने से डाडी कुंआ का पानी पीने के लिए मजबुर है। श्री बेसरा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विद्युत और पेयजल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखी जाएगी एवं जल्द समाधान करने के लिए आग्रह किया जाएगा। साथ ही श्रद्धानन्द बेसरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस एवं झामुमो गठबंधन सरकार में झारखंड का विकास ठप हो गया है केंद्र सरकार द्वारा हर घर नल योजना के तहत दिए गए पैसा एवं विद्युतीकरण के लिए दिए गए पैसा का बंदरबाट हो रहा है, सरकार के संरक्षण में संबंधित अधिकारियों द्वारा पैसा लूटा जा रहा है, इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है जल्द ही झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी और पूर्व की तरह गांव का विकास युद्ध स्तर पर किया जाएगा।

## धरधरिया जल प्रपात स्थित नाग नागिन स्थल पर पूजा के लिये लगी रहती है भक्तों की भीड़



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में स्थित धरधरिया जलप्रपात के समीप नाग नागिन महादेव शंकर से विख्यात भगवान शंकर जी का टिला विराजमान है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है की प्राचीन समय मे यहाँ पर पूजा अर्चना करने के दौरान नाग नागिन का दर्शन होता था। कहते हैं कि जो भक्त सच्चे मन से यहां पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते हैं तो उनकी माँगी हुई हर मनोकामना पूरी होती है। यहाँ पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग दूर दूर से पूजा अर्चना करने के लिये आते हैं। सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में स्थित नाग नागिन स्थल गुफा स्थित होने के बावजूद सावन माह में या अन्य दिनों में भी लोग दर्शन कर पूजा करने के लिये आते है। पूजा को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बूढ़े सभी में उत्साह देखने को मिलता है। नाग नागिन का पूजा अर्चना करने के उपरान्त लोग प्रखंड क्षेत्र का प्रसिद्ध जलप्रपात धरधरिया भी घूमते हैं। जंगल पहाड़ से घिरे होने के कारण यह जगह बहुत सुंदर है। सावन माह में सोमवार को और शिवरात्रि दिन यहां पूजा अर्चना के लिये भक्तों की भीड़ लगी रहती है। यहीं पर बहती हुई नदी से जल उठा कर भक्तजन भगवान शंकर को जल अर्पण कर पूजा करते हैं। सावन माह में सोमवारी को सुबह से शाम तक भक्तों का आने जाने का तांता लगा रहता है। स्थानीय ग्रामीण बिशु उराँव,रतु उराँव,राजकिशोर उराँव,शिव उराँव,गन्दूर उराँव सहित अन्य लोगों को कहना है कि यहां टिला में आज भी नाग और नागिन विद्यमान हैं। जो सच्चे मन से भगवान महादेव शंकर जी का पूजा करने आज भी कभी कभी नाग के रूप में भगवान भोलेनाथ और नागिन के रूप में माता पार्वती का दर्शन होता है। माघ माह में पूर्णिमा के दिन मेला का आयोजन किया जाता है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि आपसी सहयोग से यहां पर मन्दिर का निर्माण कराया जा रहा है। जंगल पहाड़ के बीच स्थित होने के कारण तथा धरधरिया जलप्रपात होने के कारण यह जगह काफी मनमोहक है जो भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

# जिले में बिछ रहा है सड़कों का जाल, हर गांव को सड़कों से जोड़ने का किया जा रहा है प्रयास : विधायक भूषण बाड़ा

**विधायक भूषण बाड़ा ने चार मुख्य सड़कों के मरम्मत कार्य का किया शिलान्यास**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा रविवार को दर्जनों गांवों के लोगों को सड़क का तोहफा दिया है। ये गांव ऐसे हैं जहां की पहुंच पथ काफी जर्जर हो गयी है। कालीकरण होने के बावजूद सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं एवं बोल्डर निकल आये हैं। जहां से चलना ग्रामीणों को जोखिम भरा साबित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने इन सड़कों का मरम्मत करवाने में सफल रहे हैं। रविवार को विधायक ने बनाबीरा से कुल्लुकेरा भाया टैंसेरा तक, बेन्दोंजोर से तुरतुरीपानी, महुआटोली से कोचेडेगा रामरेखा पथ बड़ा डुंगरी तक, सिकरियाटांड़ भंजपत्थर से सोगड़ा होते हुए करजीटांड़-ठेठईटांगर पाकर टांड़ तक होने वाले सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में जिले में सड़कों का जाल बिछेगा। कोरोना वायरस ने लगभग दो साल तक कई कार्य को रोक रखा था, जिनकी भरपाई करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि जब वे इन सड़कों से गुजरते थे तब कई लोगों को सड़क दुर्घटना का शिकार होते देखे थे। तभी से इन सड़कों का मरम्मत करवाने की उन्होंने ठान रखी थी। विधायक ने कहा कि उन्होंने 5 दर्जन सड़क का कालीकरण, पीसीसी पथ बनवाने की अनुशंसा की गई है। इसके अलावे एक दर्जन सड़कों का कालीकरण पथ निर्माण कराने एवं आधा दर्जन नदियों में पुल बनवाने की अनुशंसा कर भेजी गई है। जल्द ही सभी कार्य धरातल में उतरेगी।

**कांग्रेस विधायकों के प्रयास से आज जिले का हर वर्ग एवं हर धर्म के लोग हैं काफी खुश : जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो वादा की थी उसे पूरा करने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महागठबंधन सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कोविड महामारी जैसे विकट स्थिति में भी राज्य सरकार ने राज्य को संभाले रखा। आज स्थानीय विधायक भूषण बाड़ा एवं विक्सल कोंगाड़ी के प्रयास से एनएच 143 की स्थिति सुधरी, गांवों तक सड़कों का जाल बिछ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के स्थित स्कूलों का विकास हुआ। जिले में खेल मैदान का विकास हुआ। आज जिले का हर वर्ग एवं हर धर्म के लोग खुश हैं। आने वाले दिनों में क्षेत्र की जनता के चेहरे में दोगुनी खुशी लाने का प्रयास किया जाएगा।

# झापा की बैठक हुई संपन्न, झापा केंद्रीय अध्यक्ष हुए ग्रामीणों की समस्या से रुबरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पालकोट प्रखंड अंतर्गत कोलेंग पंचायत स्थित नवाडीह गांव में झारखंड पार्टी की बैठक हुई। बैठक में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का मुख्य रुप से उपस्थित रहे।बैठक में सर्वप्रथम एनोस एक्का ने नवाडीह गांव के ग्रामीणों की सारी समस्याओं से अवगत हुये। ग्रामीणों ने कहा कि हमनें हर चुनाव में भाजपा और कांग्रेस का साथ दिया। लेकिन सभी ने भरोसा को तोड़ने का काम किया। हमलों आज भी रोजगार और बिजली, पानी, सड़क सहित विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं।एनोस एक्का ने सारी समस्याओं का निदान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। इसके बाद बैठक में उपस्थित सभी लोगों ले सामुहिक रुप से संकल्प लिया। की आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी की प्रत्याशी और केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का की पुत्री आइरीन एक्का को ऐतिहासिक मतों से विजयी दिलायेंगे। इस अवसर पर एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी सिर्फ विकास की राजनीतिक करती है। क्षेत्र का विकास होगा तो जनता खुशी का जीवन व्यतीत करेंगे।आने वाले विधानसभा चुनाव में आप हमारा साथ दें। मैं आपसे वादा करता हूं। की आपके गांव में विकास के सभी सुविधाएं मुहैया कर दूंगा। आपसे किया गया वादा का एक बार भरोसा करें। और इस बार के विधानसभा चुनाव में हमारा साथ देकर हमें सेवा करने का मौका दें। एनोस एक्का ने कहा कि जाति-धर्म अलग है। और राजनीतिक अलग है। हम सिर्फ विकास की राजनीतिक करते हैं। आपके क्षेत्र का विकास चाहते हैं। आप हमारा साथ दें। हम आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे।गांव में बेरोजगारी खत्म हो जायेगी।सभी के हाथों में काम होगा। और सभी परिवार खुशहाली का जीवन व्यतीत करेंगे। आपने वर्षों से जो सपना देखा है।उसे मैं पुरा करुंगा। बस इस बार के विधानसभा चुनाव में हमारा साथ दें। फिर देखियेगा।

## घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाना आदिवासी छात्रों को पड़ा महंगा, पुलिस ने की छात्रों की पिटाई : बिंदेश्वर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने विज्ञप्ति जारी किया है जिसमे उन्होंने पाकुड़ में हुए एक चिंताजनक घटना से आहत होकर प्रशासन तथा सरकार पर रोष व्याप्त किया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि झारखंड के पाकुड़ जिले में आदिवासी छात्रावास के छात्रों द्वारा बांग्लादेशी मुसलमानों के अवैध घुसपैठ के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले युवा छात्रों की शुक्रवार देर रात हेमंत सरकार की पुलिस प्रशासन ने छात्रावास में घुसकर बर्बरतापूर्ण और गुंडागर्दी के साथ पिटाई की गई है इस दौरान कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसमे कई छात्र गंभीर रूप से घायल भी है। इस तरह से छात्रों के उपर हुए इस कायराना हमले की तस्वीरें विचलित करने वाली है।इस घटना को लेकर बिंदेश्वर उरांव ने हेमंत सरकार से सवाल किया है की अपनी मां-बहनों की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवा छात्रों पर अत्याचार और बाहरियों पर इतना प्रेम बरसाने की वजह क्या है।जिस सरकार आदिवासियों के नाम पर अपना रोटी सेकती है इन लोगो का ये शर्मसार करने वाली है। जबकि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड की अस्मिता और अस्तित्व के लिए खतरा बनते जा रहे है और हेमंत सरकार अपनी आंखे मूंद कर बैठी है।जबकि इन्हें संरक्षण देकर आप प्रदेश की साढ़े तीन करोड़ जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।इस दौरान उन्होंने कहा की इस घटना में संलिप्त जितने भी पुलिसवाले शामिल हैं उनके विरुद्ध मुक़दमा दर्ज कर कठोर कारवाई की मांग की है।वही पाकुड़ उपायुक्त सभी घायल छात्रों के ईलाज का उचित प्रबंध करें। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा की अगर इस घटना में घायल हुए एक भी लोगो को कुछ होता है तो इसका जिम्मा सरकार तथा प्रसाशन का होगा। और इस घटना को लेकर कार्यवाही नही हुई तो फिर हेमंत सरकार के विरुद्ध बड़ी आंदोलन किया जाएगा।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 111 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में, 72 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए, न्यू रांची पैथोलॉजी थायरोकेयर के सहयोग से हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर आदि का निशुल्क जांच की गई। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है और हमारा प्रयास रहेगा की ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा कर सके जिससे कि लोग स्वास्थ एवं खुशहाल रह सके और कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए, जिससे होने वाले कई बीमारीयों की जानकारी मिल सकती हैं।

## हौसलों को उड़ान देने की सीख देती है मिसाईल मैन डॉ. कलाम की जिंदगी : अलीरजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** भारत के पहले साइंटिस्ट और पहले गैर राजनीतिक राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के जीवन का हर क्षण राष्ट्र को समर्पित था। मिसाइल मैन, पीपुल्स प्रेसिडेंट कहे जाने वाले और परमाणु हथियार कार्यक्रमों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाले डॉ. कलाम की जीवनशैली और सादगी सभी के लिए प्रेरणा दायी थी। गरीबी और अभाव में जिंदगी गुजारने वाले नौजवानों को उन्होंने बड़े सपने देखना और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करना सिखाया। ये बातें 27 जुलाई शनिवार को कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पीएम श्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में डॉ. कलाम की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि दस भाई-बहनों में सबसे छोटे और बचपन में घर-घर अखबार बेचकर जीवन निर्वाह करने वाले कलाम की जीवनी, जीवन में सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहने की सीख देती है। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक डॉ. सरोज कुमार दुबे ने कलाम की पूरी जीवनी छात्र-छात्राओं को बताते हुए लगातार कठिन परिश्रम करते रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम की कड़ी मेहनत से विश्वपटल पर भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहा है। पद्मभूषण, पद्मविभूषण, वीर सावरकर पुरस्कार से लेकर भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न तक प्राप्त करने वाले डॉ. कलाम सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे।

## फरार तीन नामजद आरोपी पुलिस के हथे चढ़े, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मारपीट घटना के बाद फरार आरोपी अभियुक्त को सेन्हा पुलिस अलग अलग जगहों से गिरफ्तार कर जेल भेजा। बिगत 18 जुलाई को सेन्हा में मोहर्रम पर्व पर मेला का आयोजन किया गया था। मेला के दौरान मेला स्थल के समीप हुआ एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच मारपीट में दिलकश अंसारी जख्मी हो गया था। जिस का इलाज के क्रम में मौत हो गया। घायल दिलकश अंसारी के परिजनों द्वारा पूर्व में घटना से अवगत कराते हुए तीन नामजद आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। लेकिन घायल दिलकश अंसारी का इलाज के दौरान रांची रिम्स में 27 जुलाई को मौत हो गया। जिसकी सूचना पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शनिवार को घंटो एन एच 143 ए पथ लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। वही मौत की सूचना पर पुलिस अपने कार्य में जुटी रही। और अपनी खुफिया तंत्र के माध्यम से आरोपी अभियुक्तों को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली वही बताया जाता है कि आरोपी अभियुक्त मुर्शिद अंसारी के दोनो पुत्र मिस्कत अंसारी तथा अबु दाउद अंसारी को रांची के नया सराय तथा नासिर अंसारी के पुत्र आरिफ अंसारी को लोहरदगा से गिरफ्तार किया गया है। जिसे नियम संगत कारवाई करते हुए न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के उपरांत से ही पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। साथ ही उन्होंने कहा मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद से तीनों आरोपी फरार हो गये थे।

## जेएसएलपीएस संस्था ने 23 महिला कृषकों के बीच केंचुआ खाद किट का किया वितरण



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा भौंरो मोड़ स्थित संकुल संगठन कार्यालय परिसर में रविवार को उद्यान विभाग व जेएसएलपीएस संस्था के सौजन्य से 23 महिला कृषकों के बीच केंचुआ खाद किट का वितरण किया गया। साथ ही 11 महिला कृषकों के बीच केंचुआ खाद के लिए मल्चिंग प्लास्टिक का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने कहा कि केंचुआ खाद के उपयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति में बढ़ोतरी होती है। इससे किसानों के खेतों में फसल की उपज भी बढ़ती है। केंचुआ खाद के उपयोग से किसान बेहतर पैदावार कर सकते है। यह भूमि की उर्वरकता, वातायनता को तो बढ़ाता ही हैं, साथ ही भूमि की जल सोखने की क्षमता में भी वृद्धि करता है। वर्मी कमपोष्ट वाली भूमि में खरपतवार कम उगते है। तथा पौधों में रोग कम लगते है। पौधों तथा भूमि के बीच आयनों के आदान प्रदान में वृद्धि होती हैं। मौके पर भरत राम ने कहा की भंडरा प्रखंड में महिला कृषकों के सहयोग से जैविक खाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए महिला कृषकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

**औषधीय पौधों से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अद्भुत क्षमता : प्रवीण भारती**

# पतंजलि के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के उपरांत जड़ी बूटी दिवस एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के तत्वावधान में कृषि बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक जिला के मुख्य योग प्रशिक्षक एवं जिला प्रभारी प्रवीण भारती की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें आगामी चार अगस्त को श्रधेय आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस के अवसर पर जड़ी बूटी दिवस एवं औषधीय पौधों के गुणधर्म लाभ बताने सहित उनका वितरण एवं आगामी बीस अगस्त को मण्डल स्तरीय सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जड़ी बूटी दिवस व्यापक तरीके आयोजित की जाय क्योंकि जड़ी बूटियों में रोगनिवारण की अद्भुत क्षमता है, पर जानकारी के अभाव में हम उसका समुचित उपयोग नहीं कर पाते। बैठक को सम्बोधित करते हुए वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह ने औषधीय पौधों को लगाने पर जोर दिया एवं इसके महत्व को बताया। समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं संरक्षक शिवशंकर सिंह एवं जिला पतंजलि योग समिति प्रभारी अभय भारती ने भी बैठक को सम्बोधित करते हुए जड़ी बूटी दिवस मनाने एवं संगठन के आगामी कार्यों को योजनाओं को सफलतापूर्वक संपन्न करने पर चर्चा किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर शिव मंदिर परिसर की सफाई भी की। उन्होंने कहा कि गिलोय अपने आप में सम्पूर्ण रोगों को जड़ से मिटाने के लिए एक महाऔषधि है एवं निरापद भी है। इसमें शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की अद्भुत क्षमता है वैसे ही तुलसी,नीम, एलोवेरा, अर्जुन, आंवला, बेल आदि मानव शरीर के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं ये सभी प्रकृति प्रदत्त अनमोल उपहार है। हमें प्रकृति के साथ साथ चलना सीखना होगा। यौगिक दिनचर्या एवं स्वस्थ मानसिकता अपनाना होगा, नहीं तो जैसी रोगों की भयावहता बढ़ी है स्वस्थ रहना मुश्किल हो जाएगा।

# सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष हो, सरकार लंबित मांगों की पूर्ति करें : झापसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न मांगो को लेकर झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई। परियोजना निदेशक के द्वारा शिक्षा में कमी पाए जाने पर सिर्फ शिक्षकों को ही जिम्मेदार मानने पर चिंता प्रकट किया गया। मौखिक निदेश के तहत एसएमसी खाते में राशि नहीं रहने की स्थिति पर शिक्षक स्वयं के पैसे से विद्यालय के लंबित कार्यो को पूरा करें और नहीं तो विद्यालय के विकास में बाधक मानें जाएंगे। मौखिक आदेश पर आपत्ति जताई गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सुमन ने कहा कि शिक्षा में सुधार और विकास के लिए अलग ही मंत्रालय है, जिसके मातहत मंत्री से लेकर शिक्षा सचिव, निदेशक आरडीडीइ, डीएसई, बीईईओ और अंत में शिक्षक होता है। सबों की जिम्मेदारी बनती है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार मिले। किंतु सारी कमियों के लिए शिक्षक को दोषी बता कर बाकी जवाबदेह लोग अपना दामन नहीं बचा सकते। नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए सबों को मिलकर काम करना होगा, गुरु को दंडित करने के बजाय मनोबल को ऊंचा बनाने की जरूरत है। महासचिव प्रेम प्रसाद राणा ने कहा कि सरकारी विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक अभाव में भी अपनी कार्यकुशलता और लगन से लगातार बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने में लगे हुए हैं ?। ऐसी परिस्थिति में सिर्फ शिक्षकों को कमतर आंकना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रस्ताव पारित कर एक स्वर से शिक्षकों के लिए एमएसीपी लागू करने, विभिन्न ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति का अविलंब निष्पादन, निरीक्षण के नाम पर छोटी मोटी चूक पर निलंबित/दंडित नहीं करने, मंत्रियों और पदाधिकारियों की ही तरह शिक्षकों /कर्मियों को भी मोबाइल अथवा लैपटॉप उपलब्ध कराने तथा सेवानिवृत्त की उम्र 62 वर्ष करने की मांग सरकार से की गई। बैठक का संचालन महासचिव प्रेम प्रसाद राणा ने किया। बैठक को अन्य जिला प्रतिनिधियों के अलावा मुमताज अहमद, मनोज कुमार पांडेय, राजकिशोर प्रसाद, बलदेव ठाकुर लीलावती मिंज, हेमेंद्र कुमार मंडल, विनोद कुमार उपाध्याय, मणिलाल दास ने संबोधित किया।

## झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को बनाए जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड सहित कई राज्यों राज्यपाल नियुक्ती की उसी क्रम में संतोष कुमार गंगवार को झारखंड के नए राज्यपाल नियुक्त किया है। वहीं महामहिम राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को महाराष्ट्र के नये राज्यपाल नियुक्त जाने पर भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी। झारखंड के नए महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पूर्व में लगातार आठ बार सांसद रह चुके हैं उन्होंने सरकार मैं केंद्रीय मंत्री एवं संगठन में कई दायित्वों का निर्वाहन किया है। उनके अनुभवों का पूरा लाभ झारखंड प्रदेश को मिलेगा। बधाई एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत, विधान पार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, बजरंग उरांव, नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, मुकेश साहू, लखन उरांव, नवीन साहू, भरत किसान, मनीष शिखर, संजय चौधरी, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, बाल्मीकि कुमार, विवेक चौहान शंकर प्रजापति, कृष्णा मोदी, यदुनंदन तिवारी, सहीत अन्य कार्यकर्ताओं ने दी।

**चलते चलते एक नजर**

## एआईएमआईएम का रंका में हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के तत्वावधान में गढ़वा जिला के रंका प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टेम्पु स्टैंड में कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों के लोगों ने भाग लिया। मौके परपलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा के भावी प्रत्याशी डॉ एम.एन. खान उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम को डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि रंका प्रखंड के लोग अभी भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे है। यहां विकास के नाम पर कुछ नही किया गया है।एआइएमआइएम वर्तमान सरकार द्वारा किए गए वादा खिलाफी के खिलाफ सभी पंचायत में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष मोजाहीम अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला महासचिव मोहम्मद रमजान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, एस कुमार पासवान, शिवनाथ राम, नंदलाल सोनी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने एआईएमआईएम के नीति और सिद्धांतो से प्रभावित होकर एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों को डॉक्टर एम एन खान ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

## बिहारियों के अपमान पर कांग्रेस माफ़ी मांगे : सागर कुमार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के बांग्लादेशी घुसपैठियों की बिहारियों से तुलना वाले बयान की प्रदेश जदयू ने निंदा की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा की ऐसी टिप्पणी बेहद ओछी और अत्यंत निंदनीय है, कांग्रेस को बिहारियों के अपमान पर माफ़ी मांगनी चाहिए। उन्होंने रविवार को कहा कि प्रदेश कांग्रेस के बिहार मूल के नेताओं को अपने विधायक के बयान का मुखर होकर विरोध करना चाहिए, उनकी चुप्पी बिहार और बिहारियों के प्रति कांग्रेस की मानसिकता को उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि सवाल कुछ और विधायक का जवाब कुछ है इससे स्पष्ट है कि बयान चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से दिया गया है। झारखंड बिहार से ही अलग हुआ है यह बात किसी को नहीं भूलनी चाहिए और जो राज्य गठन के बाद झारखंड में रह गये वह स्वतः झारखंडी है उन्हें प्रमाण की आवश्यकता नहीं।

# सरकार बनी तो दूर होगी समस्याएं : अरुणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा,पोलपोल,बारी व पोचि का सघन दौरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में की जा रही योजनाओं को ग्रामीणों एवं बुद्धिजीवियों के बीच रखा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने इस जन सम्मान यात्रा के दौरान सतबरवा में सुरेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद आर्य, पोलपोल में सचिंद्र कुमार, संतोष पांडे, बारी में महेश्वर सिंह, निर्मल सिंह, पृथ्वी राम, उमाकांत सिंह पोचो में डॉ अशोक राम, केश्वर सिंह, सतीश सिंह चेरो, नामदेव मिस्त्री, संजय लाल व अजय राम को सम्मानित करते हुए क्षेत्र की समस्या को भी समझा। प्रथम महापौर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हमारी भाजपा सरकार आते ही क्षेत्र की समस्या को प्राथमिकता में दूर कराई जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रथम महापौर से मिलकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो जनता के पास जाए और समस्याओं को सुने। ना की जनप्रतिनिधि बनने के बाद क्षेत्र से लापता हो जाए। इस अवसर पर सतीश साहू, आशीष सिन्हा सतबरवा सांसद प्रतिनिधि मनीष गुप्ता,अनिल गुप्ता, संजय प्रसाद एवं काफी संख्या में लोग साथ में थे।

अरुणा शंकर ने सतबरवा, पोलपोल, पोची व बारी का दौरा कर सुनी समस्या



## कसौधन महिला मंच ने अपनी-अपनी मां के नाम पर लगाया पौधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर कसौधन समाज महिला मंच द्वारा गढ़वा एस टी गर्ल्स हॉस्टल के बाहर पौधारोपण का कार्य समाज की महिलाओं के द्वारा किया गया। सभी महिलाओं ने अपने मां के नाम एक पौधा रोपण का कार्य किया। अध्यक्ष शोभा कश्यप ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा देश के सभी नागरिकों से अपील की गई। पौधों से वातावरण शुद्ध रहता है एवं हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। हम सभी महिलाओं से आग्रह करते है कि आप सभी अपने अपने यहाँ पोधारोपण का कार्य करे।मौके पर महिला समाज की संरक्षक श्यामादुलारी कश्यप, अध्यक्ष शोभा कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, कोषाध्यक्ष ममता कश्यप, संगठन मंत्री नमिता कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, सीमा कश्यप, प्रीति कश्यप, उषा कश्यप, सीता कश्यप, मुस्कान कश्यप आदि उपस्थित थी।

# नगर मंडल भाजपा ने सुनी मन की बात कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में बूथ न 128 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम मन की बात का श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाह पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर गढ़वा जिला के सभी मंडलों के शक्ति केन्द्रों पर मन की बात सुनने का कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष के द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा बहूत ही अच्छी जानकारी दिया जाता है। इससे बच्चों में ज्ञान बढ़ता है। हमें नए नए चीज़ों की जानकारी उपलब्ध होती। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा की गढ़वा नगर मंडल के सभी शक्ति केंद्र पर मन की बात कार्यक्रम किया जा रहा है। इससे हम सभी लोगों को देश विदेश अपने भारत के अनोखे अनोखे जानकारी हासिल होती है। बच्चों के साथ परीक्षा पर भी चर्चा किया जाता है। आज देश मोदी जी के नेतृत्व में बहुत आगे निकल चुका है। कार्यक्रम में महामंत्री यशवंत मिश्रा, उपाध्यक्ष सुप्रीत केसरी, ओबीसी मोर्चा ज़िला महामंत्री रवींद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष लखन गुप्ता, पूर्व महामंत्री ब्रजेश उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश कश्यप, ओमकार तिवारी, संतोष कश्यप, टिंकू गुप्ता, हरिओम कश्यप, छोटन सोनी, विशाल गुप्ता, नवीन कुमार, हरि ओम कश्यप समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# हमारा बूथ सबसे मजबूत के नारा के साथ रुचिर तिवारी ने भरी हुंकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया के भावी विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने सदर ब्लाक के ग्राम चिंयाकी में ग्रामीणों की जन समस्याओं से अवगत होकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने किया।



मौके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि हमारा बुथ सबसे मजबूत के नारा के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। जिसके तहत डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के सदर सदर अंचल के ग्राम चियांकी से शुरूआत किया गया है। यह इलाका आदिवासी बहुल इलाका रहा है और आदिवासियों ने चाहे आजादी की लड़ाई हो या अन्य लड़ाई में हमेशा सच का साथ दिया है। इस बार आप सब मजबूती के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को सहयोग करें। एवं तन मन धन देकर डाल्टेनगंज से अपना बुथ को मजबूत करते हुए विजय दिलाने का संकल्प लें। बैठक में ग्रामीणों ने एनएच 75 में जा रहे स्थानीय रैयतों का जमीन संबंधी समस्याओं से अवगत कराया।बैठक में सूबेदार सिंह, ननहक पासवान, मुंडारिक सिंह, सविता देवी संजय कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, पिंटू सिंह शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# रविंद्र प्रजापति के परिवार वालों से गुंडागर्दी करने वाले विधायक पर दर्ज हुआ एफआईआर

**झारखंड कुम्हार समन्वय समिति ने कहा : विधायक शशिभूषण को जेल जाने तक जारी रहेगा आंदोलन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एक गुंडा की भांति रवीन्द्र प्रजापति के पूरे परिवार को घर में घुसकर पिटाई करने वाले पांकी विधायक शशिभूषण मेहता पर आखिरकार एफआईआर दर्ज हो ही गया। इसके लिए झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के लोग विगत कई दिनों से आंदोलन कर रहे थे। मेदिनीनगर शहर थाना में विजय प्रजापति पिता रवीन्द्र प्रजापति के आवेदन पर विधायक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।थाना को दिए आवेदन में विजय प्रजापति ने कहा है कि मैं टीवी टावर रोड ब्लू वर्ड होटल के पास जय माँ हार्डवेयर के दुकान का संचालक हूँ। दिनांक 03/07/2024 दिन बुधवार को शाम 6:30 बजे में अपने साला दिलीप कुमार पिता सूरज प्रजापति ग्राम हेठ लोटो, थाना-लातेहार, जिला-लातेहार के साथ अपनी




हार्डवेयर की दुकान में बैठा था। उसी समय पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशीभूषण मेहता अपने सहयोगियों के साथ दुकान में घुस गया एवं घुसते ही वह (डॉ. कुशवाहा शशीभूषण मेहता) तथा उसके साथ आए संतोष ड्राइवर, सरोज चटर्जी और एक अन्य व्यक्ति (जिसका नाम ज्ञात नहीं है) मेरे दुकान का समान फेंकने लगे और पीटने लगे।पीटने के बाद मेरे दुकान से ताला लेकर जबरदस्ती दुकान बंद कर दिये। उसके बाद मुझे लेकर मेरे घर पर आए तथा मेरे घर में घुस कर मेरे सामने मेरी माँ कमली देवी एवं मेरी भाभी सोनी देवी का बाल पकड़ कर पटक दिया तथा उन लोगों के साथ भी मारपीट किया। जब आस-पास के लोग आने लगे तो मुझे अपने जिप्सी गाड़ी में जोर-जबरजस्ती बैठाया तथा मुझे एवं मेरा मोटर साइकिल लेकर वहाँ से चल दिया। पूरे रास्ते में हमारे साथ मारपीट करते हुए, रात के लगभग 10 बजे बीजूपाडा, जिला राँची ने गया। बीजूपाडा में मेरे भाई जनकधारी प्रजापति रहते हैं। वहां पर विधायक शशिभूषण मेहता और उसके साथ आये तीनों व्यक्ति मेरे भाई को भी मारने-पीटने लगे और विधायक शशिभूषण मेहता कहने लगा कि साला तुम लोगों की इतनी हिम्मत और औकात हो गयी है कि मेरी गाड़ी नहीं चलायेगा। वहां पर हम दोनों भाइयों को बहुत पीटा और गाली-गलौज किया। हमारे भाई जनकधारी प्रजापति और मुझे थाना-ओरमांझी, जिला-राँची ने जाकर हाजत में बंद करा दिया और जनकधारी प्रजापति पर अपनी पुत्री डॉ0 सिम्मी मेहता के द्वारा चोरी का झूठा केस दर्ज करवा कर जेल भेजवा दिया। मुझे छोड़ दिया गया और कहा कि अगर केस किया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा।इधर झारखंड कुम्हार समन्वय समिति ने कहा कि इस मामले में विधायक शशिभूषण मेहता जब तक जेल नहीं जायेंगे तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# सिंधुदूर्ग जिले के घने जंगल में पेड़ से बंधी मिली अमेरिकन महिला



**एजेंसी**

**मुंबई :** सिंधुदूर्ग जिले के सावंतवाड़ी की कराड़ी पहाड़ी के घने जंगल में एक अमेरिकन महिला को पेड़ से लोहे की जंजीर से बंधी हालत में बरामद किया गया है। उसने तमिलनाडु के एक व्यक्ति से शादी की थी, जिसने उसे इंजेक्शन देकर बेहोश करने के बाद जंगल में इस हालत में छोड़ दिया था। बचाई गई विदेशी महिला के बारे में सावंतवाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम गहन छानबीन कर रही है। पुलिस ने इसकी जानकारी भारत में अमेरिकी दूतावास को दी है। सिंधुदूर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक शौरभ अग्रवाल ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि सावंतवाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम ने कराड़ी के घने जंगल में पेड़ से लोहे की जंजीर से बंधी अमेरिकी महिला को छुड़ाकर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था।

विदेशी महिला की मानसिक स्थिति के साथ ही उसका शरीर बहुत ही कमजोर हो गया है, इसलिए उसे आज सुबह ओरोस जिला अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। मानसिक हालत ठीक न होने से वह ठीक से बोल नहीं पा रही है। इस मामले की गहन छानबीन की जा रही है, पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंची है। सूत्रों के अनुसार शनिवार को महिला की हालत में कुछ सुधार होने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ करनी चाही लेकिन महिला कुछ भी बोल पाने में असमर्थ थी। इसके बाद विदेशी महिला ने कागज और पेन मांगा और पुलिस को अपना संक्षिप्त बयान लिख कर दिया। महिला के लिखित बयान के अनुसार उसके पति ने ही पहले उसे इंजेक्शन लगाया और उसे जंगल में लाकर पेड़ से बांध दिया था। महिला का दावा है कि उसके पति ने उसे पिछले 40 दिनों से भूखा रखा था। विदेशी महिला ने खुद को अमेरिकन बताया है और उसका राशन कार्ड तमिलनाडु का पाया गया है।

इसलिए पुलिस की एक टीम इस मामले की हर एंगल से छानबीन कर रही है। पुलिस की एक टीम आज तमिलनाडु गई है।

## पंजाब पुलिस व बीएसएफ ने गुरदासपुर में बरामद की हेरोइन और हथियारों की खेप, दो तस्कर पकड़े

**चंडीगढ :** पंजाब पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स तथा बीएसएफ ने सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त ऑपरेशन चलाकर पाकिस्तान से भेजी हेरोइन और हथियारों की खेप बरामद की है। इसके साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के अनुसार तस्करों से 540 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट, एक पिस्टल, एक मैगजीन और 5 कारतूस बरामद हुए हैं। जोरावर सिंह ने पूछताछ दौरान बताया कि इस खेप को पाकिस्तान में बैठे तस्करों ने ड्रोन के जरिए सप्लाई किया था, जिसे उसने अपने साथी थाना डेरा बाबा नानक के गांव अगवान निवासी जर्मन सिंह के साथ मिल कर 26 जुलाई को दीनानगर के सरहदी गांव चौंतरा में एक गन्ने के खेत से हासिल की। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

